- एल्फ्रेड गेल ने विशेष रूप से आदिवासी समाज का अध्ययन किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के धोराई गाँव का अध्ययन किया। साप्ताहिक बाजार का दृश्य सामाजिक सम्बंधों को दर्शाता है। बाजार में बैठने यानि दुकान लगाने। स्थानों का क्रम इस प्रकार होता है जिससे उनके सामाजिक संस्तरण, प्रस्थित तथा बाजार व्यवस्था का स्पष्ट पता चलता है। उनके अनुसार बाजार का महत्व सिर्फ इसकी आर्थिक क्रियाओं तक सीमित नहीं है। यह उस क्षेत्र के अधिक्रमित अंतर समूहों के सामाजिक सम्बन्धों का प्रतीकात्मक चित्रण करता हैं।



**4. पूर्व उपनिवेशिक और उपनिवेशिक भारत में जाति आधारित बाज़ार एवं व्यापारिक तंत्र**

- उपनिवेशवाद के दौरान भारत में प्रमुख आर्थिक परिवर्तन हुए। ऐतिहासिक शोध यह दिखाते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था का मौद्रीकरण उपनिवेशिकता के ठीक पहले से ही विद्यमान था। बहुत से गांवों में विभिन्न प्रकार की गैर-बाजारी विनिमय व्यवस्था जैसे जजमानी व्यवस्था मौजूद थी। पूँजीवादी व्यवस्था ने अपनी जड़ें जमानी शुरु कर दी थी।
- पूर्व उपनिवेशिक व उपनिवेशिक बाजार व्यवस्था : भारत हथकरघा कपड़ों का मुख्य निर्माता व निर्यातक था। पारम्परिक व्यापारिक समुदायों व जातीयों की अपनी कर्ज व बैंक व्यवस्था थी। इसका मुख्य साधन हुड़ी या विनिमय बिल होता है। उदाहरण - तमिलनाडु के नाकरट्टार ।
- भारत का पारम्परिक व्यापारिक समुदाय : वैश्य, पारसी, सिन्धी, बाहरा, जैन आदि। व्यापार अधिकतर जाति एवं रिश्तेदारों के बीच होता है।

**5. उपनिवेशवाद और नए बाजारों को आविर्भाव :**

- भारत में उपनिवेशवाद के प्रवेश से अर्थव्यवस्था में भारी उथल-पूथल हुई जो उत्पादन, व्यापार और कृषि को तितर-बितर करने का कारण बनी।
- हस्तकरघा उद्योग का पूरी तरह से खत्म हो जाना इंग्लैण्ड से मशीनों द्वारा निर्मित सस्ते कपड़ो का भारतीय बाज़ारो में भारी मात्रा में आगमन हस्ताकरघा उद्योग को नष्ट कर गया। भारत की विश्व पूँजीवादी अर्थव्यवस्था से जुड़ने की शुरूआत हुई थी। भारत कच्चे माल और कृषि उत्पादों को मुहैया करवाने का एक बड़ा उपभोक्ता बन गया।
- बाजार अर्थव्यवस्था के विस्तार के कारण नए व्यापारी समूह का उदय हुआ जिन्होंने व्यापार के अवसरों को नहीं गवाया। जैसे - मारवाड़ी समुदाय।
- मारवाड़ियों का प्रतिनिधित्व बिड़ला परिवार जैसे नामी औद्योगिक घरानों से है। उपनिवेशकाल के दौरान ही मारवाड़ी एक सफल व्यापारिक समुदाय बने। उन्होंने सभी सुअवसरों का लाभ उठाया। आज भी भारत में किसी अन्य समुदाय की तुलना में मारवाड़ियों की उद्योग में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है।

6. **पूंजीवाद :** एक सामाजिक व्यवस्था के रूप में :

- कालमार्क्स के अनुसार- अर्थव्यवस्था चीजों से नहीं बल्कि लोगों के बीच रिश्तों से बनती है। मजदूर अपनी श्रम शक्ति को बाजार में बेचकर मजदूरी कमाते हैं।

  (अ) उत्पादन विधि → सम्बन्धों का बनना → वर्ग का बनना।

  (ब) पूँजीवाद → पूँजीवादी → मजदूर

  (मालिक) (दिहाड़ी मजदूर)

  शोषण

  अतिरिक्त कीमत

- **पण्यीकरण (वस्तुकरण) :** पहले कोई वस्तु बाजारों में बेची या खरीदी नहीं जाती थी, लेकिन अब वह खरीदी व बेची जा सकती है। इसके पण्यीकरण कहते हैं। जैसे श्रम व कौशल, किडनी तथा अन्य मानव अंग।

- **उपभोग :** उपभोक्ता अपनी सामाजिक, आर्थिक या सांस्कृति के अनुसार कुछ विशेष वस्तुओं को खरीद या प्रदर्शित कर सकता है व विज्ञापनों का भी प्रयोग किया जाता है।

- **प्रतिष्ठा का प्रतीक :** उपभोक्ता अपने खाने, पीने, पहनने, रहने आदि के लिए किस कोटि की वस्तुएं खरीदता है, इसके उनकी माली हालत का पता चलता है, यही प्रतिष्ठा का प्रतीक कहलाता है। जैसे –सेलफोन, नये मॉडल की कार आदि।

7. **भूमंडलीयकरण :** देश की अर्थव्यवस्था का विश्व की अर्थव्यवस्था से जुड़ना भूमडलीकरण कहलाता है। इसके कारण हैं- आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, प्रौद्योगिकी, संचार, जिसके कारण दूरियाँ कम हो गई एवं एकीकरण हुआ है।

- सम्पूर्ण विश्व एक वैश्विक गाँव में तब्दील हो गया है। आजकल वस्तुओं और सेवाओं की खरीद-फरोख्त के लिए आभासी बाजार का प्रचलन बढ़ गया है।

- आभासी बाजार से तात्पर्य इंटरनेट, वेब साइट्स के माध्यम से वस्ताुअें और सेंवाआं की खरीदारी करना इस तरह के बाजार में क्रेता व विक्रता प्रत्यक्ष रूप से हाजिर नहीं होते है। शेयर बाजार इसका उदाहरण है।

- आज भारत सॉफ्टवेयर सेवा उद्योग तथा बिजनेस प्रोसेस आउट सोर्सिंग उधोग

जैसे कॉल सेन्टर के माध्यम से वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ा हुआ है।

- कॉल सेन्टर एक ऐसा केन्द्रियकृत स्थान होता है जहाँ उपभोक्ताओ को विभिन्न सेवाओं तथा उत्पादो की जानकारी प्राप्त होती है।

**8. उदारीकरण :** वह प्रक्रिया जिसमें सरकारी विभागों का निजीकरण, पूंजी, व्यापार व श्रम में सरकारी दखल का कम होना, विदेशी वस्तुओं के आयात शुल्क में कमी करना और विदेशी कम्पनियों को भारत में उद्योग स्थापित करने की इजाजत देना आदि सम्बन्धित प्रक्रियाएँ उदारीकरण कहलाता है।

- **लाभ :**
  1. विदेशी वस्तुएँ उपलब्ध होना।
  2. विदेशी निवेश का बढ़ना।
  3. आर्थिक विकास
  4. रोजगार बढ़ना
- **हानियाँ :**
  1. भारतीय उद्योग विदेशी कम्पनियों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाते जैसे कार, इलेक्ट्रोनिक सामान आदि।
  2. बेरोजगारी भी बढ़ सकती है।
- **समर्थन मूल्य :** किसानों की उपज का सरकार उचित मूल्य (न्यूनतम) सुनिश्चित करती है, जिसे समर्थन मूल्य कहते हैं।
- **सब्सिडी :** सरकार द्वारा दी गई सहायता सब्सिडी कहलाती है। किसानों को इसे उर्वरकों, डीजल तथा बीच का मूल्य कम करके दिया जाना, एल.पी.जी. बिजली आदि

## प्रश्नावली

## 1 अंक के प्रश्न

1. **कथन सही करें–**

   (a) जो सप्ताह में **तीन** बार लगे उसे साप्ताहिक बाजार कहते हैं।

   (b) मुक्त बाजार में सभी प्रकार के नियम **लागू** होते हैं।

(c) जनजातीय बाजार सिर्फ **आर्थिक संस्था** है।

(d) पूँजीवाद में मजदूरों का शोषण **नहीं** होता है।

2. "हुंडी" निम्नलिखित में से क्या है–

(a) कर्ज पत्र (b) व्यापार पत्र

(c) बैंक पत्र (d) उपरोक्त तीनों

3. जाति आधारित व्यापारिक तंत्र का उदाहरण है–

(a) नाकरट्टर (b) वोक्कालिंग

(c) यादव (d) रेड्डी

4. भारत में हस्तकरघा उद्योग पूरी तरह से खत्म हुआ–

(a) मशीनों के आने से

(b) कच्चा माल इंग्लैण्ड जाने से

(c) अंग्रेजों के जाने से

(d) भारतीय बाजार में सिल्क उत्पाद जाने से

5. इनमें से प्रतिष्ठा का प्रतीक का उदाहरण नहीं है–

(a) सेलफोन (b) नये मॉडल की कार

(c) महँगी घड़ी (d) समाज में उच्च स्थिति

6. देश की अर्थव्यवस्था का विश्व की अर्थव्यवस्था से जुड़ना ................ कहलाता है।

7. ................ एक ऐसा केन्द्रीयकृत स्थान होता है जहाँ उपभोक्ताओं को विभिन्न सेवाओं तथा उत्पादों की जानकारी प्राप्त होती है।

8. किसानों की उपज का सरकार उचित मूल्य सुनिश्चित करती है जिसे ........... कहते हैं।

9. आभासी बाजार का एक उदाहरण ................ बाजार है।

10. ................ ने खुले व्यापार का समर्थन किया।

11. किसके अनुसार छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के धोराई गाँव के साप्ताहिक बाजार का दृश्य सामाजिक संबंधों को दर्शाता है।

(a) एडम स्मिथ (b) एल्फ्रेड गेल

(c) मैक्स बेबर (d) कार्ल मार्क्स

## 2 अंक प्रश्न

1. पूँजीवादी किसे कहते हैं?
2. जजमानी प्रथा क्या होती है?
3. बाजारीकरण क्या होता है?
4. उपनिवेशवाद किसे कहते हैं?
5. उन तथ्यों (कारणों) को बताइये जिससे विश्व की दूरियाँ कम हुई हैं।
6. सब्सिडी व समर्थन मूल्य में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
7. अदृश्य हाथ का क्या तात्पर्य है?
8. अतिरिक्त मूल्य किसे कहते हैं?
9. हुण्डी क्या है?
10. लेस-ए-फेयर को परिभाषित कीजिए।
11. आभासी बाजार से क्या तात्पर्य है?
12. प्रतिष्ठा का प्रतीक को समझाएँ।

## 4 अंक प्रश्न

1. पण्यीकरण की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।
2. व्यापार की सफलता में जाति एवं नातेदारी संपर्क कैसे योगदान कर सकती है?
3. उपनिवेशवाद के आने के पश्चात् भारतीय अर्थव्यवस्था किन अर्थों में बदली?
4. गाँव में लगने वाले बाज़ार - एक सामाजिक संस्था हैं। समझाएँ।
5. बाजार पर समाज शास्त्री दृष्टिकोण, आर्थिक दृष्टिकोण से किस प्रकार भिन्न हैं?

6. भूमंडलीकरण के तहत कौन–कौन सी प्रक्रिया सम्मिलित हैं?

7. समाज शास्त्री बाजार को एक सामाजिक संस्था क्यों कहते हैं?

## 6 अंक प्रश्न

1. कृषक समाज में साप्ताहिक बाजार एक सामाजिक व आर्थिक संगठन का केन्द्र बिन्दु है। वर्णन कीजिए।

2. उदारीकरण के लाभ व कमियों (हानियों) को बताइये।

3. क्या आपकी राय में उदारीकरण के दूरगामी लाभ उसकी लागत की तुलना से अधिक हो जाएंगे? व्याख्या कीजिए।

## पाठ 4

# सामाजिक असमानता ( विषमता ) एवं बहिष्कार के स्वरूप

**मुख्य बिन्दु**

**1. सामाजिक असमानता :**

- सामाजिक विषमता व बहिष्कार हमारे दैनिक जीवन में प्राकृतिक व वास्तविकता है।
- प्रत्येक समाज में हर व्यक्ति की सामाजिक प्रस्थिति एक समान नहीं होती है। समाज में कुछ लोगों के पास तो धन, सम्पत्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, सत्ता और शक्ति जैसे साधनों की अधिकता होती है तो दूसरी ओर कुछ लोगों के पास इनका नितान्त अभाव रहता है तो कुछ लोगों की स्थिति बीच की होती है।
- सामाजिक विषमता व बहिष्कार सामाजिक इसलिए है–
  - ये व्यक्ति से नहीं समूह से सम्बन्धित है।
  - ये व्यवस्थित व संरचनात्मक हैं।
  - ये आर्थिक नहीं हैं।
- सामाजिक संसाधनों को तीन रूपों में विभाजित किया जा सकता है–

  (अ) भौतिक संपत्ति एवं आय के रूप में आर्थिक पूंजी

  (ब) प्रतिष्ठा व शैक्षेणिक योग्यता के रूप में सांस्कृतिक पूंजी।

  (स) सामाजिक संगतियों व संपर्कों के जाल के रूप में – सामाजिक पूंजी।
- सामाजिक विषमता : सामाजिक संसाधनों तक असमान पहुँच की पद्धति सामाजिक विषमता कहलाती है।

**2. सामाजिक स्तरीकरण :**

- वह व्यवस्था जो एक समाज के अंतर्गत पाए जाने वाले समूहों का ऊँच–नीच या छोटे–बड़े के आधार पर विभिन्न स्तरों पर बँट जाना ही सामाजिक स्तरीकरण कहलाता है।

- स्तरीकरण (सामाजिक) के तीन मुख्य सिद्धान्त विशेषताएँ।
- सामाजिक स्तरीकरण व्यक्तियों के बीच की विभिन्नता का प्रकार्य नहीं बल्कि समाज की विशिष्टता है।
- सामाजिक स्तरीकरण पीढ़ी दर पीढ़ी बना रहता है।
- सामाजिक स्तरीकण को विश्वास या विचारधारा द्वारा समर्थन मिलता है।

- पूर्वाग्रह – एक समूह के सदस्यों द्वारा दूसरे समूह के बारे में पूर्वकल्पित विचार या विश्वास को पूर्वाग्रह कहते हैं। जैसे – यहूदी ओर मारवाड़ी कंजूस होते हैं।
- पूर्वाग्रह अपरिर्वतनीय, कठोर व रूढ़िवद्ध धारणाओं पर आधारित होते हैं।
- रूढ़धारणाएँ:– ऐसा लोक विश्वास, समूह स्वीकृत कोई अचल विचार या भावना जो सामान्यत: शाब्दिक तथा संवेगयुक्त होती हैं रूढ़धारणा कहलाती है। यह ज्यादातर महिलाओं, नृजातीय, प्रजातीय समूहों के बारे में प्रयोग की जाती है।
- भेदभाव:– किसी समूह के सदस्यों को उनके लिंग, जाति या धर्म के आधार पर अवसरों तथा सुविधाओं से वंचित रखा जाना भेदभाव कहलाता है।

3. **सामाजिक बहिष्कार:–**

- वह तौर तरीके जिनके जरिए किसी व्यक्ति या समूह को समाज में पूरी तरह घुलने मिलने से रोका जाता है या अलग रखा जाता है यह आकस्मिक न होकर व्यवस्थित तथा अनैच्छिक होता है।
- सामाजिक बहिष्कार आकस्मिक नहीं होता, यह व्यवस्थित तथा अनैच्छिक होता है। लम्बे समय तक विषमता, के कारण निष्कासित समाज में प्रतिशोध व घृणा की भावना पैदा हो जाती है, जिस कारण निष्कासित समाज अपने–आप को मुख्य धारा से जोड़ने की कोशिश नहीं करते। जैसे–दलित, जनजातीय समुदाय, महिलाएँ तथा अन्यथा सक्षम लोग।

**4. जाति एक भेदभावपूर्ण व्यवस्था है।**

- जाति प्रथा जन्म से ही निर्धारित होता है न कि उस मनुष्य की क्या स्थिति है।
- जाति व्यवस्था व्यक्तियों का व्यवसाय निर्धारित करती है।
- सामाजिक व आर्थिक प्रस्थिति एक–दूसरे के अनुरूप होती है।

5. **अस्पृश्यता**– आम बोलचाल में छुआछूत कहा जाता है। धार्मिक एवं कर्मकांडीय दृष्टि से शुद्धता व अशुद्धता के पैमाने पर सबसे नीची जाने वाली जातियों के विरूद्ध अत्यन्त कठोर सामाजिक दंडों का विधान किया जाता है। इसे अस्पृश्यता कहते है।

- अस्पृश्यता शब्द का प्रयोग ऐसे लोगों के लिए किया गया है जिन्हे अपवित्र, गन्दा और अशुद्ध माना जाता था। ऐसे लोगों को कुओं, मन्दिरों और सार्वजनिक स्थानों पर प्रवेश निषेध था।
- गाँधी जी ने इन लोगों के लिए हरिजन शब्द का प्रयोग किया था किन्तु आजकल दलित शब्द का प्रयोग किया जाता है।
- दलित का शब्दिक अर्थ है– 'पैरो से कुचला हुआ।'
- भारतीय संविधान (1956) के अनुसार जाति अस्पृश्यता निषेध है।
- महात्मा गाँधी, डॉ अम्बेडकर और ज्योतिबा फूले ने अस्पृश्यता निवारण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया।
- अस्पृश्यता के आयाम–

  **अपवर्जन या बहिष्कार :** पेयजल के सामान्य स्त्रोतों से पानी नहीं लेने दिया जाता। सामाजिक उत्सव, समारोहों में भाग नहीं ले सकते। धार्मिक उत्सव पर ढोल–नगाड़े बजाना।

  **अनादर और अधीनतासूचक :** टोपी या पगड़ी उतारना, जूतो को उतारकर हाथ में पकड़कर ले जाना, सिर झुकाकर खड़े रहना, साफ या चमचमाते हुए कपड़े नहीं पहनना।

  **शोषण व आश्रिता :** उन्हें 'बेगार' करनी पड़ती है जिसके लिए उन्हें कोई पैसा नहीं दिया जाता या बहुत कम मज़दूरी दी जाती है।

  **दलित :** वह लोग जो निचली पायदान (जाति व्यवस्था में) पर है तथा शोषित है, दलित कहलाते हैं।

6. **जातियों व जन जातियों के प्रति भेदभाव मिटाने के लिए राज्य द्वारा उठाए गए कदमः–**

   (1) अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए राज्य व केन्द्रीय विधान–मंडलों में आरक्षण।

(2) सरकारी नौकरी में आरक्षण

(3) अस्पृश्यता (अपराध) 1955

(4) 1850 का जातिय निर्योग्यता निवारण अधिनियम

(5) अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अस्पृश्यता उन्मूलन कानून–1989

(6) उच्च शैक्षिक संस्थानों के 93वें संशोधन के अंतर्गत अन्य पिछड़े वर्ग को आरक्षण देना।

- गैर सरकारी प्रयास व सामाजिक आन्दोजनः–
- स्वाधीनता पूर्व– ज्योतिबाफूले, पेरियार, सर सैयद अहमद खान, डॉ. अम्बेडकर, महात्मा गांधी, राजाराम मोहन राय आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।
- उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी, कर्नाटक में दलित संघर्ष समिति
- विभिन्न भाषाओं के साहित्य से योगदान

7. **अन्य पिछड़ा वर्ग–** सामाजिक, शैक्षिक रूप से पिछड़ी जातियों के वर्ग, को अन्य पिछड़ा वर्ग कहा जाता है इसमें सेवा करने वाली शिल्पी जातियों के लोग शामिल है।

- इन वर्गों की प्रमुख विशेषता संस्कृति, शिक्षा, और सामाजिक दृष्टि से इनका पिछड़ापन है। ये वर्ग न तो अगड़ी जाति में आते हैं न ही पिछड़ी जाति में आते है।
- काका साहेब कालेलकर की अध्यक्षता से सबसे पहले " पिछड़े वर्ग आयोग" का गठन किया था। आयोग ने अपनी रिपोर्ट 1953 में सरकार को सौंप दी थी।
- 1979 में दूसरा पिछड़ा वर्ग आयोग (मंडल आयोग) गठित किया।
- आज अन्य पिछड़े वर्गों के बीच भारी विषमता देखने को मिलती है। एक ओर तो OBC का वह वर्ग है जो धनी किसान है तो दूसरी ओर गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहा दूसरा वर्ग है।

8. **भारत में जनजातीय जीवनः–**

- भारतीय संविधान के अनुसार निर्धनता, शक्ति हीनता व सामाजिक लांछन से पीड़ित सामाजिक समूह है। इन्हें जनजाति भी कहा जाता है।

  जनजातियों को प्राय– 'वनवासी' और आदिवासी जाना जाता है।

- आन्तरिक उपनिवेशवाद- आदिवासी समाज ने प्रगति के नाम पर आन्तरिक उपनिवेशवाद का सामना किया। भारत सरकार ने वनों का दोहन, खदान कराखानें, बांध बनाने के नाम पर उनकी जमीन का अधिग्रहण किया तथा उनका पलायन हुआ।

  आदिवासियों की समस्याओं से जुड़े प्रमुख मुद्देः-

  (1) राष्ट्रीय वन नीति बनाम आदिवासी विस्थापन

  (2) आदिवासी क्षेत्रों में सघन औद्योगीकरण की नीति

  (3) आदिवासियों में सजातीय राजनीतिक जागरूकता के दर्शन।

9. **स्त्रियों के अधिकारों व उनकी स्थिति के लिए उन्नीसवीं सदी में सुधार आन्दोलन हुआः-**

   - स्त्री-पुरुष में असमानता सामाजिक है, न कि प्राकृतिक यदि स्त्री-पुरुष प्राकृतिक आधार पर असमान है तो क्यों कुछ महिलाएँ समाज में शीर्ष स्थान पर पहुँच जाती है। दुनिया या देश में ऐसे भी समाज है जहाँ परिवारों में महिलाओं की सत्ता व्याप्त है जैसे केरल के 'नायर' परिवारों में और मेघालय की 'खासी' जनजाति। यदि महिला जैविक या शारीरिक आधार पर अयोग्य समझी जाती हो तो कैसे वह सफलतापूर्वक कृषि और व्यापार को चला पातीं संक्षेप में, यह कहना न्याय संगत होगा कि स्त्री-पुरुष के बीच असमानता के निर्धारण में जैविक/प्राकृतिक या शारीरिक तत्वों की कई भूमिका नहीं है।
   - राजा राम मोहन राय ने सती प्रथा तथा बाल विवाह का विरोध किया तथा विधवा विवाह का समर्थन किया।
   - ज्योतिबा फूले ने जातिय व लैंगिक अत्याचारों के विरोध में आन्दोलन किया।
   - सर सैयद अहमद खान ने इस्लाम में सामाजिक सुधारों के लिए लड़कियो के स्कूल तथा कॉलेज खोले।
   - दयानंद सरस्वती ने नारियों की शिक्षा में योगदान दिया।
   - रानाडे ने विधवा विवाह पुनर्विवाह पर जोर दिया।
   - ताराबाई शिंदे ने "स्त्री-पुरूष तुलना" लिखी जिसमें गलत तरीके से

पुरूषों को ऊँचा दर्जा देने की बात कही गई।

- बेगम रोकेया हुसैन ने 'सुल्तानाज ड्रीम नामक किताब लिखी जिसमें हर लिंग को बराबर अधिकार देने पर चर्चा की गई है।
- 1931 में कराची में भारतीय कांग्रेस द्वारा एक अध्यादेश जारी करके स्त्रियों को बराबरी का हक देने पर बल दिया गया। सार्वजनिक रोजगार, शक्ति या सम्मान के संबंध में निर्योग्य नहीं ठहराया जाएगा।
- 1970 में काफी अहम मुद्दे पर जोर दिया गया जैसे- पुलिस हिरासत में बलात्कार, दहेज, हत्या आदि। स्त्रियों को मत डालने, सार्वजनिक पदधारण करने का अधिकार होगा।

10. **अक्षमता ( विकलांगता ):-** शारीरिक, मानसिक रूप से बाधित व्यक्ति, इसलिए अक्षम कहलाते हैं क्योंकि वे समाज की रीतियों व सोच के अनुसार जरूरत को पूरा नहीं करते।

- निर्योग्यता/अक्षमता को एक जैविक कमजोरी माना जाता है।
- जब कभी किसी अक्षम व्यक्ति के समक्ष कई समस्याएँ खड़ी होती है तो यह मान लिया जाता है कि ये समस्याएँ उसकी बाधा या कमजोरी के कारण ही उत्पन्न हुई है।
- अक्षम व्यक्ति को हमेशा शिकार यानी पीड़ित व्यक्ति के अपने प्रत्यक्ष ज्ञान से जुड़ी है।
- यह माना जाता है कि निर्योग्यता उस निर्योग्य व्यक्ति के अपने प्रत्यक्ष ज्ञान से जुड़ी है।
- निर्योग्यता तथा गरीबी के बीच काफी निकट संबंध देखा गया है क्योकि गरीबी के कारण ही माताएँ कुपोषण का शिकार होती है और दुर्बल व अविकसित बच्चों को जन्म देती है। जो बडे होकर विक्लांग लोगों की संख्या को बढ़ाते है।
- सरकार इनके लिए विभिन्न कार्यक्रम प्रदान करती है- जैसे- शिक्षा, रोजगार, व्यावसायिक

# प्रश्नावली

## 1 अंक के प्रश्न

1. **कथन सही करें–**

   (a) रानाडे ने **सती प्रथा** के विरुद्ध आंदोलन चलाया।

   (b) आम बोलचाल में अस्पृश्यता को छुआछूत **नहीं** कहा जाता।

   (c) सामाजिक विषमता व बहिष्कार सामाजिक इसलिए है क्योंकि ये **व्यक्ति** से संबंधित है।

   (d) जाति एक भेदभाव पूर्ण **व्यवस्था नहीं है।**

2. दलित का शाब्दिक अर्थ ............... है।

3. एक समूह के सदस्यों द्वारा दूसरे समूह के बारे में पूर्वकल्पित विचार या विश्वास को ............... कहते है।

4. वह व्यवस्था जो एक समाज के अंतर्गत पाए जाने वाले समूहों का ऊँच-नीच या छोटे-बड़े के आधार पर विभिन्न स्तरों पर बँट जाना ही ............... कहलाता है।

5. गाँधी जी ने अस्पृश्य लोगों के लिए ............... शब्द का प्रयोग किया।

6. 1882 में ............... ने स्त्री-पुरुष तुलना नामक पुस्तक लिखी।

7. सामाजिक व शैक्षिक रूप से पिछड़ी जातियों को कहा जाता है।

   (a) अन्य पिछड़ा वर्ग (b) अनुसूचित जाति

   (c) अनुसूचित जनजाति (d) दलित

8. अस्पृश्यता के आयाम हैं–

   (a) अपवर्जन व बहिष्कार (b) अनादर

   (c) शोषण (d) उपरोक्त तीनों

9. किसके द्वारा जातीय व लैंगिक अत्याचारों के विरोध में आंदोलन किया।

   (a) ज्योतिबा फुले (b) राजा राम मोहन राय

   (c) दयानंद सरस्वती (d) रानाडे

10. इनकी अध्यक्षता में सबसे पहले पिछड़े वर्ग आयोग का गठन किया गया।

(a) काका साहेब कालेलकर (b) बी.पी. मण्डल

(c) सर सैयद अहमद खान (d) महात्मा गाँधी

11. जातियों व जनजातियों के प्रति भेदभाव मिटाने के लिए राज्य द्वारा उठाए गए कदम है–

(a) आरक्षरण व कानून द्वारा

(b) समाज सुधारकों द्वारा

(c) राजनीतिक पार्टी द्वारा

(d) विभिन्न भाषाओं के साहित्य से योगदान द्वारा

## 2 अंक प्रश्न

1. सामाजिक विषमता व बाहिष्कार में क्या सामालिक है?
2. विभिन्न सामाजिक संसाधन क्या है?
3. निम्न का अर्थ बताइए।

   (अ) पूर्वाग्रह (ब) भेदभाव (स) रूढ़िबद्ध धारणाएँ
4. सामाजिक बहिष्कार किसे कहते है?
5. अस्पृश्यता क्या है? (Outside Delhi 2018)
6. जाति व आर्थिक असमानता के बीच क्या सम्बन्ध है?
7. दलित किसे कहते हैं?
8. राज्य द्वारा अनुसूचित जाति व जनजाति को किस तरह का आरक्षण दिया गया है?
9. जातीय विषमता को दूर करने के लिए गैर राजकीय संगठनों की क्या भूमिका रही है?
10. अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) कौन है? या O.B.C को परिभाषित करने के मानदंड क्या है? (Outside Delhi-2018)

11. 'आदिवासी' से आप क्या समझते है?

12. अक्षमता व गरीबी में क्या सम्बन्ध है?

13. गाँधी जी ने अस्पृश्य लोगों को क्या कहकर पुकारा?

## 4 अंक प्रश्न

1. सामाजिक स्तरीकरण की कुछ विशेषताए बताईए।
2. नारी से सम्बन्धित कौन-कौन से मुद्दे हैं?
3. जाति व्यवस्था एक भेदभावपूर्ण व्यवस्था है। वर्णन करें?
4. जातीय व जनजातीय विषमता को दूर करने में राज्य द्वारा उठाये गए कदमों की विवेचना कीजिए।
5. स्त्री व पुरूष में असमानता सामाजिक है, न कि प्राकृतिक, उदाहरण सहित व्याख्या करें।
6. अक्षमता के प्रति आम व्यक्ति के क्या विचार है? विस्तार से लिखिए।
7. स्त्रियों को समानता का अधिकार देने के लिए 1931 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कराची अधिवेशन के बारे में बताए?
8. 'स्त्री-पुरुष तुलना' नामक पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई? यह पुस्तक क्या दर्शाती है?
9. 'सुलताना ड्रीम्स' नामक पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई? यह पुस्तक क्या दर्शाती है?

## 6 अंक प्रश्न

1. उपनिवेश काल के दौरान नारी सम्बन्धित मुद्दों को सामाजिक सुधार आंदोलनों किस प्रकार उठाए?
2. अस्पृश्यता को परिभाषित कीजिए? इसके आयाम भी लिखे।
3. आदिवासियों की समस्याओं से जुड़े प्रमुख मुद्दे कौन से है?
4. नारी आंदोलन ने अपने इतिहास के दौरान कौन-कौन से मुद्दे उठाए हैं?
5. सामाजिक स्तरीकरण की विशेषताओं को समझाएँ?

## पाठ 5

# सांस्कृतिक विविधता की चुनौतियाँ

**मुख्य बिन्दु**

1. ● 'विविधता' शब्द असमानताओं के बजाय अंतरों पर बल देता है। जब हम यह कहते है कि भारत एक महान सांस्कृतिक विविधता वाला राष्ट्र है वो हमारा तात्पर्य यह होता है कि यहाँ अनेक प्रकार के सामाजिक समूह एवं समुदाय निवास करते है।

● भारत में सांस्कृतिक विविधता की झलक:- भारतम में विभिन्न प्रदेशों में भाषा, रहन-सहन, खानपान, वेश-भूषा, प्रथा, परम्परा, लोकगीत, लोकगाथा, विवाह प्रणाली, जीवन संस्कार, कला, संगीत तथा नृत्य में भी हमें अनेक रोचक व आकर्षक भेद देखने को मिलते है।

● भारतीय राष्ट्र राज्य सामाजिक तथा सांस्कृतिक दृष्टि से विश्व के सर्वाधिक विविधतापूर्ण देशों में से एक है।

● जनसंख्या की दृष्टि से विश्वभर में इसका स्थान दूसरा है।

● यहाँ के एक अरब से ज्यादा लोग कुल मिलाकर लगभग 1632 भिन्न-भिन्न भाषाएँ और बोलियाँ बोलते हैं। 18 भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिया गया है।

● 80% से अधिक आबादी हिन्दुओं की है। लगभग 13.4% आबादी मुसलमानों की है। 2.3% ईसाई, 1.9% सिख, 0.8% बौद्ध, 0.4% जैन है।

● संविधान में यह घोषणा की गई है भारत एक धर्म-निरपेक्ष राज्य होगा।

● सांस्कृतिक विविधता से सम्प्रदायवाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद आदि पनपते है। एक समुदाय दूसरे समुदाय को नीचा दिखाता है।

- जैसे–नदियों के जल, सरकारी नौकरियों, अनुदानों के बंटवारे को लेकर खींचतान शुरू हो जाती है।
- रंगभेद–रंग के आधार पर भेदभाव जैसे–गोरा या काला।

**2. सामुदायिक पहचान का महत्त्वः-**

- हमारा समुदाय हमें भाषा (मातृभाषा) और सांस्कृतिक मूल्य प्रदान करता है जिनके माध्यम से हम विश्व को समझते हैं। यह हमारी स्वयं की पहचान को भी सहारा देता है।
- सामुदायिक पहचान, जन्म तथा अपनेपन पर आधारित है, न कि किसी उपलब्धि के आधार पर। यह 'हम क्या' हैं इस भाव की द्योतक है न कि हम क्या बन गए हैं।
- संभवतः इस आकस्मिक, शर्त सहित अथवा लगभग अनिवारणीय तरीके से संबंधित होने के कारण ही हम अक्सर अपनी सामुदायिक पहचान से भावनात्मक रूप से इतना गहरे जुड़े होते हैं। सामुदायिक संबंधों (परिवार, तानेदारी, जाति, नृजातीयता, भाषा, क्षेत्र या धर्म) के बढ़ते हुए और परस्पर व्यापी दायरे ही हमारी दुनिया को सार्थकता प्रदान करते हैं और हमें पहचान प्रदान करते हैं कि हम कौन हैं।

**3. राष्ट्र की व्याख्या करना सरल है पर परिभाषित करना कठिन क्यों?**

- राष्ट्र एक अनूठे किस्म का समुदाय होता है। जिसका वर्णन तो आसान है पर इसे परिभाषित करना कठिन है। हम ऐसे अनेक विशिष्ट राष्ट्रों का वर्णन कर सकते है। जिनकी स्थापना साझे–धर्म, भाषा, इतिहास अथवा क्षेत्रीय संस्कृति जैसी साझी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक ओर राजनीतिक संस्थानों के आधार पर की गई है।
- उदाहरण के लिए, ऐसे बहुत से राष्ट्र है जिनकी अपनी एक साझा या सामान्य भाषा, धर्म, नृजातीयता आदि नहीं है। दूसरी ओर ऐसी अनेक भाषाएं, धर्म या नृजातिया है जो कई राष्ट्रों में पाई जाती है। लेकिन इससे यह निष्कर्ष नहीं निकलता कि यह सभी मिलकर एक एकीकृत राष्ट्र का निर्माण करते हैं, उदाहरण के लिए सभी अंग्रेजी भाषी लोग या सभी बौद्धर्मावलंबी।
- आत्मासात्करणवादी और एकीकरणवादी रणनीतियाँः– एकल राष्ट्रीय पहचान स्थापित करने की कोशिश करती है जैसेः–

- संपूर्ण शक्ति को ऐसे मंचों में केन्द्रित करना जहाँ प्रभावशाली समूह बहुसंख्यक हो और स्थानीय या अल्पसंख्यक समूहों की स्वायत्ता को मिटाना।
- प्रभावशाली समूह की परंपराओं पर आधारित एक एकीकृत कानून एवं न्याय व्यवस्था को थोपना और अन्य समूहों द्वारा प्रयुक्त वैकल्पिक व्यवस्थाओं को खत्म कर देना।
- प्रभावशाली समूह की भाषा को ही एकमात्र राजकीय 'राष्ट्रभाषा' के रूप में अपनाना और उसके प्रयोग को सभी सार्वजनिक संस्थाओं में अनिवार्य बना देना।
- प्रभावशाली समूह की भाषा और संस्कृति को राष्ट्रीय संस्थाओं के जरिए, जिनमें राज्य नियंत्रित, जनसंपर्क के माध्यम और शैक्षिक संस्थाएँ शामिल है, बढ़ावा देना।
- प्रभावशाली समूह के इतिहास, शूरवीरों और संस्कृति को सम्मान प्रदान करने वाले राज्य प्रतीकों को अपनाना, राष्ट्रीय पर्व, छुट्टी या सड़कों आदि के नाम निर्धारित करते समय भी इन्हीं बातों का ध्यान रखना।
- अल्पसंख्यक समूहों और देशज लोगों से जमीनें, जंगल एवं मत्सय क्षेत्र छीनकर, उन्हें 'राष्ट्रीय संसाधन' घोषित कर देना।

**4. भारतीय सन्दर्भ में क्षेत्रवादः-**

- भारत में क्षेत्रवाद भारत की भाषाओं, संस्कृतियों, जनजातियों और धर्मो की विविधता के कारण पाया जाता है इसे विशेष पहचान चिन्हकों के भौगोलिक संकेद्रण के कारण भी प्रोत्साहन मिलता है ओर क्षेत्रीय वंचन का भाव अग्नि में घी का काम करना है। भारतीय संघवाद इन क्षेत्रीय भावुकताओं को समायोजित करने वाला एक साधन है।
- क्षेत्रवाद भाषा पर आधारित है-जैसे पुराना बंबई राज्य मराठी, गुजराती, कन्नड़ एवं कोंकणी बोलने वाले लोगों का बहुभाषी राज्य था। मद्रास राज्य तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम बोलने वाले लोगों से बना था।
- क्षेत्रवाद धर्म पर आधारित है।
- क्षेत्रवाद जनजातीय पहचान पर भी आधारित था जैसे सन् 2000 में छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तरांचल जनजातीय पहचान पर आधारित थे।

- इन सब तत्वों के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में तनाव रहता उदारीकरण के युग में आर्थिक विकास में निजी पूँजी निवेश को अधिक बड़ी भूमिका सौंपी गई है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि निजी निवेशकर्त्ता आमतौर पर पहले से विकसित ऐसे राज्य में पूँजी लगाना चाहते है जहाँ सुविधाएँ बेहतर हो।

5. **अल्पसंख्यक का समाजशास्त्रीय अर्थ:-** वह समूह जो धर्म, जाति की दृष्टि से संख्या में कम हो। जैसे- सिक्ख, मुस्लिम, जैन, पारसी, बौद्ध।

- अल्पसंख्यक समूहों की धारणा का समाजशास्त्र में व्यापक रूप से प्रयोग किया जाता है एवं सिफ एक संख्यात्मक विशिष्टता के अलावा और अधिक महत्त्व है- इसमें आमतोर पर असुविधा या हानि का कुछ भावनिहित है। अत: विशेषाधिकार प्राप्त अल्पसंख्यक जैसे अत्यंत धनवान लोगों को आमतौर पर अल्पसंख्यक नहीं कहा जा सकता।

- अल्पसंख्यकों को क्यों संवेधानिक संरक्षण दिया जाना चाहिए?
  - बहुसंख्यक वर्ग के जनसांख्यिकीय प्रभुत्व के कारण धार्मिक अथवा सांस्कृतिक अल्पसंख्यकों को विशेष संरक्षण की आवश्यक्ता होती है।
  - धार्मिक तथा सांस्कृतिक अल्पसंख्यक वर्ग राजनीति दृष्टि से कमजोर होते है भले ही उनकी आर्थिक या सामाजिक स्थिति कैसी भी हो, अत: इन्हें संरक्षण की आवश्यकता होती है।

- बहुसंख्यक समुदाय राजनीतिक शक्ति को हथिया लेगा और उनकी धार्मिक या सांस्कृतिक संस्थाओं को दबाने के लिए राजतंत्र का दुरुपयोग करेगा और उन्हे अपनी पहचान छोड़ देने के लिए मजबूर कर देगा।

- अल्पसंख्यको एवं सांस्कृतिक विविधता पर भारतीय संविधान का:-

**अनुच्छेद 29**

(1) भारत के राज्यक्षेत्र या उसके किसी भाषा के निवासी नागरिकों के किसी अनुभाग को, जिसकी अपनी विशेष भाषा, लिपि या संस्कृति है, उसे बनाए रखने का अधिकार होगा।

(2) राज्य द्वारा पोषित या राज्य-निधि से सहायता पाने वाली कसी शिक्षा संस्था में प्रवेश से किसी भी नागरिक को केवल धर्म, मूलवंश, जाति, भाषा या इनमें से किसी के आधार पर वंचित नहीं किया जाएगा।

**अनुच्छेद 30**

(1) धर्म या भाषा पर आधारित सभी अल्पसंख्यक-वर्गों को अपनी रूचि की शिक्षा संस्थाओं की स्थापना और प्रशासन का अधिकार होगा।

(2) शिक्षा संस्थाओं को सहायता देने में राज्य किसी शिक्षा संस्था के विरूद्ध इस आधार पर विभेद नहीं करेगा कि वह धर्म या भाषा पर आधारित किसी अल्पसंख्यक वर्ग के प्रबंध में है।

**6. सांप्रदायिकताः-**

- रोजमर्रा की भाषा में 'सांप्रदायिकता' का अर्थ है धार्मिक पहचान पर आधारित आक्रामक उग्रवाद, अपने आपमें एक ऐसी अभिवृत्ति है जो अपने समूह को ही वैध या श्रेष्ठ समूह मानती है ओर अन्य समूह को निम्न, अवैध अथवा विरोधी समझती है।
- सांप्रदायिकता एक आक्रामक राजनीतिक विचारधारा है जो धर्म से जुड़ी होती है।
- सांप्रदायिकता राजनीति से सरोकार रखती है धर्म से नहीं। यद्यपि संप्रदायिकता धर्म के साथ गहन रूप से जुड़ा होता है।
- भारत में बार-बार सांप्रदायिक तनाव फैलते हैं जो कि चिंता का विषय बना हुआ है। इसमें लूटा जाता है, बलात्कार होता है ओर लोगों की जान ली जाती है, जैसा कि 1984 में सिक्खों के साथ एवं 2002 में गुजरात के मुसलमानों के साथ हुआ, इसके अलावा भी हजारों ऐसे फसाद हुए हैं। जिसमें सदैव अल्पसंख्यकों का बड़ा नुकसान हुआ है।

**7. धर्मनिरपेक्षतावादः-**

- पश्चिमी नजरिये के अनुसार इसका अर्थ है चर्च या धर्मो को राज्य से अलग रखना। धर्म का सत्ता से अलग रखना पश्चिमी देशों के लिए एक सामाजिक इतिहास की हैसियत रखता है।
- भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्ष राज्य वह होता है। जो किसी विशेष धर्म का अन्य धर्मों की तुलना में पक्ष नहीं लेता। भारतीय भाव के राज्य के सभी धर्मों को समान आदर देने के कारण दोनों के बीच तनाव से एक तरह की कठिन स्थिति पैदा हो जाती है हर फैसला धर्म को ध्यान में रखते हुए लिया जाता है। उदाहरण के लिए हर धर्म के त्योहार पर सरकारी छुट्टी होती है।

8. **सत्तावादी राज्यः-**

- एक सत्तावादी राज्य लोकतंत्रात्मक राज्य का विपरीत होता है।
- इसमें लोगों की आवाज नहीं सुनी जाती है। और जिनके पास शक्ति होती है वे किसी के प्रति उत्तरदायी नहीं होते।
- सत्तावादी राज्य अक्सर भाषा की स्वतंत्रता, प्रेस की स्वतन्त्रता, सत्ता के दुरूपयोग से संरक्षण का अधिकार विधि (कानून) की अपेक्षित प्रक्रियाओं का अधिकार जैसी अनेक प्रकार की नागरिक स्वतंत्रताओं को अक्सर सीमित या समाप्त कर देते हैं।
- भारतीय लोगों को सत्तावादी शासन का थोड़ा अनुभव आपातकाल के दौरान हुआ जो 1975 से 1977 तक लागू रही थी।
- संसद को निलंबित कर दिया गया था। नागरिक स्वतंत्रताएँ छीन ली गई और राजनीतिक रूप सक्रिय लोग बड़ी संख्या में गिरफ्तार हुए। बिना मुकदमा चलाए जेलों में डाल दिए गए।
- जनसंचार के माध्यमों पर सेंसर व्यवस्था लागू कर दी गई थी।
- सबसे कुख्यात कार्यक्रम नसबंदी अभियान था। लोगों की शल्यक्रिया के कारण उत्पन्न हुई समस्याओं से मौत हुई।
- 1977 के प्रारंभ में चुनाव कराएँ गए तो लोगों ने बढ़-चढ़कर सत्ताधारी कांग्रेस दल के विरोध में बोट डाले।

9. **नागरिक समाजः-**

- नागरिक समाज उस व्यापक कार्यक्षेत्र को कहते हैं जो परिवार के निजी क्षेत्र से परे होता है, लेकिन राज्य और बाजार दोनों क्षेत्र से बाहर होता है।
- नागरिक समाज में स्वैच्छिक संगठन होते है।
- यह सक्रिय नागरिकता का क्षेत्र है यहाँ व्यक्ति मिलकर सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करते हैं। जैसे-गैर सरकारी संस्थाएँ, राजनीतिक दल, मीडिया, श्रमिक संघ आदि।
- नागरिक समाज के द्वारा उठाए गए मुद्दे
  - जनजाति की भूमि की लड़ाई

- पर्यावरण की सुरक्षा उदाहरण
- मानक अधिकार और दलितों के हक की लड़ाई (मुद्दे)।
- नगरीय शासन का हस्तांतरण।
- स्त्रियों के प्रति हिंसा और बलात्कार के विरूद्ध अभियान।
- बाँधों के निर्माण अथवा विकास की अन्य परियोजनाओं के कारण विस्थापित हुए लोगों का पुर्नवास।
- गंदी बस्तियाँ हटाने के विरूद्ध और आवासीय अधिकारों के लिए अभियान।
- प्राथमिक शिक्षा संबंधी सुधार।
- दलितों को भूमि का वितरण।
- राज्य को काम काज पर नजर रखने और उससे कानून का पालन करवाना।

**सूचनाधिकार अधिनियम 2005** (लोगों के उत्तर देने के लिए राज्य को बाध्य करना)

- सूचनाधिकार अधिनियम 2005 भारतीय संसद द्वारा अधिनियमित एक ऐसा कानून है जिसके तहत भारतीयों को (जम्मू और कश्मीर) सरकारी अभिलेखों तक पहुँचने का अधिकार दिया गया है।
- कोई भी व्यक्ति किसी ''सार्वजनिक प्राधिकरण'' से सूचना के लिए अनुरोध कर सकता है ओर उस प्राधिकरण से यह आशा की जाती है कि वह शीघ्रता से यानी 30 दिन के भीतर उसे उत्तर देगा।

## प्रश्नावली

## 1 अंक के प्रश्न

1. **कथन सही करें–**

(a) राष्ट्र की व्याख्या करना **कठिन** है पर परिभाषित करना **सरल** है।

(b) अल्पसंख्यक वह समूह है जो धर्म, जाति की दृष्टि से संख्या में **अधिक** होते है।

(c) सांप्रदायिकता का अर्थ "धार्मिक पहचान पर आधारित आक्रामक उग्रवाद" **नहीं** होता है।

(d) सामुदायिक पहचान **जाति** तथा **वर्ग** पर आधारित है, न कि किसी उपलब्धि के आधार पर।

(e) जनसंख्या की दृष्टि से विश्व भर में **चीन** का स्थान दूसरा है।

2. सांस्कृतिक विविधता का उदाहरण है–

(a) भारत (b) पाकिस्तान

(c) नेपाल (d) चीन

3. अल्पसंख्यकों से संबंधित अनुच्छेद है–

(a) 29 एवं 30 (b) 31 एवं 32

(c) 33 एवं 34 (d) 27 एवं 28

4. सत्तावादी शासन के दौरान निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है।

(a) नागरिक स्वतंत्रताएँ छिनना (b) सेंसर व्यवस्था लागू करना

(c) संसद को निलंबित करना (d) भाषा की स्वतंत्रता होना।

5. ............... अधिनियम 2005 एक ऐसा कानून है जिसके तहत भारतीयों को सरकारी अभिलेखों तक पहुँचने का अधिकार दिया गया है।

6. एक ............... राज्य लोकतंत्रात्मक राज्य का विपरीत होता है।

7. पश्चिमी नजरिये के अंतर्गत ............... में चर्च या धर्मों को राज्य से अलग रखना।

8. रंग भेद से तात्पर्य है ............... जैसे गोरा या काला।

9. ............... और ............... रणनीतियाँ एकल राष्ट्रीय पहचान स्थापित करने की कोशिश करती है।

10. क्षेत्रवाद ............... तथा ............... पर आधारित है।

## 2 अंक प्रश्न

1. सांस्कृतिक विविधता से आप क्या समझते है?

2. धर्मनिरपेक्षता को पाश्चात्य व भारतीय संदर्भ में समझाइए।
3. अर्जित पहचान क्या होता है।
4. राष्ट्र-राज्य की परिभाषा लिखें।
5. अल्पसंख्यक कौन होते हैं?
6. समाजवादी राज्य की कुछ विशेषताएं लिखें।
7. क्षेत्रवाद क्या होता है?
8. विशेष अधिकार प्राप्त/सुविधा प्राप्त अल्पसंख्यक कौन होते हैं?
9. राजनीतिक रूप से अल्पसंख्यक महत्त्वपूर्ण क्यों हैं?
10. अल्पसंख्यकों की सुरक्षा राज्य के लिए एक चुनौती है, क्यों?
11. राज्य अक्सर सांस्कृतिक विविधता के बारें में शंकालु क्यों होते हैं?
12. भारत में पाई जाने वाली धार्मिक विविधता पर लेख लिखें।
13. अल्पसंख्यकों के अधिकारों के विषय में संविधान में क्या-क्या लिखा है?
14. सांप्रदायिकता से आप क्या समझते हैं?
15. रंगभेद से क्या तात्पर्य है?

## 4 अंक प्रश्न

1. भारतीय संदर्भ में सांप्रदायिकता का वर्णन करें।
2. भारत ने अपनी सांस्कृतिक विविधता को किस प्रकार बनाए रखा है?
3. सांप्रदायिकता की कुछ विशेषताएँ बताइये।
4. पाश्चात्य व भारतीय धर्म निरपेक्षता में अन्तर स्पष्ट करें।
5. प्रजातंत्रीय राज्य व सत्तावादी राज्य में अन्तर बताइये।
6. भारतीय संदर्भ में क्षेत्रवाद को समझाइयें।

## 6 अंक प्रश्न

1. नागरिक समाज क्या होता है? आज दुनिया में इसका क्या महत्त्व है? उदाहरण सहित वर्णन करें।
2. सांप्रदायिकता किसे कहते हैं? यह तनाव और हिंसा का पुनरावर्त्तक स्रोत क्या रहा है?
3. आपकी राय में राज्यों के भाषाई पुनर्गठन ने भारत की एकता को बढ़ाया या नुकसान पहुँचाया?

# समाजशास्त्र (कोड़ नं. 39)

## पुस्तक 2

| क्र.सं. | पाठ | अंक |
|---|---|---|
| 1. | **अध्याय 1 :** भारत में समाजिक परिर्वतन एवं विकास | 6 |
| 2. | **अध्याय 2 :** सांस्कृतिक परिवर्तन | 6 |
| 3. | **अध्याय 3 :** भारतीय लोकतंत्र की कहानियाँ | 6 |
| 4. | **अध्याय 4 :** ग्रामीण समाज में विकास एवं परिवर्तन | 6 |
| 5. | **अध्याय 5 :** औद्योगिक समाज में परिवर्तन तथा विकास | 6 |
| 6. | **अध्याय 6 :** भूमंडलीकरण और सामाजिक परिवर्तन | 6 |
| 7. | **अध्याय 7 :** जन सम्पर्क साधन और संचार | 6 |
| 8. | **अध्याय 8 :** सामाजिक आंदोलन | 6 |
| | **कुल** | **48** |

**प्रश्न पत्र हल करने के लिए याद करने योग्य महत्वपूर्ण बिन्दु**

- सी.बी.एस.ई. मुख्य परीक्षा दिल्ली 2013-2017 (उत्तर सहित)
- अभ्यास हेतू अनुच्छेद (प्रश्न 25)
- परियोजना कार्य के लिये सुझाव
- परियोजना कार्य हेतू अंक वितरण (सी.बी.एस.ई. के नवीन निर्देशानुसार)
- अनुसंधान प्रारूप

## पाठ 1

# भारत में सामाजिक परिवर्तन एवं विकास

**मुख्य बिन्दु**

1. - भारत में आधुनिक विचार एवं संस्थाए औपनिवेशिक काल की देन है, हमारे देश की संसदीय विधि एवं शिक्षा व्यवस्था ब्रिटिश प्रारूप व प्रतिमानों पर आधारित है।
   - सड़कों पर बांए चलना, ब्रेड–आमलेट और कटलेट जैसी खाने की चीज इस्तेमाल करना, नेक–टाई पोशाक का अनिवार्य हिस्सा होता है। अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना आदि।

2. उपनिवेशवाद ने राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक सरंचना में नवीन परिवर्तन किए परन्तु मुख्य संरचात्मक परिवर्तन–औद्योगिकरण व नगरीकरण है।

3. उपनिवेशवाद– एक स्तर पर एक देश द्वारा दूसरे देश पर शासन को उपनिवेशवाद माना जाता है। भारत में यह शासन किसी अन्य शासन से अधिक प्रभावशाली रहा। उपनिवेशवाद ने सामाजिक संरचना एवं संस्कृति में परिवर्तनों के दिशा दी एवं उन पर अनेक प्रभाव डाले।

4. (i) उपनिवेशवाद का भारतीय समाज पर प्रभाव ब्रितानी उपनिवेशवाद पूँजीवाद व्यवस्था पर आधारित था। इसने आर्थिक व्यवस्था में बड़े पैमाने पर हस्तक्षेप किया, जिसके कारण इसे मजबूती मिली। वस्तुओं की उत्पादन प्रणाली व वितरण के तरीके भी बदल दिए,

   (ii) जंगल काट कर चाय की खेती की शुरूआत की तथा जंगलों को नियंत्रित एवं प्रशासित करने के लए अनेक कानून बनाए।

   (iii) उपनिवेशवाद के दौरान लोगो का आवगमन बड़ा : डाक्टर व वकील मुख्यत: बंगाल व मद्रास से चुनकर देश विदेश के विभिन्न भागों में सेवा के लिए भेजे गए। व्यवसायियों का अवागमन भी बढ़ा। यह भारत तक सीमित न रह कर सुदूर एशिया, अफ्रीका तथा अमेरिका उपनिवेश तक बढ़ गया।

(iv) आज के झारखंड प्रदेश से उन दिनों बहुत से लोग चाय बागानों में मजदूरी करने के उद्देश्य से असम आए। भारतीय मजदूरों एवं दक्ष सेवाकर्मियों को जहाजों के माध्यम से सुदुर एशिया, अफ्रीका और अमेरिका भेजा गया।

(v) उपनिवेश-वाद ने वैधानिक, सांस्कृतिक व वास्तुकला में भी परिवर्तन लाए। कुछ परिवर्तन सुनियोजित तरीकों से लाग गए थे।

(vi) जैसे पश्चिमी शिक्षा पद्धति को भारत में इस उद्देश्य से लाया गया कि उससे भारतीयों का एक ऐसा वर्ग तैयार हो जो ब्रिटिश उपनिवेशवाद को बनाए रखने में सहयोगी हो। यही पश्चिमी शिक्षा पद्धति राष्ट्रवादी चेतना एवं उपनिवेश विरोधी चेतना का माध्यम बनी।

(vii) ब्रिटिश उपनिवेशवाद अब भी हमारे जीवन काएक जटिल हिस्सा है। हम अंग्रेजी भाषा का उदाहरण ले सकते हैं।

(viii) बहुत से भारतीयों ने अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट साहित्यिक रचनाएँ की है। अंग्रेजी के ज्ञान के कारण विशेष स्थान प्राप्त है। जिसे अंग्रेजी का ज्ञान नहीं होता है उसे रोजगार के क्षेत्र में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अंग्रेजी ज्ञान से अब दलितों के लिए भी अवसरों के द्वार खुल गए है।

5. 
- पूँजीवाद-एक ऐसी अर्थव्यवस्था जिसके उत्पादन के साधनों का स्वामित्व कुछ विशेष लोगों के हाथ में होता है। इसमें ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाने पर जोर दिया जाता है इसे गतिशीलता, वृद्धि, प्रसार, नवीनीकरण, तकनीक तथा श्रम के बेहतर उपयोग के लिए जाना गया। इससे बाजार को एक विस्तृत भूमंडलीकरण रूप में देखा जाने लगा। भारत में भी पूँजीवाद के विकास के कारण उपनिवेशवाद प्रबल हुआ और इस प्रक्रिया का प्रभाव भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक संरचना पर पड़ा।
- अगर पूंजीवादी व्यवस्था शक्तिशाली आर्थिक व्यवस्था बन सकती है तो राष्ट्र राज्य भी सशक्त एवं प्रबल राजनीतिक रूप ले सकतका है। औद्योगीकरण के कारण नए सामाजिक समूह एवं नए सामाजिक रिश्तों का विकास हुआ।

6. **नगरीकरण और औद्योगीकरणः-**

उपनिवेशवाद के दौरान दो संरचनात्मक परिवर्तन हुएः-

- हम नगरीकरण को औद्योगीकरण से जोड़कर देखते है।
- औद्योगीकरण का सम्बन्ध यान्त्रिक उत्पादन के उदय से जो ऊर्जा के गैरमानवीय संसाधनों पर निर्भर होता है इसमें ज्यादातर लोग कारखानों, दफ्तरों तथा दुकानों में काम करते है। तथा इसके कारण कृषि व्यवसाय में लोगों की संख्या कम होती जा रही है। औपनिवेशिक काल के नगरीकरण में पुराने शहरों का अस्तित्व कमजोर होता गया और उनकी जगह पर नए औपनिवेशक शहरों का उद्‌भव और विकास हुआ।
- नगरीकरण को औद्योगीकरण से जोड़ कर देखा जा सकता है। दोनों एक साथ होने वाली प्रकियाएँ है कई बार औद्योगिक क्षरण भी देखा गया है। भारत में कुछ पुराने, परंपरात्मक नगरीय केन्द्रों का पतन हुआ। जिस तरह ब्रिटेन में उत्पादन व निर्माण में बढ़ावा आया उसके विपरीत भारत में गिरावट आई। प्राचीन नगर जैसे-सूरत ओर मसुलीपट्‌टनम का अस्तित्व कमजोर हुआ।
- आधुनिक नगर जैसे बंबई, कलकत्ता, मद्रास जो उपनिवेशवादी शासन में प्रचलित हुए मजबूत होते गए।
- बंबई से कपास, कलकत्ता से जूट, मद्रास से कहवा, चीनी, नील तथा कपास ब्रिटेन को निर्यात किया जाता था।
- प्रारम्भ में भारत के लोग औद्योगीकरण के कारण ब्रिटिशों के विपरीत कृषि क्षेत्र की ओर आए। इस प्रकार नए सामाजिक समूह तथा नए सामाजिक सम्बन्धों का उदय हुआ।
- स्वतंत्रता के बाद भारत की आर्थिक स्थिति को औद्योगीकरण के द्वारा ही सुधारा जा सका। समाजशास्त्री एम.एस.ए. राव ने लिखा है कि भारत के अनेक गाँव भी तेजी से बढ़ रहे नगरीय प्रभाव में आ रहे है।
- ब्रिटिश साम्राज्य की अर्थव्यवस्था में नगरों की भूमिका महत्वपूर्ण थी। समुद्र तटीय नगर जैस बंबई, कलकत्ता औद मद्रास उपयुक्त माने गए थे। क्योंकि इन जगहों से उपभोग की आवश्यक वस्तुओं का निर्यात आसानी से किया जा सकता था। यही से उत्पादित वस्तुओं का सस्ती लागत से आयात कि जा सकता था।

7. **चाय की बागवानी**

- अधिकारिक रिपोर्ट से पता चलता है कि औपनिवेश्कि सरकार गलत तरीकों से मजदूरों की भर्ती करती थी।
- मजदूरों को बलपूर्वक बागानों में सस्ते में काम कराया जाता था। इससे बागान वालो को फायदा मिलता था।
- बगानों के मालिक अंग्रेज और उनकी मेम विशाल बंगलों में रहते थे। सारा जरूरत का सामान उनके पास मौजुद था। उनकी जिंदगी चका-चौंध में भरी थी।

8. **स्वतंत्र भारत में औद्योगीकरण**

- औद्योगीकरण को स्वतंत्र भारत ने सक्रियतौर पर बढ़ावा दिया।
- स्वदेशी आंदोलन ने भारत की राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के प्रति निष्ठा को मजबूत किया।
- तीव्र और वृहद् औद्योगीकरण के द्वारा आर्थिक स्थिति में सुधार और सामाजिक न्याय हो पाया।
- भारी मशीनीकृत उद्योगों का विकास हुआ। इन्हें बनाने वाले उद्योग, पब्लिक सेक्टर के विस्तार और बड़े को-ऑपरेटिव सेक्टर को महत्वपूर्ण माना गया।

9. **स्वतंत्र भारत में नगरीकरण**

- भूमण्डलीकरण द्वारा शहरों का अत्यधिक प्रसार हुआ।
- एम.एस.ए. राव के अनुसार भारतीय गाँव पर नगरों के प्रभाव-

(क) कुछ गाँव ऐसे है जँहा से अच्छी खासी संख्या में लोग दूरदराज के शहरों में रोज़गार ढूँढ़नें के लिए जाते है। बहुत सारे प्रवासी केवल भारतीय नगरों में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी रहते हैं।

(ख) शहरी प्रभाव उन गाँवों में देखा जाता है जो औद्योगिक शहरों के निकट स्थित है जैसे भिलाई।

(ग) महानगरों का उद्‌भव और विकास तीसरे प्रकार का शहरी प्रभाव है जिससे निकटवर्ती गाँव प्रभावित होते है। कुछ सीमावर्ती गाँव पूरी तरह से

नगर के प्रसार में विलीन हो जाते है। जबकि वे क्षेत्र जहाँ लोग नहीं रहते नगरीय विकास के लिए प्रयोग कर लिए जाते हैं।

## प्रश्नावली

## 1 अंक के प्रश्न

1. एक स्तर पर एक देश द्वारा दूसरे देश पर शासन को ................ कहते हैं।
2. उपनिवेशवाद के दौरान मुख्य संरचनात्मक परिवर्तन ................ व ................ है।
3. ................ एक ऐसी अर्थव्यवस्था है जिसके उत्पादन के साधनों का स्वामित्व कुछ विशेष लोगों के हाथ में होता है।
4. ................ व ................ दोनों जुड़ी हुई प्रक्रियाएँ हैं।
5. बागानों के मालिक ................ थे।
6. कथन सही लिखें–

   (a) औपनिवेशिक सरकार **अंगूर** की बागवानी के लिए गलत तरीकों से मजदूरों की भर्ती करती थी।

   (b) बागानों के मालिक अंग्रेज और उनकी मेम **दयनीय** स्थिति में रहते हैं।

   (c) भारत में सड़कों पर बाएँ चलना, ब्रेड-आमलेट खाना, नेक-टाई पहनना उपनिवेशवाद का हिस्सा **नहीं** है।

   (d) आधुनिक नगर जैसे बंबई, कलकत्ता, मद्रास जो उपनिवेशवादी शासन में प्रचालित हुए **कमजोर** होते गए।

7. ब्रिटिश साम्राज्य की अर्थव्यवस्था में निम्नलिखित तटीय नगर की भूमिका महत्वपूर्ण थी।

   (a) बंबई (b) कलकत्ता

   (c) मद्रास (d) उपयुक्त तीनो

4. किसके द्वारा भारतीय गाँव पर नगरों के प्रभाव को लिखा गया।

   (a) एम.एस. ए राव (b) श्रीनिवास

   (c) ए. आर. देसाई (d) सर सैयद अहमद खान

## 2 अंक प्रश्न

1. अंग्रेजी भाषा ने हमारे समाज पर क्या प्रभाव डाला?
2. उपनिवेशवाद क्या है?
3. पश्चात्य शिक्षा प्रणाली का भारत में क्या प्रभाव पड़ा?
4. पूंजीवाद किसे कहा जाता है?
5. औद्योगीकरण तथा शहरीकरण की परिभाषा लिखे?
6. ब्रिटेश औद्योगीकरण का भारतीय उद्योगों पर क्या प्रभाव पड़ा?
7. आजादी के बाद भारत में औद्योगीकरण किस प्रकार हुआ।
8. औद्योगिक क्षरण क्या है?

## 4 अंक प्रश्न

1. उपनिवेशवाद ने हमारे जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया?

   (Outside Delhi 2018)
2. उपनिवेशवाद भारत में पहले शासनों से किस प्रकार भिन्न है?
3. उपनिवेशवाद के कारण लोगों का अवागमन बढ़ गया। कैसे?
4. उपनिवेशवाद के दौरान राष्ट्र राज्य की किस प्रकार उत्पत्ति हुई।
5. भारत में किन शहरों को अंग्रेजों ने बसाया तथा क्यों।

## 6 अंक प्रश्न

1. नगरीकरण और औद्योगीकरण का परस्प्र संबंध है। चर्चा करें।
2. स्वतंत्र भारत में एम.एस.ए. राव के अनुसार भारतीय गाँव पर नगरों के प्रभावों की चर्चा कीजिए।

## पाठ 2

# सांस्कृतिक परिवर्तन

**मुख्य बिन्दु**

1. सांस्कृतिक परिवर्तन को चार प्रक्रियाओं के रूप में देखा जा सकता है।

- संस्कृतिकरण, आधुनिकीकरण, लोकिकीकरण अथवा निरपेक्षीकरण, पश्चिमीकरण
- संस्कृतिकरण की प्रक्रिया उपनिवेशवाद से पहले भी थी लेकिन बाकी की तीन प्रक्रियाएं उपनिवेशवाद के बाद की देन है।

2. 19 वीं और 20 वीं शताब्दी के प्रारंभ में हुए समाज सुधार आंदोजनः-

- समाज सुधार आन्दोजन उन चुनौतियों के जवाब थे, जिन्हें भारत के लोग अनुभव कर रहे हो जैसे- सतीप्रथा, बालविवाह, विधवा पुनर्विवाह तथा जाति प्रथा। राजा राम मोहन राय ने सतीप्रथा का विरोद्ध किया।
- समाज शास्त्री सतीश सबर बाल ने औपनिवेश्कि भारत में आधुनिक परिवर्तनों के लिए निम्न पहलुओं को बताया।

  (अ) **संचार माध्यम :** प्रैस, माईक्रोफोन, जहाज, रेलवे आदि। वस्तुओं के आवागमन में नवीन विचारों को तीव्र गति प्रदान करने में सहायता प्रदान की।

  (ब) **संगठनों के स्वरूप :** बंगाल में ब्रहम समाज और पंजाब में आर्य समाज की स्थापना हुई। मुस्लिम महिलाओं की राष्ट्र स्तरीय संस्था अंजुमन-ए-ख्वातीन-ए-इस्लाम की स्थापना हुई।

  (स) विचार की प्रकृति- स्वतंत्रता तथा उदारवाद के नए विचार, परिवार संरचना, विवाह सम्बन्धी नियम, संस्कृति में स्वचेतन के विचार, शिक्षा के मूल्य।

- आधुनिक तथा पारम्परिक विचारधाराओं में वाद-विवाद हुए। ज्योतिबाफूले ने आर्यो से पहले को अच्छा काल माना। बाल गंगाधर तिलक ने आर्ययुग की

प्रशंसा की, जहांआरा शाह नवाज़ ने अखिल भारतीय मुस्लिम महिला सम्मेलन में बहु-विवाह की कुप्रथा के विरूद्ध भाषण किया तथा इसे कुरान की मूल भावनाओं के विरूद्ध बताया।

- समाज सुधारों के विरोधियों ने भी अपनी रूढ़िवादी बातों को उठाया। जैसे- सतीप्रथा के समर्थन में बंगाल में धर्म सभा का गठन हुआ।
- भारत में संरचनात्मक तथा सांस्कृतिक विविधिता है।
- आधुनिक ज्ञान व शिक्षा के कारण शिक्षित भारतीयों को उपनिवेशवाद में अन्याय और अपमान का अहसास हुआ।

3. **संस्कृतिकरणः-**

- संस्कृतिकरण एम.एस. श्री निवास के अनुसार वह प्रक्रिया जिसमें निम्न जाति या जनजाति, उच्च जाति (द्विज जातियाँ) की जीवन पद्धति, अनुष्ठान मूल्य, आदर्श तथा विचारों का अनुकरण करते हैं। इसके प्रभाव भाषा, साहित्य, विचार-धारा, संगीत, नृत्य, नाटक, अनुष्ठान तथा जीवन पद्धति में देखे जा सकते हैं। यह प्रक्रिया अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग ढंग से होती है।
- जिन क्षेत्रों में गैर सांस्कृतिक जातियाँ प्रभुत्वशाली थी, वहां की संस्कृति को इन निम्न जातियों ने प्रभावित किया। श्री निवास ने इसे विसंस्कृतिकण का नाम दिया।
- **संस्कृतिकरण की आलोचनाः-**
  - सामाजिक गतिशीलता निम्न जाति के स्तरीकरण में उर्ध्वगामी परिवर्तन करती है।
  - उच्च जाति की जीवन शैली उच्च तथा निम्न श्रेणी की जीवन शैली निम्न होने की भावना पाई जाती है।
  - उच्च जाति की जीवन शैली का अनुकरण वांछनीय तथा प्राकृतिक है।
  - यह अवधारणा असमानता तथा अपवर्जन आधारित है।
  - निम्न जाति के प्रति भेदभाव एक विशेषाधिकार है।
  - इसमें दलित समाज के मूलभूत पक्षों को पिछड़ा माना जाता है।
  - लड़कियों को भी असमानता की श्रेणी में नीचे धकेल दिया जाता है।

- जातीय सदस्यता ही प्रतिभा की सूचक बन गई है। यही भावना दलितों में भी आई है। लेकिन फिर भी वे भेदभाव व अपर्वजन के शिकार है।

4. **पश्चिमीकरण-** ब्रिटिश शासन के 150 वर्षो में आए प्रौद्योगिकी, संस्था, विचारधारा, मूल्य परिवर्तनों को पश्चिमीकरण का नाम दिया गया। जीवनशैली एवं चिन्तन के अलावा भारतीय कला तथा साहित्य पर भी पश्चिमी संस्कृति का असर पड़ा है। ऐसे लोग कम ही थे जो पश्चिमी जीवन शैली को अपना चुके थे। इसके अलावा अन्य पश्चिमी सांस्कृतिक तत्वों जैसे नए उपकरणों का प्रयोग, पोशाक, खाद्य-पदार्थ तथा आम लोगों की आदतों और तौर-तरीकों में परिवर्तन आदि थे। मध्य वर्ग के एक बड़े हिस्से के परिवारों में टेलीविजन, फ्रिज, सौफा-सेट, खाने की मेज आदि आम बात है।

- श्री निवासन के अनुसार निम्न जाति के लोग संस्कृतिकरण जबकि उच्च जाति के लोग पश्चिमीकरण की प्रक्रिया को अपनाते है।

5. **आधुनिकीकरणः-** प्रारम्भ में आधुनिकीकरण का आशय प्रौद्योगिकी ओर उत्पादन प्रक्रियाओं में होने वाले सुधार से था। परन्तु आधुनिक विचारों के अनुसार-सीमित, संकीर्ण स्थानीय दृष्टिकोण कमजोर पड़ जाते है। और सार्वभौमिक दृष्टिकोण यानि पूरा विश्व एक कुटुम्ब है को महत्त्व दिया जाता है।

6. **आधुनिकीकरण और धर्मनिरपेक्षीकरणः-**

- ये धनात्मक तथा अच्छे मूल्यों की ओर झुकाओ
- आधुनिकीकरण का आशय प्रौद्योगिकरण ओर उत्पादन प्रक्रियाओं में होने वाले सुधार से है। इसका मतलब विकास का वो तरीका जिससे पश्चिमी यूरोप या उत्तर अमेरीका ने अपनाया।
- आधुनिकीकरण का मतलब ये समझ में आता है कि इसके समक्ष सीमित-संर्कीण-स्थानीय दृष्टिकोण कमजोर पड़ जाते है और सार्वभौमिक प्रतिबंद्धता और विश्वजीत दृष्टिकोण ज्यादा प्रभावशाली होता है।
- इसमें उपयोगिता, गणना और विज्ञान की सत्यता को भावुकता, धार्मिक पवित्रता ओर अवैज्ञानिक तत्वों के स्थान पर महत्व दिया जाता है।
- इसके मूल्यों के मुताबिक समूह/संगठन का चयन जन्म के आधार पर नहीं बल्कि इच्छा के आधार पर होता है।

- धर्मनिरपेक्षीकरण का मतलब ऐसी प्रक्रिया से है जिसमें धर्म के प्रभाव में कम आती है।
- आधुनिक समाज ज्यादा ही धर्मनिरपेक्ष होता है।

## प्रश्नावली

## 1 अंक के प्रश्न

1. कथन सही करें–

   (a) धर्मनिरपेक्षीकरण का मतलब ऐसी प्रक्रिया से है जिसमें धर्म के प्रभाव में **अधिकता** आती है।

   (b) एम. एस. राव के अनुसार निम्न जाति के लोग संस्कृतिकरण जबकि उच्च जाति के लोग पश्चिमीकरण की प्रक्रिया को नहीं अपनाते हैं।

   (c) संस्कृतिकरण की आलोचना के अंतर्गत उच्च जाति की जीवन शैली का अनुकरण वांछनीय तथा प्राकृतिक नहीं है।

   (d) समाज सुधारकों ने सती प्रथा, बाल विवाह, विधवा पुनर्विवाह तथा जाति प्रथा के विरुद्ध आंदोलन **नहीं** चलाए।

2. सामाजिक गतिशीलता ................ जाति के स्तरीकरण में उर्ध्वगामी परिवर्तन करती है।

3. सती प्रथा के समर्थन में बंगाल में ................ सभा का गठन हुआ।

4. आधुनिकीकरण का आशय ................ और ................ प्रक्रियाओं में होने वाले सुधार से था।

5. ................ ने औपनिवेशिक भारत में आधुनिक परिवर्तनों के लिए तीन पहलुओं को बताया।

6. संस्कृतिकरण वह प्रक्रिया है जिसमें निम्न जाति किसकी जीवन पद्धति, विचारों का अनुकरण करते हैं–

   (a) उच्च जाति (b) दलित

   (c) अनुसूचित जाति (d) अनुसूचित जनजाति

7. उपनिवेशवाद के दौरान लोगों द्वारा अपनाया नहीं गया।

(a) पश्चिमी पोशाक (b) पश्चिमी खाद्य–पदार्थ

(c) पश्चिमी संस्कृति (d) पश्चिमी देशों में रहना

8. आधुनिकीकरण का आशय है–

(a) गणना और विज्ञान की सत्यता की भावुकता

(b) धार्मिक पवित्रता

(c) अवैज्ञानिक तत्वों को महत्व देना

(d) सीमित–संकीर्ण स्थानीय दृष्टिकोण होना

## 2 अंक प्रश्न

1. 19वीं सदी में समाजसुधारकों ने बहुत से सामाजिक विषयों को उठाया? ये क्या थे?
2. 20वीं सदी के कुछ आधुकि सामाजिक संगठनों के नाम बताइये।
3. निम्न का अर्थ बताइये।

(अ) संस्कृतिकरण

(ब) विसंस्कृतिकरण

4. आधुनिकता के विषय में आधारभूत बिन्दु क्या है?
5. पाश्चात्करण (पश्चिमीकरण) तथा धर्म निरपेक्षता में क्या सम्बन्ध है?

## 4 अंक प्रश्न

1. जाति का धर्म निरपेक्षी करण पर नोट लिखे।
2. समाज सुधार आन्दोलन के मुख्य उद्देश्य एक जैसे थे, फिर भी वे अलग थे। समझाइए।
3. संस्कृतिकरण भेदभाव व असामतना को बढ़ावा देता है। इसका वर्णन करो।
4. ब्राह्मण विरोधी आन्दोलन तथा पिछड़े वर्गो के आन्दोलन का संस्कृतिकरण पर क्या प्रभाव पड़ा।

## 6 अंक प्रश्न

1. संस्कृतिकरण की विभिन्न स्तरों पर आलोचना हुई है? इसके विषय में विस्तार से बताए।
2. औपनिवेशिक भारत में आधुनिक बदलाव के विषय में कुछ तथ्यों का वर्णन कीजिए।

पाठ 3

# भारतीय लोकतंत्र की कहानियाँ

**मुख्य बिन्दु**

1. **लोकतंत्र**– जनता की, जनता के द्वारा जनता के लिए एक सरकार है इसके दो प्रकार है।

- **प्रत्यक्ष लोकतंत्रः**– इसमें सभी नागरिक, बिना किसी चयनित या मनोनीत पदाधिकारी की मध्यस्था के सार्वजनिक निर्णयों में स्वयं भाग लेते हैं। उदाहरणार्थ– एक सामुदायिक संगठन या आदिवासी परिषद्, किसी श्रमिक संघ की स्थानीय इकाई। प्रत्येक लोकतंत्र छोटे समूह में व्यवसायिक है जहाँ पूरी जनता निर्णय में सम्मिलित होती है तथा बीच में कोई प्रतिनिधी न हो। जैसे– आदिवासी परिषद्; श्रमिक संघ आदि।

- **अप्रत्यक्ष/परोक्ष/प्रतिनिधिक लोकतंत्रः**– प्रतिनिधि लोकतंत्र विशाल व जटिल समुदाय में अपनाया जाता है। सार्वजनिक हित की दृष्टि से राजनीतिक निर्णय लेना, कानून बनाना व लागू करना आदि के लिए नागरिक स्वयं अपने प्रतिनिधि चुनते है। हमारे देश में प्रतिनिधिक लोकतंत्र है।

- **सहभागी लोकतंत्र**– यह ऐसा लोकतंत्र है जिसमें किसी समूह व समुदाय के सभी लोक एक साथ मिलकर कोई बड़ा निर्णय लेते हैं।

- **विकेंद्रीकृत लोकतंत्र**– जमीनी लोकतंत्र के एक उदाहरण के रूप में पंचायती राज व्यवस्था जो एक विकेंद्रीकरण की तरफ एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

2. **भारतीय संविधान के केंद्रीय मूल्यः**–

- संपूर्ण–प्रभुत्व–संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य, न्याय, स्वतंत्रता, समता, बंधुता आदि।

- लोकतांत्रिक मूल्य केवल परिश्चमी की देन नही है बल्कि महाकाव्य, कृतियाँ व विविध लोक कथाएँ संवादों परिचर्चाओं ओर अंतर्विरोधी स्थितियों से भरी पड़ी है। जैसे–महाभारत महाकाव्य।

- कराची कांग्रेस संकल्प 1931 उन मूल्यों का उल्लेख करता है जो राजनीतिक न्याय, सामाजिक और आर्थिक न्याय को भी सुनिश्चित करने का प्रयास करती है।

3. **हित प्रतिस्पर्धी संविधान और सामाजिक परिवर्तन :**

- हितों की प्रस्पिर्धा हमेशा किसी स्पष्ट वर्ग–विभाजन के ही प्रतिबिंबित नहीं करती। किसी कारखाने को बंद करवाने का कारण यह होता है कि उससे निकलने वाला विषैला कचरा आसपास के लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। इस प्रकार बहुत सी चीजों की समाप्ति के कारण लोग बेराजगार हो जाएगें।

- कानून–कानून का सार इसकी शक्ति है कानून इसलिए कानून है क्योंकि इससे बल प्रयोग अथवा अनुपालन के संरचण, के माध्यमों का प्रयोग होता है।

- न्याय– न्याय कासार निष्पक्षता है, कानून में कोई भी प्रणाली अधिकारियों के संस्तरण के माध्यम से ही कार्यरत होती है।

- संविधान– संविधान भारत का मूल मानदंड है। यह ऐसा दस्तावेज है जिससे किसी राष्ट्र के सिद्धान्तों का निर्माण होता है। ऐस प्रमुख मानदंड जिनसे नियम ओर अधिकारी संचालित होते है संविधान कहलाता हे। अन्य सभी कानून, संविधान द्वारा नियत कार्य प्रणाली के अंतर्गत बनते है। ये कानून संविधान द्वारा अधिकारियों द्वारा बनाए व लागू किए जोते है। कोई वाद–विवाद होने पर संविधान द्वारा अधिकार प्राप्त न्यायालयों के संस्तरण द्वारा कानून की व्याख्या होती है। 'उच्चतम न्यायालय' सर्वोच्च है और वहीं संविधाान का सबसे अंतिम व्याख्याकर्ता भी है।

4. **पंचायती राजः–**

- पंचायती राज का शाब्दिक अनुवाद होता है 'पाँच व्यक्तियों द्वारा शासन'। इसका अर्थ गाँव एवं अन्य जमीनी पर लचीले लोकतंत्र क्रियाशीलता है।

  (क) डा. अम्बेडकर ने तर्क दिया कि स्थानीय कुलीन ओर उच्च जातीय लोग सुरक्षित परिधि से इस प्रकार घिरे हुए है कि स्थानीय स्वाशासन का मतलब होगा भारतीय समाज के पद्दलित लोगों का निरंतर शोषण। निसंदेह उच्च जातियाँ जनसंख्या के इस भाग को चुपकर देगी।

  (ख) **महात्मा गाँधी :** स्थानीय सरकार की अवधारणा गाँधी जी को भी लोकप्रिय थी। वे प्रत्येक ग्राम को स्वयं में आत्मनिर्भर और पर्याप्त इकाई मानते थे स्वयं अपने को निर्देशित करे। ग्राम स्वराज्य को वे आदर्श मानते थे। और चाहते थे कि स्वतंत्रता के बाद भी गाँवों में यही शासन चलता रहे।

- 73वां और 74वां संविधान संशोधन 1992:-
    - ग्रामीण व नगरीय दोनों ही क्षेत्रों के स्थाई निकायों के सभी चयनित पदों में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण दिया।
    - इनमें से 17 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए आरक्षित है।
    - यह संशोधन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके अंतर्गत पहली बार निर्वाचित निकायों में महिलाओं को शामिल किया। जिससे उन्हें निर्णय लेने की शक्ति मिली।
    - 73वें संशोधन के तुंरत बाद 1993-1994 के चुनाव में 800,000 महिलाएं एक साथ राजनीतिक प्रक्रियाओं से जुड़ी वास्तव में महिलाओं को मानवाधिकार देने वाला यह एक बड़ा कदम था। स्थानीय स्वशासन के लिए त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली का प्रावधान करने वाला संवैधानिक संशोधन पूरे देश में 1992-93 से लागू है।
    - पंचायती राज व्यवस्था का त्रिस्तरीय व्यवस्था

      जिला स्तर पर जिला परिषद् → खण्ड स्तर पर पंचायत समिति → ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत

- **पंचायतों की शक्तियाँ और उत्तरदायित्व:**

  पंचायतों को निम्नलिखित शक्तियाँ व उत्तरदायित्व प्राप्त हैं:-
    - आर्थिक विकास के लिए योजनाएँ एवं कार्यक्रम बनाना
    - सामाजिक न्याय को प्रोत्साहित करना
    - शुल्क, यात्री कर, जुर्माना, अन्य कर आदि लगाना व एकत्र करना।
    - सरकारी उत्तरदायित्वों के हस्तांतरण में सहयोग करना।
    - जन्म और मृत्यु के आंकडे रखना।
    - शमशानों एवं कब्रिस्तानों का रखरखाव।
    - पशुओं के तालाब पर नियंत्रण।
    - परिवार नियोजन का प्रचार करना।

- एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम, एकीकृत बाल विकास योजना आदि को संचालित करना।

- **पंचायत की आय के मुख्य स्त्रोतः**

  - संपत्ति, व्यवसाय, पशु, वाहन आदि पर लगाए गए कर, चुंगी, भू-राजस्व आदि पंचायतों की आय के मुख्य स्रोत है। जिला पंचायत द्वारा प्राप्त अनुदान पंचायत के संसाधनों में वृद्धि करते हैं पंचायतों के लिए यह अनिवार्य है कि वे अपने कार्यलय के बाहर बोर्ड लगाएं। जिसमें प्राप्त वित्तीय सहायता के उपयोग से संबंधित आँकड़े लिखे हों।

- **न्याय पंचायतः**

  - कुछ राज्यों में न्याय पंचायत की स्थापना की गई है। कुछ छोटे-मोटे दीवानी और आपराधिक मामलों की सुनवाई का अधिकार इनके पास होता है। ये जुर्माना लगा तो सकते हैं। लेकिन कोई सजा नहीं दे सकते। ये ग्रामीण न्यायालय प्रायः कुछ पक्षों के आपसी विवादों में समझौता कराने में सफल होते हैं। विशेष रूप से ये तब प्रभावशाली होते है, जब किसी पुरूष द्वारा दहेज के लिए स्त्री प्रताड़ित किया जाए या उसके विरूद्ध हिंसात्मक कार्यवाही की जाए।

- **जनजाति क्षेत्रों में पंचायती राजः**

  - आदिवासी क्षेत्रों की प्रारंभिक स्तर के लोकतांत्रिक कार्यो को अपनी समृद्ध परंपरा रही है।

  - जैसे-मेघालय की आदिवासी जातियों की सैकड़ो साल पुरानी राजनीतिक संस्थाएँ रही है।

  - ये राजनीतिक संस्थाएँ उतनी सुविकसित थी कि ग्राम, वंश और राज्य के स्तर पर कुशलता से कार्य करती थी। जैसे खासियों की पांरपरिक अपनी परिषद होती थी जिसे दरबार कुर कहा जाता था।

- **वन पंचायतः**

  - अधिकांश कार्य महिलाएँ करती है। वन पंचायत की औरते पौधशालाएँ बनाकर छोटे पौधों का पालन-पोषण करती है।

  - वन पंचायत के सदस्य आसपास के जंगलों की अवैध कटाई से सुरक्षा भी करती है।

5. **राजनीतिक दलः**

- राजनीतिक दल एक ऐसा संगठन होता है। जो सत्ता हथियाने और सत्ता का उपयोग कुछ विशिष्ट कार्यों को सम्पन्न करने के उद्देश्य से स्थापित करता है। लोकतांत्रिक प्रणाली में विभिन्न समूहों के हित राजनीतिक दलों द्वारा ही प्रतिनिधित्व प्राप्त करते हैं। जो उनके मुद्दों को उठाते हैं।

6. **हित समूह**

- यह ऐसे समूह हैं जो सरकार से अपनी बात मनवाने की कोशिश करते है। हित समूह राजनीतिक क्षेत्र में कुछ निश्चित हितों को पूरा करने के लिए बनाए जाते हैं। ये प्राथमिक रूप से वैधानिक अंगों के सदस्यों का समर्थन प्राप्त करने के लिए बनाए जाते है।

7. दबाव समूह:– जब किसी समूह को लगता है कि उसके हित की बात नहीं की जा रही है तो वे अलग दल बना लेते है जिसे दबाव समूह कहते हैं।

## प्रश्नावली

## 1 अंक के प्रश्न

1. ................ एक ऐसी दस्तावेज है जिससे किसी राष्ट्र के सिद्धांतों का निर्माण होता है।
2. जनता का, जनता के द्वारा, जनता के लिए शासन ................ कहलाता है।
3. ................ की आदिवासी जातियों की सैकड़ों साल पुरानी राजनीतिक संस्थाएँ रही है।
4. पंचायती राज व्यवस्था के जिला स्तर पर ................ काम करती है।
5. न्याय पंचायत ................ लगा तो सकते है लेकिन कोई सजा नहीं दे सकते।
6. कथन सही लिखें–

   (a) पंचायती राज व्यवस्था के **खण्ड** स्तर पर ग्राम पंचायत काम करती है।

   (b) 73 वां और 74वां संविधान संशोधन **प्रत्यक्ष लोकतंत्र** से संबंधित है।

   (c) जिला पंचायत द्वारा प्राप्त अनुदान पंचायत के संसाधनों में वृद्धि **नहीं** करते हैं।

   (d) लोकतंत्र के प्रकार **तीन** हैं।

7. इनमें से कौन सा परोक्ष लोकतंत्र भी कहा जाता है।

(a) प्रत्यक्ष लोकतंत्र (b) अप्रत्यक्ष लोकतंत्र

(c) सहभागी लोकतंत्र (d) विकेंद्रीकृत लोकतंत्र

8. स्थानीय सरकार की अवधारणा किसे लोकप्रिय थी।

(a) गाँधी जी (b) डॉ. अम्बेडकर

(c) पेरियार (d) ज्योतिबा फुले

9. पंचायती राज व्यवस्था कितने स्तरों पर काम करती है।

(a) दो (b) तीन

(c) चार (d) पांच

10. पंचायतों की आय के मुख्य स्त्रोत है–

(a) संपत्ति, पशु, वाहन पर कर (b) चुंगी

(c) भू–राजस्व (d) उपरोक्त तीनों

11. खासियों की पारंपरिक अपनी परिषद होती थी जिसे कहते थे–

(a) जिला परिषद (b) पंचायत समिति

(c) ग्राम पंचायत (d) दरबार कुर

## 2 अंक प्रश्न

1. प्रतिनिधिक (परोक्ष) लोकतंत्र क्या होता है?
2. प्रत्यक्ष व परोक्ष लोकतंत्र में अंतर बताईये। *[Outside Delhi-2018]*
3. ब्रिटिश उपनिवेश वाद तथा पश्चिम के लोकतंत्र में क्या अन्तर है?
4. पंचायती राज क्या होता है?
5. संविधान के 73वें संविधान संशोधन की क्या उपयोगिता थी?
6. पंचायत के आय के स्त्रोत लिखिए।
7. न्याय पंचायतें क्या होती है?
8. निचले स्तर के लोगों को न्याय दिलवाने में न्याय पंचायतो की क्या भूमिका है।

9. लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का क्या महत्व है?

10. दबाव समूह किसे कहा जाता है?

## 4 अंक प्रश्न

1. कानून व न्याय में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

2. डॉ. अम्बेडकर तथा महात्मा गांधी द्वारा संविधान में पंचायती राज शामिल करने के विषय का वर्णन करें।

3. 73वें व 74वें संविधान संशोधन ने किस प्रकार ग्रामीण लोगों की आवाज को उठाने का कार्य किया है?

4. पंचायतों की शक्तियों तथा उत्तरदायित्वों का विस्तार से वर्णन करें?

5. वन पंचायतों की क्या महत्ता है बताइए।

6. जनजातीय क्षेत्रों में पारम्परिक राजनीतिक प्रणाली किस प्रकार कार्य करती रही है, समझाइये।

## 6 अंक प्रश्न

1. भारतीय संविधान में विभिन्न केन्द्रीय मूल्य अपनाए गए है? उनका वर्णन करें।

2. भारतीय संविधान में पंचायती राज व्यवस्था शामिल करने का क्या महत्त्व है? इनकी शक्तियों व उत्तरदायित्वों का वर्णन करें।

## पाठ 4

# ग्रामीण समाज में विकास एवं परिवर्तन

### मुख्य बिन्दु

1. भारतीय समाज प्राथमिक रूप से ग्रामीण समाज है। 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 60 प्रतिशत लोग गाँव में रहते हैं। उनका जीवन कृषि तथा उनके संबंधित व्यवसाय पर चलता है तथा भूमि उत्पाद एक महत्वपूण साधन है। भारत के विभिन्न भागों के त्यौहार पोंगल (तमिलनाडु), बैसाखी (पंजाब), ओणम (केरल), हरियाली तीज (हरियाणा), बीहू (आसाम) तथा उगाड़ी (कर्नाटक) मुख्य रूप से फसल काटने के समय मनाए जाते हैं।

- कृषि तथा संस्कृति का घनिष्ठ संबंध है। ग्रामीण भारत की सामाजिकता भी कृषि आधारित है। व्यवसायों को भिन्नता यहाँ की जाति व्यवस्था प्रदर्शित करती है। जैसे धोबी, लोहार, कुम्हार, सुनार, नाई आदि।

2. **कृषिक संरचना–** भारत के कुछ भागों में कुछ न कुछ जमीन का टुकड़ा काफी लोगों के पास होता है जबकि दूसरें भागों में 40 से 50 प्रतिशत परिवार के पास भूमि नहीं होता है। उत्तराधिकार के नियमों और पितृवंशीय नातेदारी के कारण महिलाएँजमीन की मालिक नहीं होती। भूमि रखना ही ग्रामीण वर्ग संरचना को आकार देता है। कृषि मजदूरों की आमदनी कम होती है तथा उनका रोजगार असुरक्षित रहता है। वर्ष में वे काफी दिन बेरोजगार रहते हैं।

**कृषिक संरचना**

मध्यम तथा बड़े जमीनो के मालिक → काश्तकार या पट्टेदार → कृषि मजदूर

- प्रत्येक क्षेत्र में एक या दो जाति के लोग ही भूमि रखते हैं तथा इनकी संख्या भी गांव में महत्वपूर्ण है। समाज शास्त्री एम.एन. श्री निवास ने ऐसे ही लोगों को प्रबल जाति का नाम दिया है। प्रबल जाति राजनैतिक आर्थिक रूप से शक्तिशाली होती है। ये प्रबल जाति लोगों पर प्रभुत्व बनाए रखती है। जैसे पंजाब के जाट सिक्ख, हरियाणा तथा पश्चिम उत्तरप्रदेश के जाट, आन्ध्र प्रदेश के कम्मास व रेड्डी, कर्नाटक के वोक्कालिगास तथा लिंगायत, बिहार के

यादव आदि। अधिकतर सीमान्त किसान तथा भूमिहीन लोग निम्न जातीय समूह से होते हैं। वे अधिकतर प्रबल जाति के लोगों के यहाँ कृषि मजदूरी करते थे। उत्तरी भारत के कई भागों में अभी भी बेगार या मुफ्त मजदूरी जैसी पद्धति प्रचलन में है।

- शक्ति तथा विशेषाधिकार उच्च तथा मध्यजातियों के पास ही थे। संसाधनों की कमी और भू-स्वामियों की आर्थिक सामाजिक तथा राजनीतिक प्रभाव के बहुत से गरीब कामगार पीढ़ियों से उनके यहां बंधुआ मजदूर की तरह काम करते हैं। गुजरात में इस व्यवस्था को हलपति तथा कर्नाटक में जीता कहते हैं।

**3. भूमि सुधार के परिणाम**

- **औपनिवेशिक काल में भूमि सुधार–**

  (i) **जमींदारी व्यवस्था–** इस प्रणाली में जमींदार भूमि का स्वामी माना जाता था। सरकार से कृषक का सीधा सम्बंध नही होता था। अपितु जमींदार के माध्यम से भूमि का कर (कृषकों द्वारा) सीधा सरकार को दिया जाता था।

  (ii) **रैयतवाडी व्यवस्था–** (रैयत का अर्थ है कृषक) इस व्यवस्था में भूमि का कर कृषक द्वारा सीधा सरकार को जाता था। इस व्यवस्था में जमींदार को बीच में से हटाया जाता था।

- **स्वतंत्र भारत भारत में भूमि सुधार–** स्वतंत्र भारत में नेहरू और उनके नीति सलाहकारों ने 1950 से 1970 तक भूमि सुधार कानूनों की एक श्रृंखला शुरू की। राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर पर विशेष परिवर्तन किए, सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन थे।

  - जमींदारी व्यवस्था को समाप्त करना परन्तु यह केवल कुछ क्षेत्रों में ही हो पाया।
  - पट्टदारी को खत्म करना परन्तु यह केवल बंगाल तथा केरल तक ही सीमित रहा। जो किराए पर भूमि लेकर खेती करता है उन्हें काश्तकार, पट्टेदार या जोतदार कहते है।
  - भूमि की हदबंदी अधिनियम जो राज्यों का कार्य था इसमें भी बचाव के रास्ते ओर विधियां निकाल ली गई जिससे यह भी आधा-अधूरा ही रह गया।

- **बेनामी बदल-** भू-स्वामियों ने अपनी भूमि रिश्तेदारों या अन्य लोगों के बीच विभाजित की परन्तु वास्तव में भूमि पर अधिकार भूस्वामी का ही था। इस प्रथा को बेनामी बदल कहा गया।

4. **हरित क्रांति और इसके सामाजिक परिणामः-**

- **हरित क्रान्ति का पहला चरण-**
    - 1960-70 के दशक में कृषि आधुनिकरण का सरकारी कार्यक्रम जिसमें आर्थिक सहायता, अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा दी गई थी तथा यह अधिक उत्पादकता वाले संकर बीजों के साथ कीटनाशक, खादों तथा किसानों के लिए अन्य निवेश पर केन्द्रित थी। इस क्रांति के कारण मध्यम तथा बड़े किसान ही नई तकनीक का लाभ उठा सके। ज्यादातर कृषक स्वयं के लिए ही उत्पादन कर पाते है तथा बाजार के लिए असमर्थ होते है। इन्हें सीमान्त (जीवन निर्वाही कृषक) तथा आमतौर पर कृषक की संज्ञा दी गई है। कई मामलों में पट्टेदार कृषक बेदखल भी हुए क्योकि भू-स्वामियाों ने जमीन वापिस ले ली तथा सीधे कृषि कार्य करना अधिक लाभदायक था। किसान वह है जो फसल का कुछ हिस्सा अपने लिए रखता है तथा बाजार से भी जुड़ा हुआ है। कृषक वह है जो फसल का उत्पादन सिर्फ अपने लिए करता है।
    - हरित क्रान्ति मुख्य रूप से गेहूँ तथा चावल उत्पाद करने वाले क्षेत्रों पर ही लक्षित थी।
    - हरित क्रान्ति कुछ क्षेत्रों में जैसे- पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, तटीय आन्ध्र प्रदेश तथा तमिलनाडु के कुछ हिस्सो में चली।
    - नयी तकनीक द्वारा कृषि उत्पादकता में अत्याधिक वृद्धि हुई।
    - धनी किसान और धनी हो गए तथा भूमिहीन तथा सीमान्त भू-धारको की दशा और बिगड़ गई।
    - कृषि मजदूरों की मांग बढ़ गई।
- **हरित क्रांति का दूसरा चरण**
    - सूखे तथा आंशिक सिंचित क्षेत्रों में लागू किया जा रहा है। किसान बाजार पर निर्भर हो गए है। बाजारोंन्मुखी कृषि में विशेषतः एक ही फसल उगाई

जाती है। जिन क्षेत्रों में तकनीकी परिवर्तन हुआ वे अधिक विकसित हुए तथा अन्य क्षेत्र पूर्ववत् रहे जैसे बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, तेंलगाना आदि। भारतीय कृषकों की बहुत सघन विस्तृत तथा पारम्परिक जानकारी लुप्त होती जा रही है जिन्हें किसानों ने सदियों में उन्नत किया था। इसका कारण संकर तथा सुधार वाले बीजों को प्रोत्साहित किया पुनः कृषि के पारम्परिक तरीके तथा अधिक सावयवी बीजों के प्रयोग की ओर लौटने की सलाह दे रहे हैं।

5. **स्वतंत्रता के बाद ग्रामीण समाज में परिवर्तनः** स्वतंत्रता के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक संबंधों की प्रकृति में अनेक प्रभावशाली रूपान्तरण हुए। इसका कारण हरित क्रांति रहा।

    - गहन कृषि के कारण कृषि मजदूरों की बढ़ोतरी
    - नगद भुगतान
    - भू–स्वामियों एवं किसान के मध्य पुश्तैनी संबंधों में कमी होना।
    - दिहाड़ी मजदूरों का उदय

- भू–स्वामियों से कृषि मजदूरों के मध्य संबंधों की प्रकृति में वर्णन समाज शास्त्री जॉन ब्रेन–सरंक्षण से शोषण की ओर बदलाव में किया था। (ब्रेमन 1974) जहाँ कृषि का व्यापारीकरण अधिक हुआ, जिसे कुछ विद्वानों ने पूँजीवादी कृषि का रूप कहा, क्योंकि विकसित क्षेत्रों के ग्रामीण विस्तृत अर्थव्यवस्था से जुड़ते जा रहे थे। मुद्रा का बहाव गांव की ओर बढ़े तथा व्यापार व रोजगार भी बढ़ा यह प्रक्रिया औपनिवेश काल से महाराष्ट्र में कपास की खेती बाड़ी से शुरू हो गया था। राज्यों ने स्वतंत्रता के बाद सिंचाई, सड़कों तथा सरकारी सरंचनाओं द्वारा ऋण की सुविधा ने इसकी गति काफी बढ़ाई। इसका सीधा प्रभाव कृषि सरंचना तथा गांवो पर पड़ा। सम्पन्न किसानों ने अन्य प्रकार के व्यापारों में निवेश करना शुरू कर दिया तथा ग्रामीण क्षेत्रों से कस्बों में रहने लगे। नए अभिजात वर्ग बने जा आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से प्रबल हो गए। इसके साथ ही उच्च शिक्षा का विस्तार, निजी व्यवसाकि महाविद्यालयों मध्यम वर्ग को बढ़ावा दिया। विभिन्न वर्ग द्वारा अपने बच्चों को इनमें शिक्षा देकर नगरीय मध्यम वर्ग को बढ़ावा दिया। विभिन्न स्थानों पर इनका प्रभाव विभिन्न स्थानों पर इनका प्रभाव विभिन्न देखा गया जैसे– केरल के काफी लोग खाड़ी प्रदेशों में जाने लगे।

6. **मजदूरों का संचार**– प्रवासी मजदूरों की बढ़ोत्तरी कृषि के व्यापारीकरण से जुड़ी है। मजदूरों तथा भू–स्वामियों के बीच संरक्षण का पारम्परिक बंधन टूटना तथा पंजाब जैसे हरित क्रांति द्वारा सम्पन्न क्षेत्रों में कृषि मजदूरों की मांग बढ़ने से मौसमी पलायन का एक नया रूप उभरा। 1990 के दशक से आई ग्रामीण असमानताओं ने बहुस्तरीय व्यवसायों की ओर बाध्य किया तथा मजदूरों का पलायन हुआ। जॉन ब्रेमन ने इन्हें घुमक्कड़ मजदूर (फुटलूज लेबर) कहा। इन मजदूरों का शोषण आसानी से किया जाता है। मजदूरों के बड़े पैमाने पर संचार से ग्रामीण समाज, दोनो ही भेजने वाले तथा प्राप्त करने वाले क्षेत्रों पर अनेक महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़े है। उदाहरण के लिए निर्धन क्षेत्रों में जहाँ परिवार के पुरूष सदस्य वर्ष का अधिकतर हिस्सा गाँवों से बाहर काम करने में बिताते है, कृषि मूलरूप से एक महिलाओं का कार्य बन गया है। महिलाएँ भी कृषि मजदूरों के मुख्य स्त्रोत के रूप में उभर रही हैं। जिससे कृषि मजदूरों का महिलाकरण हो रहा है।

7. **भूमण्डलीकरण, उदारीकरण तथा ग्रामीण समाज**– भूमण्डलीय तथा उदारीकरण के कारण बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ निश्चित फसल उगाने को कहती है। तथा ये किसानों को जानकारी व सुविधाएँ भी देती है। इसे संविदा कृषि कहा जाता है।

- संविदा कृषि सुरक्षा के साथ–साथ असुरक्षा भी देती है। किसान इन कंपनियों पर निर्भर हो जाते हैं खाद व कीट नाशकों के अधिक प्रयोग से पर्यावरण असुरक्षित हो जाता है।

- कृषि रियायतों में कमी से उत्पादन लागत बढ़ी है। बाजार स्थिर नहीं है बीमारी सूखा बाढ़ तथा हानिकारक जन्तु, उधार पैसा लेना आदि से परिवार में संकट आ जाता है। कृषि बहुत से लोगों के लिए अरक्षणीय होती जा रही है। कृषि के मुद्दे अब सार्वजनिक मुद्दें नहीं रहे है, गतिशीलता की कमी के कारण कृषक शक्तिशाली दबाव समूह बनाने में असमर्थ हैं जो नीतियों को अपने पक्ष में करवा सकें।

- संविदा खेती में कम्पनी और जमीन मालिक तय करते थे कि क्या उपजाना है इसके लिए किसानों को बीज आदि प्रदान करते थे। कम्पनी भरोसा देती थी। कि वे अनाज आदि को खरीद लेगें। जिसका मूल्य पहले ही तय हो जात था। इसमें कम्पनी पूँजी भी देती है।

- संविदा खेती बहुत ही आम है, खास करके फूल की खेती, फल, अंगूर, अनार, कपास के क्षेत्र में जहाँ खेती, किसानों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है वहीं यह किसानों के लिए अधिक असुरक्षित भी बन जाती है।

8. **संविदा खेती:**

- इसमें किसान अपने जीवन व्यापार के लिए इन कंपनियों पर निर्भर हो जाते है।
- निर्यातोन्मुखी उत्पाद जैसे फूल, और खीरे हेतू 'संविदा खेती' का अर्थ यह भी है कि कृषि भूमि का प्रयोग उत्पादन से हट कर किया जाता है।
- 'संविदा खेती' मूलरूप से अभिजात मदों का उत्पादन करती है तथा चूँकि यह अक्सर खाद तथा कीटनाशक का उच्च मात्रा में प्रयोग करते हैं इसलिए यह बहुधा पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित नहीं होती।

9. **किसानों की आत्महत्या के कारण**

- समाजशास्त्रियों ने कृषि तथा कृषक समाज में होने वाले सरंचनात्मक तथा सामाजिक परिवर्तनों के परिप्रेक्ष्य में करने का प्रयास किया है।
- आत्महत्या करने वाले बहुत से किसान 'सीमांत किसान' थे जो मूल रूप से हरित क्रांति के तरीकों का प्रयोग करके अपनी उत्पादकता बढ़ाने का प्रयास कर रहे थे।
- कृषि रियायातों में कमी के कारण उत्पादन लागत में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है बाज़ार स्थिर नहीं है तथा बहुत से किसान अपना उत्पादन बढ़ाने के लिए महंगे मदों में निवेश करने हेतू अत्यधिक उधार लेते हैं। किसान ऋणी हो रहे हैं।
- खेती का न होना, तथा कुछ मामलों में उचित आधार अथवा बाज़ार मूल्य के आभाव के कारण किसान कर्ज का बोझ उठाने अथवा अपने परिवारों को चलाने में असमर्थ होते है। आत्महत्याओं की घटनाएँ बढ़ रही है। ये आत्महत्याएँ मैट्रिक्स घटनाएँ बन गई है।

## प्रश्नावली

## 1 अंक के प्रश्न

1. कथन सही करें–

   (a) कृषि तथा संस्कृति का घनिष्ठ संबंध **नहीं** है।

   (b) जॉन ब्रेमन ने **एक ही जगह** काम करने वाले मजदूरों को घुमक्कड़ मजदूर कहा है।

   (c) जमींदारी व्यवस्था के अंतर्गत कृषक का सीधा संबंध सरकार **से** था।

   (d) मैट्रिक्स घटनाएँ **अमीर** किसानों से संबंधित है।

2. **कृषिक संरचना**

   मध्यम तथा बड़े जमीनो के मालिक → काश्तकार या पट्टेदार → कृषि मजदूर

3. श्री निवास के अनुसार प्रबल जाति ............... और ............... रूप से शक्तिशाली होती है।

4. बंधुआ मजदूर को गुजरात में ............... तथा कर्नाटक में ............... कहते हैं।

5. बेगार को ............... मजदूरी भी कहते हैं।

6. हरित क्रांति में मुख्य रूप से ............... और ............... जैसी फसलों का उत्पादन किया गया।

7. संविदा खेती से क्या संबंधित नहीं है।

   (a) किसान व्यापार के लिए बहुराष्ट्रीय कम्पनियों पर निर्भर होते है।

   (b) खाद तथा कीटनाशक का उच्च मात्रा में प्रयोग

   (c) बाजारोन्मुखी फसलों को उगाया जाता है।

   (d) पर्यावरणीय दृष्टि से सुरक्षित होते हैं।

8. किसानों द्वारा आत्महत्याएँ करने के कारण हैं–

(a) बैंक का कर्जा (b) फसल का उचित मूल्य न मिलना

(c) खेती का ना होना (d) उपयुक्त तीनो

9. हरित क्रांति से निम्नलिखित में से किस राज्य में अधिक वृद्धि हुई–

(a) पंजाब (b) बिहार

(c) पूर्वी उत्तर प्रदेश (d) तेलंगाना

10. बेनामी बदल के अंतर्गत भू–स्वामियों ने अपनी भूमि किसे नहीं दी थी।

(a) रिश्तेदारों को (b) पत्नी को

(c) नौकरों को (d) सरकार को

11. जो फसल का कुछ हिस्सा अपने लिए रखकर तथा बाजार से भी जुड़े हो कहलाते हैं–

(a) किसान (b) कृषक

(c) जीवन निर्वाही कृषक (d) पट्टेदार

## 2 अंक प्रश्न

1. ग्रामीण समाज में कौन–कौन से पेशे अपनाए गए है?
2. कृषक समाज सरंचना से आप क्या समझते हैं?
3. 'बेगार' से क्या मतलब है?
4. रयैतवाड़ी प्रथा क्या होती है?
5. आजादी के बाद भारत की कृषि स्थिति क्या थी?
6. 'बेनामी बदल' से आप क्या समझते है।
7. कृषि मजदूरों के संचार (सरकुलेशन) से आप क्या समझते है?
8. जीवन निर्वाही कृषि क्या है?
9. जीवन निर्वाही कृषक और किसानों में क्या है?
10. कृषि मजदूरों का महिलाकरण से आप क्या समझते हैं?
11. हमारी बहुत सी सांस्कृतिक प्रथाएँ एवं प्रतिमान किस प्रकार हमारी कृषिक पृष्ठभूमि से संबद्ध होते है?

## 4 अंक प्रश्न

1. भारत में किसानों में आत्महत्या की प्रकृति बढ़ रही है। इसके कारणों पर प्रकाश डालिए।
2. ग्रामीण समाज में कृषि सरंचना का वर्णन करो।
3. ग्रामीण समाज में जाति व वर्ग में क्या संबंध है?
4. भूमि सुधार कानून को लागू करने में कुछ बचाव के रास्ते व युक्तियाँ थी। इनके विषय में बताएं।
5. औपनिवेशिक भारत में अंग्रेजों ने दो भूमि कर प्रणालियां अपनाई। ये कौन-कौन सी थी?
6. 'हरित-क्रांति' के बारे में लिखें।
7. हरित क्रांति के कारण क्षेत्रीय असमानताओं में किस प्रकार वृद्धि हुई?
8. जान ब्रेमन का घुमक्कड़ मजदूर (फुटलूज लेबर) से क्या मतलब है?
9. संविदा कृषि के बारें में बताईए।
10. केरल की मिश्रित अर्थव्यवस्था के पीछे कौन से कारक पाए जाते है?

## 6 अंक प्रश्न

1. हरित क्रांति के समाज पर क्या प्रभाव हुए? विस्तार से वर्णन कीजिए।
2. आजादी के बाद भारत में विभिनन भूमि सुधार लागू किए गए, इनके विषय में लिखिए।
3. ग्रामीण क्षेत्र में कृषक समाज की सरंचना कर वर्णन करो।

पाठ 5

# औद्योगिक समाज में परिवर्तन तथा विकास

**मुख्य बिन्दु**

1. **औद्योगिक समाज की कल्पना**

- प्रौद्योगिकी में होने वाले परिवर्तन सामाजिक संबंधों में भी परिवर्तन लाते हैं तथा समाजिक संस्थाएँ (जाति, नातेदारी, लिंग) को भी प्रभावित करते है। औद्योगिकरण से बहुत अधिक श्रम विभाजन होता है। लोग अधिकतर अपने कार्यो का अंतिम रूप नहीं देख पाते क्योंकि उन्हें उत्पादन के एक छोटे से पुर्जे को बनाना होता है। अक्सर यह कार्य दोहराने और थकाने वाला होता है, लेकिन फिर भी बेरोजगार होने से यह स्थिति अच्छी है। मार्क्स ने इसे अलगाव कहा है जिसमें लोग अपने कार्य से प्रसन्न नहीं होते उनकी उत्तरजीविका भी इस बात पर निर्भर करती है कि मशीनें मानवीय श्रम के लिए किना स्थान छोड़ती है।
- औद्योगीकरण कुछ स्थानों पर जबरदस्त समानता लाता है जैसे– रेलगाड़ियाँ, बस आदि में जातीय भेदभाव न होना। तो दूसरी तरफ कारखानों और कार्यस्थलों में भेदभाव अभी भी देखा जा सकता है।

2. **भारत में औद्योगीकरण**

- 1999–2000 में भारत में लगभग 60 प्रतिशत लोग तृतीयक क्षेत्र, 17 प्रतिशत द्वितीयक क्षेत्र, 23 प्रतिशत तृतीयक क्षेत्र में कार्यरत थे। कृषि कार्यो में तेजी से ह्रास हुआ और सरकार उन्हें अधिक आमदानी देने में सक्षम नहीं है।
- संगठित/ औपचारिक क्षेत्र की इकाई में 10 और अधिक लोगों के पूरे वर्ष रोजगार में रहने से इन क्षेत्रों का गठन होता है। पेंशन व अन्य सुविधाएँ मिलती हे। कृषि, उद्योग असंगठित/औपचारिक क्षत्र की इकाई में 10 और अधिक लोगों के पूरे वर्ष रोजगार में रहने से इन असंगठित/ अनौपचारिक क्षेत्र में आते है। असंगठित क्षेत्र में रोजगार स्थाई नहीं होता है। पेंशन व बीमा का समुचित प्रावधान नहीं होता है।

3. **भारत के प्रारम्भिक वर्षो में औद्योगीकरण–** रूई, जूट, रेलवें तथा कोयला खाने भारत के प्रथम उद्योग थे। स्वतंत्रता के बाद भारत ने परिवहन संचार, ऊर्जा, खान आदि को महत्व दिया गया। भारत की मिश्रित आर्थिक नीति में (निजी एवं सार्वजनिक उद्योग) दोनों प्रकार शामिल थे।

4. **भूमंडलीकरण, उदारीकरण एवं भारतीय उद्योग में परिवर्तन**

- 1990 से सरकार ने उदारीकरणा नीति को अपनाया है तथा दूर संचार, नागरिक उड्डयन ऊर्जा आदि क्षेत्रों में निजी कंपनियाँ विशेषकर विदेशी फर्मो को प्रोत्साहित किया जा रहा है। बहुत–सी भारतीय कपंनियों को विदेशियों ने खरीद लिया है। तथा कुछ भारतीय कपंनियाँ बहुराष्ट्रीय कपंनियाँ बन गई है। इसके कारण आमदनी की असमानताएँ बढ़ रही है। बड़े उद्योग में सुरक्षित रोजगार कम हो रहे हैं। किसान तथा आदिवासी लोग विस्थापित हो रहे है।
- सरकार सार्वजनिक कंपनियों के अपने शेयर्स को निजी क्षेत्र की कंपनियों को बेचने का प्रयास कर रही है जिसे विनिवेश कहा जाता है। इससे कर्मचारियों को नौकरी जाने का खतरा रहता है।

5. **लोग किस तरह काम पाते हैं–**

- रोजगारों के विज्ञापन द्वारा बहुत कम लोग रोजगार पाते हैं, जबकि निजी सम्पर्कों द्वारा स्वनियोजित लोग काम के आधार पर व्यवसाय करते है।
- एक फैक्ट्री के कामगारों रोज़गार देने का तरीका भिन्न होता है। कामगार ठेकेदारों से रोज़गार पाते थे। ठेकेदार गाँव जाता है वहाँ काम चाहने वालों से इसके बारे में पूछता है। वह उन्हें कुछ पैसा उधार भी देता है। जिसे अग्रिम दिहाड़ी माना जाता है। जब तक उधार नहीं चुक जाता वह बिना पैसे के काम करता है।
- कार्यकारिणी और यूनियन दोनों ही अपने लोगों को काम दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुछ कामगार अपने ही बच्चों को अपने बदले काम पर लगाना चाहते हैं।
- बहुत–सी फैक्ट्रियों में बदली कामगार भी होते हैं जो कि छुट्टी पर गए हुए मजदूरों के स्थान पर काम करते हैं। उन्हें सबके समान स्थायी पद और सुरक्षा नहीं दी जाती है।

6. **काम को किस तरह किया जाता है-**

- मैनेजर कामगारों को नियंत्रित करके अधिक काम कराते हैं। कामगारों से अधिक कार्य करवाने के दो तरीके होते हैं (कार्य के घंटों में वृद्धि तथा निर्धारित समय में उत्पादित वस्तु की मात्रा को बढ़ा देना।)।

- उत्पादन बढ़ाने के अन्य तरीका है कार्य को संगठित रूप से करना। इसे टेलरिज्म या औद्योगिक इंजीनियरिंग भी कहते है। एक अमेरिकन फैडरिक विनस्लो टेलर ने वैज्ञानिक प्रबंधन के नाम से इस व्यवस्था का आविष्कार किया। इस व्यवस्था में स्टापवाच की सहायता से छोटे-छोटे पुर्जो को तोड़र कामगारों में बांटना, कार्य को समय के साथ पूरा करना कार्य को तेज करने के लिए एसेंबली लाइन का प्रयोग करना कार्य, करने की गति को कन्वेयर बेल्ट के साथ गति रखना आदि। कारखाने में सभी कार्य ब्राह्म स्त्रोतों से करवाते है। इस प्रकार का कार्य कम्पनी को सस्ता पड़ता है।

- अधिक मशीनों वाले उद्योगों में, कम लोगों को काम दिया जाता है, लेकिन जो होते है उन्हें भी मशीनी गति से काम करना होता है जैसे मारूति गति से काम करना होता है जैसे मारूति उद्योग लिमिटेड। इसमें प्रत्येक मिनट में दो कारें तैयार होकर आ जाती है। प्रत्येक कामगार 40 वर्ष का होने तक पूरी तरह थक जाता है ओर स्वैच्छिक अवकाश ले लेता है। यह कामगारों में अधिक तनाव की वहज से होता है।

- साफ्टवेयर, आई.टी. क्षेत्रों में काम करने वाले शिक्षित होते है। उनका कार्य भी टायलरिज्म लेबर प्रक्रिया के अनुरूप ही होता है। आई.टी. क्षेत्र में **'समय की चाकरी'** -औसतन 10-12 घंटे का कार्यदिवस और रातभर कार्य करने वाले कर्मचारी भी असामान्य बात नहीं है, जिसे नाइट आउट कहते है। जब उनकी परियोजना की अंतिम सीमा आ जाती है। लंबे कार्य घंटों का होना एक उद्योग की केंद्रिय 'कार्य संस्कृति' होती हे। एक आठ घंटे काम करने वाले इंजीनियर के श्रम के आधार पर काम को अंतिम सीमा तक पहुँचाने के लिए उसे अतिरिक्त घंटों और दिनों तक काम करना पड़ता है। ऑफिस में देर तक रूक जाते है जो कि या तो साथियों के दबाव के कारण होता हे अथवा वे अपने अधिकारियों को दिखाना चाहते हें कि वे कड़ी मेहनत कर रहे हो।

- संयुक्त परिवार जो कि लुप्त हो गए थे औद्योगीकरण के कारण फिर से बनने लग गए हैं।

7. **कार्यावस्थाएँ**

- सरकार ने कार्य की दशाओं को बेहतर करने के लिए बहुत से कानून बना दिए है।
- खदान एक्ट 1952 ने मजदूरों के विभिन्न कार्यो को स्पष्ट किया है। भूमिगत खदानों में मजदूरों को आग, बाढ़, ऊपरी सतह के धँसने, क्षयरोग आदि का खतरा रहता है। गैसों के उत्सर्जन से तथा ऑक्सीजन की कमी से साँस से संबंधित बीमारियाँ हो जाती है।

8. **घरों में होने वाला काम-** घरों में आज अनेक काम किए जाते हैं लेस बनाना, बीड़ी बनाना, जरी, अगरबत्ती, गलीचे, एवं अन्य कार्य अधिकतर महिलाएँ व बच्चे करते है। एक एजेन्ट इन्हें कच्चा माल दे जाता है। तथा पूरा करवा कर ले जाता है। इन्हें कितना पैसा मिल पाता है बीड़ी उद्योग में पाई डायाग्राम को देखे कि कैसे बीड़ी मूल्य को बांटा गया है।

9. **हड़ताले एवं मजदूर संघ-** फैक्ट्री तथा अन्य उद्योगों में कामगारों के संघ है। जिनमें जातिवाद तथा क्षेत्रीयवाद पाया जाता है।

- मजदूर संघ- किसी भी मिल, कारखाने में मजदूरों के हितों की रक्षा करने के लिए मजदूर संघ का गठन किया जाता है। सभी मजदूर इसके सदस्य होते है।
- हड़ताल- अपनी मांगों को मनवाने के लिए कर्मचारी हड़ताल करते है। कभी-कभी काम की बुरी दशाओं के कारण कामगार हड़ताल पर जाते हैं।
- तालाबंदी- मिल मालिकों द्वारा मिल के मुख्य द्वारा पर ताला लगाना। (1982 की बम्बई टैक्सटाइल मिल की हड़ताल जो व्यापार संघ के नेता दत्ता सामंत के नेतृत्व में हुई थी, जिसमें लगभग ढ़ाई लाख कामगारों के परिवार पीड़ित हुए। उनकी मांग बेहतर मजदूरी तथा संघ बनाने की अनुमति प्रदान करता था। कामगार किसी अन्य मजदूरी या कार्य करने को मजबूर हो जाते हैं इनका भविष्य कौन तय करेगा? मिल मालिक सम्पदा व्यापारी, सरकार या स्वयं ये जटिल प्रश्न है?

## प्रश्नावली

## 1 अंक के प्रश्न

1. लोग किस तरह काम पाते हैं–

   (a) विज्ञापन द्वारा (b) जानकारी द्वारा

   (c) रोजगार कार्यालय (d) उपरोक्त तीनों

2. जो मजदूर छुट्टी पर गए हुए के स्थान पर काम करते हैं उन्हें कहते हैं–

   (a) ठेकेदार (b) बदली कामगार

   (c) गिरमिटिया मजदूर (d) तीनों में से कोई नहीं

3. संगठित/औपचारिक क्षेत्र के अंतर्गत–

   (a) पूरे वर्ष स्थायी रोजगार रहता है। (b) पेंशन की सुविधा होती है।

   (c) बीमा होता है (d) उपरोक्त तीनों

4. कथन सही लिखें–

   (a) विनिवेश के तहत कर्मचारियों की नौकरी जाने का खतरा **नहीं** रहता है।

   (b) तालाबंदी में **मजदूरों** द्वारा मिल के मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया जाता है।

   (c) भूमिगत खदानों में आग लगने का खतरा **नहीं** होता है।

   (d) प्रसिद्ध बंबई कपड़ा मिल हड़ताल की **चार** माँगें थीं।

   (e) फैक्ट्री तथा अन्य उद्योगों में जाति के आधार पर काम **नहीं** मिलता है।

5. कामगारों से अधिक कार्य करवाने के दो तरीके होते हैं .................. तथा ..................

6. सरकार सार्वजनिक कंपनियों के अपने शेयर्स को निजी क्षेत्र की कंपनियों को बेचने का प्रयास कर रही है जिसे ................ कहा जाता है।

7. ................ ने वैज्ञानिक प्रबंधन या टेलरिज्म नामक व्यवस्था का आविष्कार किया।

8. मारुति उद्योग में ................ मिनट में दो कारें तैयार होकर आ जाती हैं। प्रत्येक कामगार ................ वर्ष का होने तक पूरी तरह थक जाता है।

9. औसतन 10-12 घंटे का कार्यदिवस और रात भर कार्य करने को ................ कहते हैं।

10. ................ क्षेत्र में समय की चाकरी की जाती है।

11. अपनी माँगों को मनवाने के लिए मजदूर ................ करते हैं।

## 2 अंक प्रश्न

1. कामगार हड़ताल पर क्यों जाते हैं?
2. तालाबन्दी में मालिक क्या करता है?
3. संगठित और असंगठित क्षेत्र में अन्तर लिखिए।
4. औद्योगिक इन्जीनियरिंग (टेलिरिज्म) क्या होता है?
5. समय की चाकरी से आप क्या समझते है?
6. औद्योगिकी में लोग अपने उत्पादन का अन्तिम रूप क्यों नहीं देख पाते?
7. विनिवेश किसे कहते है? *[Outside Delhi-2018]*
8. हड़ताल और तालाबंदी में क्या अंतर है?
9. बंबई कपड़ा मिल हड़ताल की दो माँगे कौन-सी थी?
10. बदली कामगार कौन होते है?

## 4 अंक प्रश्न

1. उद्योगों के प्राथमिक क्षेत्र कौन से है? असंगठित क्षेत्र के उद्योग क्या होते हैं?
2. 40 वर्ष तक अधिकाशं व्यक्ति उद्योगों में थक जाते हैं। इसमें प्रबन्धकों की भूमिका क्या है?
3. उदारीकरण के कारण कौन-कौन से उद्योग प्रभावित हुए है?
4. उद्योगों में लोग किस प्रकार से काम पाते हैं?
5. भारत में स्वतंत्रता के बाद औद्योगिक क्षेत्रों में क्या बदलाव आए?

6. भूमिगत खदानों में मजदूरों को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है?

7. घर में किया जाने वाला कार्य अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण भाग है। उदाहरण दीजिए। *[Outside Delhi-2018]*

## 6 अंक प्रश्न

1. कामगारों की कार्य अवस्थाएं किस प्रकार की है उदाहरण देकर समझाइए।

2. उदारीकरण का भारत के उद्योगों पर क्या प्रभाव पड़ा है? बहुउद्देशीय कम्पनी क्या होती है?

## पाठ 6

# भूमंडलीकरण और सामाजिक परिवर्तन

**मुख्य बिन्दु**

1. **भूमंडलीकरण**– सामाजिक परिवर्तन का केन्द्रीय बिन्दु है। यह आम लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहा है मध्यम वर्ग के लिए रोजगार, खुदरा व्यापार बहु राष्ट्रीय कपंनियों द्वारा शुरू करना, बड़े बिक्री भंडार, युवाओं के लिए समय बिताने की विधियां तथा अन्य क्षेत्र प्रदान कर रहा है। इससे हमारा सामाजिक व सांस्कृतिक जीवन बदल रहा है। चीन तथा कोरिया से रेशम धागों का आयात करने से बिहार के कामगारों पर प्रभाव, बड़े जहाजों द्वारा मछली पकड़ने के कारण भारतीय मछुआरों पर कुप्रभाव, सूडान से गोंद आने पर गुजरात की औरतों के रोजगार में कमी आ रही है।

2. **क्या भूमंडलीकरण अंत सम्बन्ध भारत तथा विश्व के लिए नए है–**

   - प्रारंभिक वर्ष–भारत आज से दो हजार वर्ष पहले भी विश्व से अलग–थलग नहीं था। प्रसिद्ध रेशम मार्ग (सिल्करूट), यह मार्ग सदियों पहले भारत को उन महान सभ्यताओं से जोड़ता था जो चीन, फ्रांस, मिस्र और रोम में स्थित था। विश्व के भिन्न–भिन्न भागों से लोग यहाँ आए थे, कभी व्यापारियों के रूप में, कभी विजेताओं के रूप में, कभी प्रवासी के रूप में।

   - उपनिवेशवाद और भूमंडलीय संयोजन–उपनिवेशवाद उस व्यवस्था का एक भाग था जिसे पूँजी, कच्ची सामग्री, ऊर्जा, बाज़ार के नए स्रोतों और एक ऐसे संजाल की आवश्यकता थी जो उसे सँभाले हुए था। लोगों का सबसे बड़ा प्रवसन यूरोपीय लोगों का देशांतरण था जब वे अपना देश छोड़कर अमेरिका, आस्ट्रेलिया में जा बसे थे। भारत से गिरमिटिया मजदूरों को किस प्रकार जहाजों में भरकर एशिया, अफ्रीका और उत्तरी–दक्षिणी अमेरिका के दूरवर्ती भागों में काम करने के लिए ले जाया जाता था। दास व्यापार के अंतर्गत हज़ारों अफ्रीकियों को दूरस्थ तटों तक गाड़ियों में भरकर ले जाया गया था।

- स्वतंत्र भारत और विश्व–स्वतंत्र भारत ने भूमंडलीय दृष्टिकोण को अपनाए रखा। बहुत से भारतवासियों ने शिक्षा एवं कार्य के लिए समुद्र पार की यात्राएँ की। एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया थी कच्चा माल, सामग्री और प्रौद्योगिकी का आयात और निर्यात स्वतंत्रता प्राप्ति के समय से ही देश के विकास का अंग बना रहा। विदेशी कंपनियाँ भारत में सक्रिय थी।
- गिरमिटिया मजदूर–पारित रहने और भोजन के भुगतान के बदले एक विदेशी देश में एक निश्रित अवधि के लिए रोजगार के एक पुन: अनुबंध के तहत श्रमिक कार्य।
- दासता के उन्मूलन के बाद 1939 से कैरिएवियन में चीनी बागान पर रोजगार के लिए भारत से श्रमिकों के श्रमिकों का व्यापक रूप से इस्तेमाल किया गया।

3. **भूमंडलीकरण के विभिन्न आयाम**– स्वतंत्र भारत ने भूमंडलीय दृष्टिकोण को अपनाए रखा।

(i) **आर्थिक आयाम**

- **उदारीकरण की आर्थिक नीति**
  - उदारीकरण शब्द का तात्पर्य ऐस अनेक नीतिगत निर्णयों से है जो भारत राज्य द्वारा 1991 में भारतीय अर्थव्यवस्था को विश्व बाजार के लिए खोल देने के उद्देश्य से लिए गए थे।
  - अर्थव्यवस्था के उदारीकरण का अर्थ था भारतीय व्यापार को नियमित करने वाले नियमों और वित्तीय नियमनों को हटा देना।
  - उदारीकरण की प्रक्रिया के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आई.एम.एफ.) जैसी अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से ऋण लेना भी जरूरी हो गया।
- **पार राष्ट्रीय निगम**– ये कम्पनिया एक से अधिक देशों में अपने माल का उत्पाद करती है। या बाजार में सेवाएं प्रदान करती है इनके कारखाने उस देश से बाहर भी होते है जिससे ये मूल रूप से जुड़ी होती है। जैसे कोका कोला, पैप्सी, जनरल मोटर, कोडक, कोलगेट, बाटा आदि।
- **इल्कट्रोनिक अर्थव्यवस्था**– कम्प्यूटर द्वारा या इंटरनेट द्वारा बैकिंग, निगम, निवेशकर्ता, अपनी निधि को अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर इधर–उधर भेज सकते हैं।
- **भार रहित या ज्ञानात्मक अर्थव्यवस्था**– इसमें उत्पाद सूचना पर आधारित

होते है, न कि कृषि तथा उद्योग पर। जैसे इन्टरनेट सेवाएं, मनोरंजन के उत्पाद, मीडिया, साफ्टवेयर, आदि वास्तविक कार्यबल भौतिक उत्पादन तथा वितरण में नहीं होता है। यह इनके डिजाईन, विकास, प्रौद्योगिकी, विपणन, बिक्री तथा सर्विस आदि में होता है।

- **वित्त का भूमंडलीकरण**
    - सूचना प्रौद्योगिकी की क्रांति के कारण वित्त का भूमंडलीकरण हुआ है। भूमंडलीय आधार पर एकीकृत वित्तीय बाज़ार इलेक्ट्रानिक परिपथों, कुछ क्षणों में अरबों-खरबों डालर के लेन-देन होते है।
    - पूँजी और प्रतिभूति बाजारों में चौबीसों घंटे बाजार चलता रहता है।
    - न्यूयार्क, टोकियों और लंदन जैसे नगर वित्तीय व्यापार के प्रमुख केन्द्र है।
- **भूमंडलीय संचार-** इसके कारण बाहरी दुनिया के साथ संबंध बने है। टेलीफोन, फैक्स मशीन, डिजीटल तथा केबल टेलीविजन, इंटरनेट आदि इसमें सहायक बने। डिजिटल विभाजन- दुनिया के सम्बन्ध बनाए रखने के बहुत से साधन मौजूद है, लेकिन कुछ जगह ऐसी भी हैं जहाँ ये साधन बिल्कुल भी नहीं है। इसे डिजिटल विभाजन कहा जाता है।
- **भूमंडलीय तथा श्रम-** भूमंडलीकरण के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक नया श्रम विभाजन पैदा हुआ है। इसमें तीसरी दुनिया के शहरों में नियन्त्रित निर्माण, उत्पादन व रोजगार दिया जाता है 'नाइके' कम्पनी 1960 के दशक में जूतों का आयात करने वाली कम्पनी के रूप में विकसित हुई। इसका मालिक फिल नाईक जापान से जूते आयात करते तथा खेल आयोजनों पर बेचते थे। अब यह कम्पनी बन गई नाईक ने दक्षिण कोरिया में उत्पादन शुरू किया। इसी प्रकार 1980 में थाईलैंड व इंडोनेशिया तथा 1990 भारत में उत्पाद शुरू कर दिया।
- फोर्डवाद- एक केन्द्रीय स्थान पर विशाल पैमाने पर उत्पादन फोर्डवाद कहलाती है।
- फोर्डवादोत्तर- केन्द्रीय स्थान की बजाय अलग-अलग स्थानों पर उत्पादन लचीली प्रणाली के अन्तर्गत पोस्ट फोर्डवाद (फोर्डवादोत्तर) कहलाता है।

**(ii) राजनीतिक आयाम**

- **भूमंडलीकरण व राजनीतिक परिवर्तन-** समाजवादी विश्व का विघटन एक बड़ा राजनीतिक परिवर्तन था इसके कारण भूमंडलीकरण की प्रक्रिया की गति

काफी बढ़ गई है। इससे एक विशेष आर्थिक व राजनीतिक दृष्टिकोण बना है। इन परिवर्तनों को 'नव उदारवादी' उपाय कहते है। भूमंडलीकरण के साथ ही एक अन्य राजनीतिक घटनाक्रम भी हो रहा है। वह है राजनीतिक सहयोग के लिए अन्तर्राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय रचना तन्त्र। जैसे यूरोपीय संघ (ई.यू.) दक्षिण एशियाई राष्ट्र संघ (एशियान), दक्षिण एशियाई व्यापार संघ (बोर्डस) अन्तर्राष्ट्रीय सरकारी तथा गैर-सरकारी संगठनों के विशिष्ट पारराष्ट्रीय कार्यक्षेत्र का प्रबंध करता है। अतः सरकारी संगठन सहभागी सरकारों के विशिष्ट पारराष्ट्रीय कार्यक्षेत्र का प्रबंध करता है। जैसे विश्व व्यापार संघ व्यापार नियमों पर निगरानी रखता है। अन्य उदाहरण है- ग्रीनपीस, रेडक्रास, एम्नस्टी इंटरनेशनल, फ्रंटियरिस डाक्टर्स विदाउट बोर्डस।

**(iii) सांस्कृतिक आयाम**

- **भूमंडलीकरण तथा संस्कृति-** पिछले दशकों में काफी सांस्कृतिक परिवर्तन हुए है, जिसके कारण यह डर पैदा हो गया कि कहीं हमारी संस्कृति पीछे न रह जाए, परन्त आज भी हमारा देश में राजनीतिक व आर्थिक मुद्दों के अलावा कपड़ो, शैलियों, संगीत, फिल्म, हावभाव, भाषा आदि पर खूब बहस होती है।
- **सजातीय बनाम संस्कृति का भू-स्थानीयकरण (ग्लोकलाइजेशन)-** यह माना जाता है कि कुछ समय बाद सब संस्कृतियाँ एक समान हो जाएगी, कुछ मानते है की संस्कृति का भूस्थानीयकरण की प्रवृत्ति बढ़ रही है। अर्थात् भूमंडल के साथ स्थानीय मिश्रण, मैकडोनाल्ड भी भारतीयों की परम्परा के अनुसार उत्पाद बेचता है। संगीत के क्षेत्र में भी भांगड़ा पोप, इंडियाफ्यूजन म्यूजिक आदि लोकप्रियता बढ़ रही है। इस प्रकार भूमंडलीकरण के कारण स्थानीय परमपराओं के साथ-साथ भूमंडलीकरण परम्पराएं भी पैदा हो रही है।
- **लिंग तथा संस्कृति-** परम्परागत संस्कृति का समर्थन करने वाले कुछ व्यक्ति महिलाओं के प्रति भूमंडलीकरण का प्रभाव नकारात्मक मानते हैं फैशन व खुलापन का सांस्कृतिक पहचान के नाम पर विरोध करते हैं तथा शंकालु बनाते है सौभाग्य से भारत अपनी लोकतांत्रिक परम्परा कायम रखते हुए समावेशात्मक नीति विकसित करने में सफल रहा है।
- **उपभोग की संस्कृति-** सांस्कृतिक उपभोग (कला, फैशन, खाद्य, संगीत) नगरों की वृतद्धि को आकार देता है। भारत के बड़े शहरों में बड़े-बड़े शापिंग माल, मल्टीप्लेक्स सिनेमाघर, मनोरंज, उद्यान, जल क्रीड़ास्थल आदि इसके उदाहरण है।

- **निगम संस्कृति ( कॉरपोरेट )–** प्रबंध सिद्धान्त जिसमें फर्म के सभी सदस्यों को साथ लेकर एक विशेष संगठन की संस्कृति का निर्माण करके उत्पादकता और प्रतियोगिता का बढ़ावा देते हैं इससे कम्पनी के कार्यक्रम रीतियां तथा परम्पराएं शामिल हैं ये कर्मचारियों में वफादारी व एकता को बढ़ाती हे। वह यह भी बताती है कि काम करने का तरीका क्या है ओर उत्पादों को कैसे बढ़ावा दिया जाए।
- **स्वदेशी शिल्प, साहित्यिक परम्पराओं एवं ज्ञान व्यवस्थाओं को खतरा–** भूमंडलीकरण के कारण हमारी साहित्यिक परम्पराओं एवं ज्ञान व्यवस्थाओं पर भी कुप्रभाव आए है। जैसे– कपड़ा मिले (बम्बई) बन्द होने के कारण थियेटर समूह समाप्त या निष्क्रिय हो गए है। लेकिन कृषि, स्वास्थ्य संबंधी परम्परागत ज्ञान सुरक्षित रखे जाते है। तुलसी, हल्दी, बासमती चावल, रूद्राक्ष आदि को विदेशी कम्पनियाँ पेटेन्ट कराने की कोशिश करती रहती है। कुछ वर्षपहले आंध्र प्रदेश के पारंपरिक बनकरों द्वारा आत्महत्या किए जाने की खबरे मिली थी। इसी तरह से डोमबारी समुदाय की हालत भी काफी खराब हो चुकी है। इनके करतब आज कल पसन्द नहीं किए जाते क्योंकि अन्य मनोरंजन के साधन उपलब्ध हैं।

## प्रश्नावली

## 1 अंक के प्रश्न

1. कथन सही करें–

   (a) भूमंडलीकरण के अंत संबंध भारत तथा विश्व के लिए **नए** है।

   (b) कोका कोला और पैप्सी पार–राष्ट्रीय निगम के उदाहरण **नहीं** है।

   (c) अलग–अलग स्थानों पर उत्पादन फोर्डवाद कहलाता है।

   (d) बंबई कपड़ा मिल के बंद होने के कारण थियेटर समूह **सक्रिय** हो गए हैं।

   (e) सूडान से गोंद आने पर गुजरात की औरतों के रोजगार में **वृद्धि** हो गई है।

2. कम्प्यूटर द्वारा या इंटरनेट द्वारा बैकिंग, अपनी निधि को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इध र–उधर करना ................ अर्थव्यवस्था कहलाती है।

3. ................ शब्द का तात्पर्य ऐसे अनेक नीतिगत निर्णयों से है जो भारत राज्य द्वारा सन् ................ में भारतीय अर्थव्यवस्था को विश्व बाजार के लिए खोल देने के उद्देश्य से लिए गए थे।

4. भारत से ................ मजदूरों को जहाजों में भरकर एशिया, अफ्रीका और उत्तरी–दक्षिणी अमेरिका के दूरवर्ती भागो में काम करने के लिए ले जाया जाता है।

5. एक स्थानीय संस्कृति का विश्व की संस्कृति से मिश्रण ................ कहलाता है।

6. ऐसी जगह जहाँ संचार के साधन मौजूद नहीं है उसे ................ कहते हैं।

7. एक केंद्रीय स्थान पर विशाल पैमाने पर उत्पादन ................ कहलाता है।

8. उदारीकरण की प्रक्रिया के लिए किस अंतर्राष्ट्रीय संस्था से ऋण लिया जाता है।

   (a) I.M.F (b) W.H.O

   (c) E.V (d) ASEAN

9. कौन सा गैर सरकारी संगठन का उदाहरण नहीं है–

   (a) ग्रीनपीस (b) रेडक्रॉस

   (c) एम्नस्टी इंटरनेशनल (d) दक्षिण एशियाई राष्ट्र संघ

10. भूमंडलीकरण से किसे खतरा है–

   (a) स्वदेशी शिल्प (b) साहित्यक परम्पराएँ

   (c) ज्ञान व्यवस्थाएँ (d) उपरोक्त तीनों

## 2 अंक प्रश्न

1. भूमण्डलीकरण क्या है?
2. ज्ञानात्मक या भार रहित अर्थव्यवस्था क्या होती है?
3. भूस्थानीकरण संस्कृति किसे कहते हैं?
4. निगम संस्कृति (कारपोरेट) से क्या समझते है?
5. उपभोग की संस्कृति किसे कहा जाता है?

6. पार राष्ट्रीय निगमों के बारें में वर्णन करें।
7. फोर्डवाद से आप का क्या तात्पर्य है?
8. प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय व गैर-सरकारी संगठनों के नाम लिखो।
9. फोर्डवाद और पोस्ट फोर्टवाद में अंतर लिखे।
10. डिजिटल विभाजन क्या है?

## 4 अंक प्रश्न

1. सामाजिक न्याय पर भूमंडलीकरण का क्या प्रभाव पड़ा है?
2. भूमंडलीकरण के कारण मजदूर कमजोर व असुरक्षित क्यों महसूस करते हैं?
3. क्या भूमंडलीकरण अंत सम्बन्ध भारत और विश्व के लिए नए है?
4. भूमंडलीकरण हमारे किसानों पर क्या प्रभाव पड़ा है?
5. भूमंडलीकरण आर्थिक परिवर्तन का केन्द्र बिन्दु हैं। वर्णन कीजिए।

## 6 अंक प्रश्न

1. भूमंडलीकरण अधिकतर छोटे उद्योगों के लिए एक खतरा है, स्पष्ट करें।
2. भूमंडलीकरण के राष्ट्रीय स्तर पर राजनीति में क्या परिवर्तन किए हैं?
3. भूमंडलीकरण के विभिन्न आयामों की चर्चा कीजिए?
4. भूमंडलीकरण और श्रम के नए अंतर्राष्ट्रीय विभाजन के प्रभाव की व्याख्या एक उदाहरण की सहायता से कीजिए।
5. भूमंडलीकरण ने संस्कृति को बहुत से तरीको द्वारा प्रभावित किया है। विस्तार से समझाए।

## पाठ 7

# जन सम्पर्क साधन और संचार

**मुख्य बिन्दु**

1. **मास मीडिया**

- मास मीडिया यानि जन संपर्क के साधन टेलीविजन, समाचार पत्र, फिल्में, रेडियों विज्ञापन, सी.डी आदि। ये बहुत बड़ी जनसंख्या को प्रभावित करते हैं समाज पर इसके प्रभाव दूरगामी हे। इसमें विशाल पूंजी, संगठन तथा औपचारिक प्रबन्धन की आवश्यकता है। मास मीडिया हमारे दैनिक जीवन का एक अंग है।

2. **आधुनिक मास-मीडिया का प्रारंभ**

- पहली आधुनिक मास–मीडिया की संस्था का प्रारंभ प्रिटिंग प्रेस के विकास के साथ हुआ।
- यह तकनीक सर्वप्रथम जोहान गुटनबर्ग द्वारा 1440 में विकसित की गई।
- औद्योगिक क्रांति के साथ ही इसका विकास हुआ।
- समाचार–पत्र जन–जन तक पहुँचने लगे।
- देश के विभिन्न भागों में रहने वाले लोग परस्पर जुड़ा हुआ महसूस करने लगे और उनमें 'हम की भावना' विकसित हो गई।
- इससे राष्ट्रवाद का विकास हुआ और लोगों के बीच मैत्री भाव उत्पन्न होने लगे।
- इस प्रकार एंडरसन ने राष्ट्र को एक काल्पनिक समुदाय मान लिया है।

3. **औपनिवेशिक काल में मास-मीडिया**

- भारतीय राष्ट्रवाद का विकास उपनिवेशवाद के विरूद्ध उसके संघर्ष के साथ गहराई से जुड़ा है।
- औपनिवेशिक सरकार के उत्पीड़क उपायों का खुलकर विरोध करनेवाली

राष्ट्रवादी प्रेस ने उपनिवेश-विरोधी जनमत जागृत किया गया और फिर उसे सही दिशा भी दी।

- औपनिवेशिक सरकार ने राष्ट्रवादी प्रेस पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया।
- रेडियो पूर्ण रूप से सरकार के स्वामित्व में था। उस पर राष्ट्रीय विचार अभिव्यक्त नहीं किए जा सकते थे।
- राष्ट्रवादी आंदोलन को समर्थन देने के लिए 'केसरी' (मराठी) मातृभूमि (मलायम) 'अमृतबाजार पत्रिका (अंग्रेजी) छपना प्रारंभ हुई।

**4. स्वतंत्रत भारत में मास मीडिया**

- हमारें पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने मीडिया को "लोकतंत्र के पहरेदार" की भूमिका दी। ये लोगों में राष्ट्र विकास तथा आत्मनिर्भरता की भावना भरे, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने को कहा, औद्योगिक समाज को तर्क संगत तथा आधुनिकता की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी।

  मीडिया के प्रकार: मीडिया के दो प्रकार है।

  **(1) इलेक्ट्रानिक मीडिया**

  **(2) प्रिन्ट मीडिया**

- **रेडियो (इलेक्ट्रानिक मीडिया)**- 1920 में कलकत्ता तथा चेन्नई से हैम्ब्राडकास्टिंग क्लब ने भारत में शुरू किया। शुरू में केवल छ: स्टेशन थे। समाचार प्रसारण आकाशवाणी द्वारा तथा मनारंजन कार्यक्रम विविध भारती चैनल द्वारा प्रसारित होते थे। 1960 के दशक में हरित क्रांति के कार्यक्रम प्रसारित किए गये। इसके बाद जरूरत के अनुसार राष्ट्रीय, क्षेत्रीय तथा स्थानीय स्तरों पर सेवाएं शुरू की गई।
- **टेलीविजन (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया)**- 1959 में ग्रामीण विकास की भावना के साथ इसकी शुरूआत हुई। 1975-76 में उपग्रह की सहायता से ग्रामीण क्षेत्रों में समुदायिकक शिक्षा का कार्यक्रम शुरू किया गया। दिल्ली, मुम्बई, श्रीनगर तथा अमृतसर में केन्द्र बनाए गए। इसके बाद कोलकता, चेन्नई तथा जालन्धर केन्द्र शुरू किए गये। विभिनन प्रकार के कार्यक्रमों को शुरूआत की वाणिज्यिक विज्ञापनों ने लोकप्रियता को बढ़ावा दिया। "हम लोग" और "बुनियाद" जैसे सोप ओपेरा प्रसारित किए गए।

- **सोप ओपेरा**– वे धारावाहिक जो टी.वी. पर साल दर साल प्रसारित होते रहते है जब तक टी.वी. चैनल उन्हें खत्म नहीं करते।

- **मुद्रण माध्यम (प्रिन्ट मीडिया)**– शुरू में सामाजिक आन्दोलन, फिर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी। 1975 में सैंसरशिप व्यवस्था तथा 1977 में पुनः बहाली। इसके प्रभाव आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक पक्षों पर महत्वपूर्ण है। उदाहरण–समाचार पत्र, पत्रिका आदि।

5. **भूमंडलीकरण तथा मीडिया**– 1970 तक सरकार के नियमों का पालन किया गया। इसके बाद बाजार तथा प्रौद्योगिकी आदि ने रूप बदल दिया है। भूमंडलीकरण के कारण प्रिंट मीडिया, रेडियो, इलैक्ट्रॉनिक मीडिया में परिवर्तन हुए।

(क) **मुद्रण माध्यम (प्रिंट मीडिया)**

- नई प्रौद्योगिकियों ने समाचार पत्रों के उत्पादन ओर प्रसार को बढ़ावा दिया। बड़ी संख्या में चमकदार पत्रिकाएँ भी बाजार में आ गई है।
- भारतीय भाषाओं के समाचार पत्रों में आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है।
- कारण (1) साक्षर लोगों में वृद्धि (2) छोटे कस्बों ओर गाँवों में पाठको की आवश्यकताएँ शहरी पाठकों से भिन्न होती है और भारतीय समाचार पत्र इसे पूरा करते है।

(ख) **टेलीविजन**

- 1991 में भारत में केवल एक ही राज्य नियंत्रित टीवी चैनल दूरदर्शन था।
- अब गैर सरकारी चैनलों की संख्या कई गुणा बढ़ गई है।
- 1980 के दशक में एक ओर जहाँ दूरदर्शन तेजी से विस्तृत हो रहा था, वही केवल टेलीविजन उद्योग भी भारत के बड़े–बड़े शहरों में तेजी से पनपता जा रहा था।
- बहुत से विदेशी चैनल जैसे सोनी, स्टार प्लस, स्टार नेटवर्क आदि पूर्ण रूप से हिंदी चैनल बन गए।
- अधिकांश चैनल हफ्ते में सातो दिन, और दिन में चौबीसों घंटे चलते है।
- रिएलिटी शो वार्ता प्रदर्शन, हँसी–मजाक के प्रदर्शन बड़ी संख्या में हो रहे हैं।

- कौन बनेगा करोड़पति, बिग बॉस, इंडियन आइडल जैसे वास्तविक प्रदर्शन दिन–भर–दिन लोकप्रिय होते जा रहे है।

- **रेडियो**
  - 2000 में आकाशवाणी के कार्यक्रम भारत के सभी दो तिहाई घरों में सुने जा सकते थे।
  - 2002 में गैर सरकारी स्वामित्व वाले एफ.एम रेडियो स्टेशनों की स्थापना से रेडियो पर मनोरंजन के कार्यक्रमों में बढ़ोतरी हुई। ये श्रोताओं को आकर्षित कर उनका मनोरंजन करते थे।
  - एफ.एम. चैनलों को राजनीतिक समाचार बुलेटिन प्रसारित करने की अनुमति नहीं है।
  - अपने श्रोताओं को लुभाने के लिए दिन भर हिट गानों को प्रसारित करते है जैसे रेडियों मिर्ची।
  - दो फिल्मों ''रंग दे बसंती'' और ''मुन्ना भाई'' में रेडियों को संचार के सक्रिय माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया गया है।
  - भारत में एफ.एम. चैनलों को सुनने वाले घरों की संख्या ने स्थानीय रेडियों द्वारा नेटवर्को का सीन ले लेने की विश्वयापी प्रवृत्ति को बल दिया।

## प्रश्नावली

## 1 अंक के प्रश्न

1. कथन सही करें–

(a) **एंडरसन** ने मीडिया को 'लोकतंत्र' के पहरेदार की भूमिका दी।

(b) औपनिवेशिक सरकार ने रेडियो को पूर्ण रूप से **स्वतंत्रता** प्रदान करी।

(c) प्रिंट मीडिया का एक उदाहरण **टेलिविजन** है।

(d) सोप ओपेरा ऐसे धारावाहिकों की शृंखला है **जो कभी प्रसारित होते हैं और कभी गायब हो जाते हैं।**

2. कौन सी फिल्म में रेडियो का इस्तेमाल नहीं हुआ था–

(a) रंग दे बसंती (b) मुन्ना भाई

(c) मुगल-ए-आजम (d) उपरोक्त तीनों

3. इनमें से कौन-से चैनल विदेशी नहीं हैं–

(a) सोनी (b) स्टार प्लस

(c) स्टार नेटवर्क (d) दूरदर्शन

4. सोप ओपेरा का उदाहरण कौन-सा है–

(a) हम लोग (b) टैगोर की कहानियाँ

(c) शक्तिमान (d) उपरोक्त तीनों

5. मीडिया के प्रकार हैं–

(a) दो (b) तीन

(c) चार (d) पाँच

6. प्रिंटिंग प्रैस कब विकसित हुई–

(a) 1440 (b) 1975

(c) 1945 (d) 1800

7. एंडरसन ने राष्ट्र को एक ............... समुदाय मान लिया था।

8. आज मास-मीडिया हमारे ............... का एक अंग है।

9. ............... प्रिंट मीडिया का एक उदाहरण है।

10. 2002 में गैर सरकारी स्वामित्व वाले ............... रेडियो स्टेशनों की स्थापना से रेडियो पर मनोरंजन के कार्यक्रमों में बढ़ोतरी हुई।

11. साक्षर लोगों में वृद्धि से भी ............... में आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है।

12. 1991 में भारत में केवल एक ही राज्य नियंत्रित टी.वी. चैनल ............... था।

## 2 अंक प्रश्न

1. मास-मीडिया से आप क्या समझते हैं?

2. जनसंपर्क के साधनों के उदाहरण लिखिए।

3. मास मीडिया में किस प्रकार बढ़ोत्तरी हुई है?

4. प्रौद्योगिकी तथा परिवहन ने मास मीडिया पर क्या प्रभाव डाले हैं?

## 4 अंक प्रश्न

1. उदारीकरण तथा मास मीडिया किस प्रकार एक दूसरे को प्रभावित कर रहे है?

2. समाचार पत्रों का प्रारूप दैनिक आवश्यकताओं के अनुसार परिवर्तित हो रहा है वर्णन करें।

3. भूमंडलीकरण के कारण मास मीडिया सामाजिक परिवर्तन का मुख्य कारण है, उदाहरण देकर स्पष्ट करें।

4. मीडिया को लोकतंत्र के पहरेदार की भूमिका क्यों दी गई?

5. टेलीविजन के माध्यम में जो परिवर्तन हो रहे है उनकी चर्चा करें।

6. प्रिंट मीडिया पर भूमंडलीकरण के प्रभावों की विवेचना कीजिए।
*[Outside Delhi-2018]*

## 6 अंक प्रश्न

1. औपनिवेशिक काल से आधुनिक काल तक प्रिन्ट मीडिया में होने वाली परिवर्तनों का उल्लेख करें ब्रिटिश सरकार इन पर क्यों निगरानी चाहती थी?

2. आम व्यक्ति के अखबार से लेकर, इन्टरनेट तक का प्रयोग किस प्रकार जन जीवन को प्रभावित करता है। इसी संदर्भ में काल सैन्टरों की स्थापना ने किस प्रकार युवाओं को प्रभावित किया है तथा रात्रि के समय किस प्रकार नई गतिविधियाँ बढ़ी है।

3. क्या एक जनसंचार के माध्यम के रूप में रेडियो खत्म हो रहा है? उदारीकरण के बाद भी भारत में एफ.एम. स्टेशनों के सामर्थ्य की चर्चा करें।

पाठ 8

# सामाजिक आंदोलन

**मुख्य बिन्दु**

1. **सामाजिक आन्दोजन–** ये समाज को एक आकार देते हैं। 19वीं सदी में अनेक सुधार आन्दोलन हुए जैसे– जाति व्यवस्था के विरूद्ध, भेदभाव के विरूद्ध और राष्ट्रीस स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन आदि।

2. **सामाजिक आन्दोलन के लक्षण**
   - लम्बे समय तक निरंतर सामूहिक गतिविधियों की आवश्यकता।
   - संगठन होना आवश्यक है।
   - सामाजिक आन्दोलन प्राय: किस जनहित के मामले में परिवर्तन के लिए होते है। जैसे आदिवासियों का जंगल पर अधिकार, विस्थापित लोगों का पुनर्वास।
   - संगठन में नेतृत्व तथा संरचना होती है।
   - सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए।
   - भाग लेने वाले लोगों के उद्देश्य तथा विचारधाराओं में समानता होती है।
   - सामाजिक आन्दोलन के विरोध में प्रतिरोधी में आन्दोलन जन्म लेते है। जैसे सती प्रथा के विरूद्ध आन्दोलन के खिलाफ धर्म सभा बनी, जिसने अंग्रेजों से सती प्रथा खत्म करकने के विरूद्ध कानून बनाने की मांग की।
   - सामाजिक आन्दोलन विरोध के विभिन्न साधन विकसित करते है–मोमबत्ती या मशाल जुलूस, नुक्कड़ नाटक गीत।
   - 

| **सामाजिक परिवर्तन** | **सामाजिक आन्दोलन** |
|---|---|
| (अ) निरंतरता | (अ) विशिष्ट उद्‌देश्य |
| (ब) संस्कृतिकरण, पश्चिमीकरण आदि | (ब) लोगों का निरन्तर सामाजिक प्रयास सती प्रथा विरोधी आंदोलन आदि |

4. **सामाजिक आन्दोलन के सिद्धान्त–**

- **सापेक्षिक वंचन का सिद्धान्त**

  (1) सामाजिक संघर्ष तब उत्पन्न होता है जब सामाजिक समूह अपनी स्थिति खराब समझता है।

  (2) मनोवैज्ञानिक कारण जैसे क्षोभ व रोष

**सीमाएँ:** सामूहिक गतिविधि के लिए वंचन का आभास आवश्यक है लेकिन यह एक पर्याप्त कारण नहीं है।

- दि लोजिक आफ कलैक्टिव एक्शन– सामाजिक आंदोलन में स्वयं का हित चाहने वाले विवेकी व्यक्तिगत अभिनेताओं का पूर्ण योग है। व्यक्ति कुछ प्राप्त करने के लिए इनमें शामिल होगा उसे इसमें जोखिम भी कम हो और लाभ अधिक।

**सीमाएँ :** सामाजिक आन्दोलन की सफलता संसाधनों व योग्यताओं पर निर्भर करती है।

- संसाधन गतिशीलता का सिद्धान्त– सामाजिक आन्दोलन में नेतृत्व, संगठनात्मक क्षमता तथा संचार सुविधाओं को एकत्र करना इसकी सफलता का जरिया है।

**सीमाएँ :** प्राप्त संसाधनों की सीमा में वंचित नहीं, नए प्रतीक व पहचान की रचना भी कर सकता है।

5. **सामाजिक आन्दोलनों के प्रकार**

(अ) प्रतिदानात्मक आन्दोलन– व्यक्तियों की चेतना तथा गतिधियों में परिवर्तन लाते है। जैसे केरल के इजह्वा समुदाय के लोगों ने नारायण गुरू के नेतृत्व में अपनी सामाजिक प्रथाओं को बदला।

(ब) सुधारवादी आन्दोलन– सामाजिक तथा राजनीतिक विन्यास को धीमे व प्रगतिशील चरणों द्वारा बदलना। जैसे– 1960 के दशक में भाषा के आधार पर राज्यों का पुनर्गठन व सूचना का अधिकार।

(स) क्रांतिकारी आन्दोलन– सामाजिक संबंधों में आमूल परिवर्तन करना तथा राजसत्ता पर अधिकार करना। जैसे– बोल्शेविक क्रांति जिसमें रूस में जार को अपदस्थ किया।

## 6. सामाजिक आंदोलन के अन्य प्रकार

- पुराना सामाजिक आंदोलन (आजादी पूर्व)- नारी आंदोलन, सती प्रथा के विरूद्ध आंदोलन, बाल विवाह, जाति प्रथा के विरूद्ध आंदोलन। यह राजनीतिक दायरे में होते थे। किसी निश्चित क्षेत्र अथवा देश में होते हैं।
- नया सामाजिक आन्दोलन- जीवन स्तर को बदलने व शुद्ध पर्यावरण के लिए।
    - बिना राजनीतिक दायरे के होते है तथा राज्य पर दबाव डालते है।
    - अन्तर्राष्ट्रीय हैं

## 7. परिस्थितिकीय आन्दोलन

उदाहरण- चिपको आंदोलन

चिपको आन्दोलन- उंत्तराचल में वनों को काटने से रोकने तथा पर्यावरण का बचाव करने के लिए स्त्रियां पेड़ों से चिपक गई ओर पेड़ काटने नहीं दिये। इस प्रकार यह आन्दोलन आर्थिक, परिस्थितिकीय व राजनीतिक बन गया।

## 8. वर्ग आधारित आन्दोलन

- किसान आन्दोलन- 1858-1914 के बीव स्थानीयता, विभाजन व विभिन्न शिकायतों से सीमित होने की ओर प्रवृत्त हुआ।
    - 1859-62 नील की खेती के विरोद्ध में।
    - 1857- दक्षिण का विद्रोह जो साहूकारी के विरोधा में।
    - 1928- लगान विरोद्धी आंदोलन
    - 1920- ब्रिटिश सरकार की वन नीतियों के विरूद्ध आंदोलन
    - 1920-1940 आल इंडिया किसान सभा
- स्वतंत्रता के समय दो मुख्य किसान आंदोलन हुए
    - (i) 1946-1947 तिभागा आन्दोलन- यह संघर्ष पट्टेदारी के लिए हुआ।
    - (ii) 1946-1951 तेलंगाना आन्दोलन- यह हैदराबाद की सामंती दशाओं के विरूद्ध था।

- स्वतंत्रता के बाद दो बड़े सामाजिक आंदोलन हुए
  (i) 1967 नकस्ली आन्दोलन– यह आंदोलन भूमि को लेकर हुआ था।
  (ii) नये किसानों का आंदोलन
- नया किसान आन्दोलन
  - 1970 में पंजाब व तमिलनाडु में प्रारंभ हुआ।
  - दल रहित थे।
  - क्षेत्रीय आधार पर संगठित थे।
  - कृषक के स्थान पर किसान जुड़े थे (किसान उन्हें कहा जाता है जो कि वस्तुओं के उत्पादन और खरीद दोनों में बाजार से जुड़े होते है।)
  - राज्य विरोधी व नगर विरोधी थे।
  - लाभ प्रद कीमतें, कृषि निवेश की कीमते, टैक्स व उधार की वापसी की माँगे थी।
  - सड़क व रेल मार्ग को बंद किया गया था।
  - महिला मुद्दों को शामिल किया गया।
- कामगारों का आन्दोलन
  - 1860 में कारखानों में उत्पादन का कार्य शुरू हुआ। कच्चा माल भारत से ले जाकर, इंग्लैंड में निर्माण किया जाता था।
  - बाद में ऐसे कारखानों को मद्रास, बंबई और कलकत्ता स्थापित किया गया।
  - कामगारों ने अपनी कार्य दशाओं के लिए विरोध किया।
  - 1918 में सर्वप्रथम मजदूर संघ की स्थापना हुई।
  - 1920 में एटक की स्थापना हुई (ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस–एटक)
  - कार्य के घंटों की अवधि को घटाकर 10 घंटे कर दिया गया।

– 1926 में मजदूर संघ अधिनियम पारित हुआ जिसने मजदूर संघों के पंजीकरण कि प्रावधान किया, और कुछ नियम बनाए।

**9. जाति आधारित आन्दोलन**

(अ) दलित आन्दोलन– दलित शब्द मराठी, हिन्दी, गुजराती व अन्य भाषाओं के रूप में पहचान प्राप्त करने का संघर्ष है। दलित समानता, आत्मसम्मान, अस्पृश्यता उन्मूलन के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

- मध्य प्रदेश में चमारों का सतनामी आन्दोलन
- पजांब में आदिधर्म आन्दोलन
- महाराष्ट्र में महार आन्दोलन
- आगरा में जाटवों की गतिशीलता
- दक्षिण भारत में ब्रह्मण विरोधी आन्दोलन

(ब) पिछड़े वर्ग का आन्दोलन

- पिछड़े जातियों, वर्गों का राजनीतिक इकाई के रूप में उदय
- औपनिवेशिक काल में राज्य अपनी संरक्षित का वितरण जाति आधारित करते थे।
- लोग सामाजिक तथा राजनीतिक पहचान के लिए जाति में रहते हैं।
- आधुनिक काल में जाति अपनी कर्मकांडों विषय वस्तु छोड़ने लगी तथा राजनीति गतिशीलता के पंथ निरपेक्ष हो गई है।

(स) उच्चजाति का आन्दोलन– दलित व पिछड़ो के बढ़ते प्रभाव से उच्च जातियों ने उपेक्षित महसूस किया।

**10.** **जन जातीय आन्दोलन**– जनजातीय आंदोलनों में से कई मध्य भारत में स्थित है। जैसे– छोटा नागपुर व संथाल परगना में स्थित संथाल, हो, मुंडा, ओराव, मीणा आदि।

- झारखंड
  - बिहार से अलग होकर 2000 में झारखण्ड राज्य बना।
  - आन्दोलन की शुरूआत विरसा मुण्डा ने की थी।
  - ईसाई मिशनरी ने साक्षरता का अभियान चलाया।

- दिक्कुओं- (व्यापारी व महाजन) के प्रति घृणा।
    - आदिवासियों को अलग-थलग किया जाना।
- आन्दोलन के मुख्यबिन्दु व मुद्दे
    - भूमि का अधिग्रहण
    - ऋणों की वसूली
    - वनों का राष्ट्रीकरण
    - पुर्नवास न किया जाना।
- पूर्वोत्तर राज्यों के आंदोलन- वन भूमि से लोगों का विस्थापन तथा पारिस्थितिकीय मुद्दे।

11. **महिलाओं का आन्दोलन**

- 1970 के दशक में भारत में महिला आन्दोलन का नवीनीकरण हुआ।
- महिला आन्दोलन स्वयत थे तथा राजनीतिक दलों से स्वतंत्र थे।
- महिलाओं के प्रति हिंसा के बारे में अभियान चलाए।
- स्कूल के प्रार्थना पत्र में माता-पिता दोनों का नाम शामिल।
- यौन उत्पीड़न व दहेज के विरोध में।
- कुछ महिला संगठनों के नाम- विमंस इंडिया एसोसिएशन (1971), आल इंडिया विमंस कान्फ्रेंस (1926)

## प्रश्नावली

## 1 अंक के प्रश्न

1. कथन सही करें–

   (a) तेलंगाना आंदोलन पट्टेदारी के लिए हुआ।

   (b) सामाजिक आंदोलन के लिए किसी विशिष्ट उद्देश्य की जरूरत नहीं है।

   (c) उत्तरांचल में हुए चिपको आंदोलन में पुरुष पेड़ों से चिपक गए थे।

(d) नए सामाजिक आंदोलन में जाति प्रथा एवं बाल विवाह के विरुद्ध आंदोलन किए।

(e) 1921 में एटक की स्थापना हुई।

2. नया किसान आंदोलन 1970 में .............. और .............. में प्रारंभ हुआ।

3. दलित आंदोलन का एक उदाहरण मध्य प्रदेश में .............. का .............. आंदोलन।

4. बिहार से अलग होकर 2000 में .............. राज्य बना।

5. नया किसान आंदोलन .............. विरोधी व .............. विरोधी थे।

6. 1967 का नक्सली आंदोलन का मुद्दा था।

(a) भूमि (b) फसल

(c) लगान (d) पट्टेदारी

7. मजदूर संघ की स्थापना हुई।

(a) 1918 (b) 1919

(c) 1920 (d) 1921

8. सामाजिक आंदोलन के प्रकार है।

(a) तीन (b) चार

(c) पाँच (d) दो

9. निम्नलिखित में से कौन–सा सामाजिक आंदोलन विरोध के साधन हैं–

(a) मशाल जुलूस (b) नुक्कड़ नाटक

(c) काले कपड़े पहनना (d) उपरोक्त तीनों

10. जनजातीय आंदोलन के मख्य बिंदु कौन–से हैं–

(a) भूमि का अधिग्रहण (b) ऋणों की वसूली

(c) वनों का राष्ट्रीकरण (d) उपरोक्त तीनों

## 2 अंक प्रश्न

1. सामाजिक आन्दोलन क्या होते है?
2. सामाजिक परिवर्तन व सामाजिक आन्दोलन में क्या अन्तर है?
3. किसान आन्दोलनों के दो उदाहरण लिखो।
4. एटक को समझाए।
5. जाति आधारित चार आन्दोलनों के उदाहरण लिखिए।
6. चार जन जातियों के नाम लिखें।
7. दो महिला संगठनों के नाम बताइए।

### 4 अंक प्रश्न

1. सुधारवादी व क्रांतिकारी आन्दोलनों में अन्तर बताइए।
2. प्रतिदानात्मक व सुधारवादी आन्दोलन आन्दोलन में अन्तर बताइए।
3. पारिस्थितिकीय आन्दोलन का वर्णन कीजिए।
4. नए किसान आन्दोलन पर नोट लिखिए।
5. उस मुद्दे के विषय में बताइए जिसके लिए झारखंड के नेताओं ने आन्दोलन किया।
6. महिलाओं ने आधुनिक युग में विभिन्न मुद्दों को उठाया है? इनका वर्णन कीजिए।

## 6 अंक प्रश्न

1. नए सामाजिक आन्दोलन व पुराने सामाजिक आन्दोलन में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
2. सामाजिक आन्दोलनों की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
3. सामाजिक आन्दोलनों के सिद्धान्तों के विषय में बताइये
4. किसान आन्दोलन व नए किसान आन्दोलन में अन्तर लिखिए।

# प्रश्न पत्र हल करने के लिये याद करने योग्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु

1. प्रश्न पत्र को अच्छी तरह से पढ़ें।
2. प्रश्न पत्र में दिये गये प्रश्नों को हमेशा क्रमानुसार करें।
3. प्रश्न पत्र को हल करते समय प्रश्नों की संख्या नं0 को उत्तर पुस्तिका में सही लिखे।
4. हमेशा महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं को रेखांकित करें।
5. 1 अंक वाले प्रश्नों को समझ कर लिखें।
6. 2 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर देने में शब्दों को सीमित रखे (कोई दो महत्त्वपूर्ण बिंदु लिखें)
7. 4 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर देने में कोई 4 महत्त्वपूर्ण बिन्दु विस्तार से लिखे।
8. 6 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर देने में कोई 6 महत्वपूर्ण बिन्दु विस्तार से लिखे।
9. 6 अंक वाले अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़े। उत्तर देने के लिए अनुच्छेद की सहायता लेते हुए अपनी समझ से लिखे।
10. प्रत्येक उत्तर के बीच में अन्तर रखें।
11. अपनी लिखाई पर विशेष ध्यान दें।

**समाजशास्त्र में अच्छे अंक हासिल करने हेतू महत्वपूर्ण बिन्दुः-**

1. N C E R T की दोनो पुस्तके तथा सहायक सामग्री का ही इस्तेमाल करें।
2. N C E R T में दिये गये रंगीन व ग्रे बाक्स को भी ध्यानपूर्वक पढे।
    - 6 अंक वाला अनुच्छेद अक्सर इन बाक्स से पूछा जाता है।
    - समाजशास्त्र विषय में अपना ज्ञान बढ़ाने के लिये भी इन बाक्स को अवश्य पढ़े।
3. N C E R T में दिये अभ्यास को भी अवश्य हल करें।
4. CBSE के सैम्पल पेपर्स तथा पिछले 5 सालों के प्रश्न पत्रों को अवश्य हल करे।
5. CBSE बोर्ड परीक्षा से पहले कोई एक प्रश्नपत्र अवश्य हल करें। ताकि समय सीमा का आपको ज्ञान हो जाये।

# समाजशास्त्र

## मार्च- 2013

**प्रश्न-1.** आधुनिकीकरण का क्या तात्पर्य है?

**उत्तर-** पुरानी परम्पराओं को त्याग कर नये विचारों को ग्रहण करना। यह प्रक्रिया परिवर्तन की प्रक्रिया पर आधारित होती है तथा जिसमें अच्छे-बुरे, नई-पुरानी इत्यादि भावनाओं का आभास होता है। धर्मनिरपेक्षता, शिक्षा, नगरीकरण, नये अधिकार इत्यादि आधुनिकीकरण के लिये आवश्यक है। आधुनिकीकरण व्यक्ति के विचार, व्यवहार के ढंग, जीवन के सभी पहलू पर प्रभाव डालता है।

**प्रश्न-2.** प्रबंधक के आधारभूत कार्य क्या है?

**उत्तर-**

1. मजदूरों पर नियंत्रण रखना
2. अधिक से अधिक काम लेना
3. निर्धारित कार्यों की आपूर्ति करना

**प्रश्न-3.** 'इफोटेनमेंट शब्द का क्या अर्थ है?

**उत्तर-** सूचना तथा मनोरंजन में तालमेल रखना जिससे विशेषकर समाचार पत्र, टेलीविजन तथा रेड़ियो आदि से दर्शक जुड़े रहे।

**प्रश्न-4.** प्रतिष्ठा का प्रतीक क्या होता है?

**उत्तर-** उपभोक्ता अपने खाने-पीने, पहनने, रहने आदि के लिये किस कोटि (तरह) की वस्तुएं खरीदता है अर्थात् लोगों द्वारा प्रयोग की जाने वाली वस्तुओं के संबंधों को प्रतिष्ठा का प्रतीक कहते है। लोगो का पहनावा, खानपान, निवास, कार आदि उनके प्रस्थिति चिन्ह है।

**प्रश्न-5.** बागान के मालिक कैसे रहा करते थे?

**उत्तर**- 1. बागान के मालिक सभी सम्भावित सुविधाओं के साथ शाही जीवन व्यतीत करते थे।

2. बागानो के मालिक विशाल बंगलों में रहते थे जो मजबूत लकड़ी के पट्टो से घिरे होते थे ताकि जंगली जानवर उनमें प्रवेश न कर सके।

3. बागानों के मालिक बावर्चियों, मालियों तथा अन्य काम-काज करने वालों को प्रशिक्षण दिया करते थे ताकि वह अच्छे ढंग से उनकी सेवा कर सकें।

**प्रश्न-6.** असंस्कृतिकरण शब्द का अर्थ लिखिए।

**उत्तर**- उत्तर के लिए CBSE प्रश्न पत्र 2014 Q. No 2 देखे।

**प्रश्न-7.** कार्ल मार्क्स के अनुसार विसबंधन (एलिएनेशन) स्थिति क्या है?

**उत्तर**- कार्ल मार्क्स के अनुसार एलिएनेशन एक मानसिक दशा है जो अधिकतर अपने कार्यो का अंतिम रूप नहीं देख पाते क्योंकि उन्हें उत्पादन के छोटे से पुर्जे को बनाना होता है।

- लोग अपने कार्यो से प्रसन्न नहीं होते।
- व्यक्ति अपने कार्य तथा समूह से अलगाव महसूस करता है।

**प्रश्न-8.** नेहरू ने संचार (मीडिया) को लोकतंत्र का पहरेदार क्यों कहा है?

**उत्तर**- मीडिया से यह आशा की गई है कि वह लोगों के हृदय में आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय विकास की भावना भरे। मीडिया अस्पृश्यता, बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों तथा जादू-टोना जैसे अंधविश्वासों के विरूद्ध लड़ने के लिये प्रोत्साहित करती है।

**प्रश्न-9.** पंचायतो की आमदनी के प्रमुख स्त्रोत क्या हैं?

**उत्तर**-

1. सम्पति, व्यवसाय, पशु वाहन आदि पर कर लगाना।
2. चुंगी कर तथा भू-राजस्व वसूल करना।
3. जिला पंचायत द्वारा अनुदान प्राप्त होता है।

**प्रश्न-10.** विरोध प्रदर्शन के विशेष तरीके क्या है?

**उत्तर–**

1. मोमबत्ती या मशाल, जुलूस, काले कपड़े का प्रयोग, नुक्कड़ नाटक, गीत, कविताएँ आदि।
2. स्वतंत्रता आन्दोलन में अंहिसा तथा चरखे के प्रयोग जैसे नये तरीको को अपनाया।

**प्रश्न–11.** उन्नीसवी शताब्दी में समाज सुधारको की प्रमुख चिताएँ क्या थी?

**उत्तर–** सामाजिक कुरीतियो को दूर करना जैसे सति प्रथा बाल विवाह, विधवा पुर्नविवाह, जातिय भेदभाव, स्त्रियों के लिये शिक्षा आदि।

**प्रश्न–12.** उदारीकरण नीति का क्या आशय है?

**उत्तर–**

1. निजीकरण को बढ़ावा देना (सरकारी संस्थानो को प्राइवेट कम्पनियों को बेच देना)
2. सरकारी नियत्रंण में ढील देना।
3. विदेशी कम्पनियों को भारत में उद्योग स्थापित करने के लिये सहुलियत देना।
4. बहुत सारी विदेशी वस्तुओं का आसानी से उपलब्ध होना।
5. अंतराष्ट्रीय संस्थान जैसे TMF तथा WTO को महत्व दिया गया उनसे ऋण लेना आसान हो गया।

**प्रश्न–13.** किन्ही दो INGO's के नाम लिखिए।

**उत्तर–** दि रेडक्रास, एम्नस्टी इंटरनेशनल, हैल्पएज, ग्रीनपीस, मेडिसिंस सैन्स फ्रंटियरिस आदि।

**प्रश्न–14.** जनसंचार किस प्रकार हमारे दैनिक जीवन का एक अंग है?

**उत्तर–**

1. समाचार पत्र पढना
2. टेलिविजन देखना
3. मोबाइल फोन पर मिस्ड कaल चैक करना।
4. रेडियो सुनना
5. इंटरनेट

**प्रश्न–15.** वे क्या मुद्दे थे जिनके विरूद्ध झारखंड आंदोलन के नेता उत्तेजित थे?

**उत्तर–**

1. सिंचाई परियोजनाओं तथा गोलीबारी क्षेत्र के लिये भूमि का अधिग्रहण
2. रूके हुए सर्वेक्षण तथा पुर्नवास की कार्यवाही, बंद कर दिये गये कैंप आदि।
3. ऋणों, किराए तथा सरकारी कर्जो का संग्रह जिसका प्रतिकार किया गया।
4. वन उत्पादन का राष्ट्रीयकरण जिन्होंने उसका बहिष्कार किया।

**प्रश्न–16.** सांस्कृतिक विभिन्नता का क्या आशय है? राज्य सांस्कृतिक विभिन्नता के बारे में प्राय: शंकालु क्यों होते है? *[Outside Delhi-2018]*

**उत्तर–** सांस्कृतिक विभिननता से तात्पर्य है कि भारत में अनेक प्रकार के सामाजिक समूह तथा समुदाय निवास करते है।

- यह समुदाय सांस्कृतिक चिन्हो जैसे– भाषा, धर्म, जाति या प्रजाति द्वारा परिभाषित किये जाते है।
- सांस्कृतिक विभिन्नता के कारण देश में बहुत सी समस्याएं भी उत्पन्न होती है जैसे कि जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद, साम्प्रदायिकता, आंतकवाद तथा जातिय दगें इत्यादि। इससे देश का माहौल काफी खराब हो जाता है। इस कारण ही राज्य अक्सर सांस्कृतिक विभिन्नता के बारे में शंकालू होते है।

**प्रश्न–17.** ग्रामीण लोगों को उनकी आवाज देने में 73वाँ संशोधन बहुत महत्वपूर्ण है स्पष्ट कीजिए? *[Outside Delhi-2018]*

**उत्तर–** ग्रामीण लोगों को उनकी आवाज देने में 73वाँ संशोधन बहुत महत्वपूर्ण है इसमें निम्नलिखित बातें सामने आई हैं।

1. इस संशोधन में 20 लाख से अधिक जनसंख्या वाले प्रत्येक राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत होगी।
2. प्रत्येक पाँच वर्षो में इसके सदस्यों का चुनाव होगा।
3. इसमें अनुसूचित जाति तथा जनजाति के लिये निश्चित स्थान आरक्षित किये गये।
4. महिलाओं के लिए 33–% सीटें आरक्षित की गई जिनमें 17 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति की थी।
5. पूरे जिले में विकास के लिये योजना समिति गठित की गई।

6. गाँधी जी गाँव को स्वयं में आत्मनिर्भर इकाई मानते थे वह ग्राम राज्यों को आदर्श मानते थे। इस संशोधन से ग्रामीणों की आवाज लोकतंत्र में सार्थक हुई है।

**प्रश्न-18.** उपनिवेशवाद के दौरान राष्ट्र राज्य राजनैतिक स्वरूप बन गये स्पष्ट कीजिए।

**उत्तर-**

1. सरकार की एक निश्चित सीमा में अपनी प्रभुसत्ता थी।
2. लोगों को एकल राज्य की नागरिकता प्राप्त है।
3. नेताओं ने घोषणा की कि स्वराज्य मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है।
4. राष्ट्र- राज्य राष्ट्रीयता की उदय के साथ नजदीकी से जुड़े हुए है।

**प्रश्न-19.** पारराष्ट्रीय निगमों की विशेषताए लिखिये।

**उत्तर-**

1. पारराष्ट्रीय निगम ऐसी कम्पनियां होती है जो एक से अधिक देशो में अपना माल उत्पादन करती है।
2. ये अपेक्षाकृत छोटी फर्म भी हो सकती है तथा बड़े विशाल अंतर्राष्ट्रीय भी हो सकते है।
3. कुछ प्रसिद्ध पारराष्ट्रीय निगमों के नाम इस प्रकार है जैसे कोका कोला, कोलगेट, पामोलिव, सैमसंग, कोडक आदि।

**प्रश्न-20.** बाजारों पर समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण आर्थिक दृष्टिकोण से किस प्रकार भिन्न है?

**उत्तर-**

1. साप्ताहिक बाजार सामाजिक तथा आर्थिक संगठनों की एक केन्द्रीय विशेषता है।
2. गाँव के लोग अपनी खेती की उपज या किसी उत्पादन को बेचने आते है। अपने उत्पादों के बदले में आवश्यक वस्तुएं जैसे खाद्य पदार्थ, बर्तन तथा अन्य उपभोग की वस्तुएं खरीदते हैं।
3. लोगो के साथ साहूकार, ज्योतिषी, मसखरे एवं तमाम तरह के विशेषज्ञ अपनी

सेवाओ तिा वस्तुओं के साथ आते हैं।

4. अधिकांश लोग अपने मित्रों रिश्तेदारो से मिलने आते हैं।
5. कुछ लोग यहां अपने लड़के-लड़कियों के रिश्ते तथा विवाह सम्बन्धों पर बातचीत करने तथा गप्पे मारने आते है।

## अथवा

**प्रश्न-20.** भूमण्डलीकरण लेबल के अन्तर्गत सम्मिलित कुछ प्रक्रियाए क्या-क्या है?

**उत्तर-**

1. भूमण्डलीकरण का प्रभाव न केवल आर्थिक क्षेत्र में अपितु सांस्कृतिक तथा राजनैतिक क्षेत्र में भी देखने को मिल रहा है।
2. इस प्रक्रिया में अन्य देशों के उत्पादक अपना सामान और सेवाएं भारत में बेच सकते है और इसी प्रकार भारत भी अपना सामान व सेवाए अन्य देशों को दे सकता है।
3. भूमण्डलीकरण विदेशी कम्पनियों को भारत में पूंजी लगाने तथा निर्मित माल को विदेशों में बेचने की अनुमति देता है।
4. बाजार में आया परिवर्तन पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था में परिवर्तन लाता है। जिस प्रकार अमेरिका के बाजार में गिरावट यूरोप और भारतीय बाजारो में भी गिरावट का कारण बनती है।

**प्रश्न-21.** साम्प्रदायिकता क्या है? यह तनाव हिंसा का बार-बार होने वाला स्त्रोत क्यों है? उपयुक्त उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए।

**उत्तर- साम्प्रदायिकता-** साम्प्रदायिकता का अर्थ है धार्मिक पहचान पर आधारित उग्रवाद।

1. साम्प्रदायिक दंगों के दौरान, लोग अपने-अपने समुदायो के पहचानहीन सदस्य बन जाते है।
2. व्यक्ति अपने अभिमान की पूर्ति के लिये अन्य समुदायों को मार डालने, बलात्कार करने तथा लूटपाट को तैयार हो जाते है।

3. कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जो किसी न किसी प्रकार की सांप्रदायिक हिंसा से पूरी तरह मुक्त रहा हो।

4. प्रत्येक धार्मिक समुदाय ने कम या ज्यादा मात्रा में हिंसा की मार सही है।

**उदाहरण–** दिल्ली में 1984 में सिक्ख विरोधी दगें कांग्रेस के राज में हुए।

सन् 2002 में गुजरात में मुसलमान विरोधी हिंसा जनता पार्टी के शासन में हुई।

**प्रश्न–22.** अल्पसंख्यक समूह किसे कहते है? अल्पसंख्यको को राज्य से सरंक्षण की आवश्यकता क्यों है? *[Outside Delhi-2018]*

**उत्तर– अल्पसंख्यक–** ऐसा समूह जो धर्म, भाषा, जाति की दृष्टि से बहुसंख्यक समुदाय से भिन्न तथा संख्या में कम हो तथा समाज में इन लोगो का प्रतिनिधत्व कम होता हे जैसे मुस्लिम, सिक्ख, बौद्ध, जैन आदि।

अल्पसंख्यक समुदायों को अपनी सुरक्षा के लिये राज्य से सरक्षंण की आवश्यकता होती है क्योंकि–

1. जनसांख्यकीय बहुलता का दबदबा

2. मुख्य पहचान छोड़ने के लिये दबाव बनाना

**अथवा**

**प्रश्न–22.** स्वतंत्रता के बाद सरकार द्वारा लागू किये गये प्रमुख भूमि सुधार कानून क्या थे? स्पष्ट कीजिए। *[Outside Delhi-2018]*

**उत्तर–** स्वतंत्रता के बाद भारत में निम्न भूमि सुधार कानून निम्न है।

1. जमींदारी प्रथा का समापन

2. भूमि हरबन्दी अधिनियम

3. पट्टेदारी का उन्मूलन या नियंत्रण

4. भूमि स्वामित्व का रिकार्ड (विस्तार से लिखें)

**प्रश्न–23.** सामाजिक स्तरीकरण की विशेषताए क्या है? स्पष्ट कीजिए।

**उत्तर–**

1. सामाजिक स्तरीकरण समाज में हमेशा पाया जाता है यह प्राचीन काल में भी था आज भी है और आगे भी रहेगा।

2. सामाजिक स्तरीकरण पीढ़ी दर पीढ़ी चलता है।

3. सामाजिक स्तरीकरण हर समाज में पाया जाता है हर देश में सामाजिक स्तरीकरण के स्वरूप अलग-अलग हैं। जैसे भारत में जाति प्रथा के आधार पर, पश्चिमी देशों में वर्ग व्यवस्था के आधार पर स्तरीकरण पाया जाता है (विस्तार से लिखें)

**प्रश्न- 24.** आज जनजाति के अस्मिता के दावे के पीछे क्या कारक है?

**उत्तर-**

1. अनेक जनजातीय पहचान गैर जनजातीय जगत की दुर्दगमनीय शक्ति का प्रतिरोध एवं विरोध करने के विचारों पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है।
2. जातीय समुदायों में धीरे-धीरे एक शिक्षित मध्य वर्ग का उद्भव हुआ।
3. पहले सशस्त्र विद्रोह फिर इनके दमन के लिये उठाये गये कठोर कदम।
4. मध्यमवर्गीय आदिवासी की पहचान, गरीब और अशिक्षित आदिवासियों से भिन्न हो सकती है।
5. एक लम्बे संघर्ष के बाद सफलताओ का सकारात्मक प्रभाव, पहले से चली आ रही समस्याओं का कारण तिरोहित हो गया।

## अथवा

**प्रश्न-24.** वे कुछ नियम क्या है? जिन्हे जाति प्रथा आरोपित करती है?

**उत्तर-**

1. जाति, जन्म से निर्धारित होती है।
2. जाति में विवाह सम्बन्धी कठोर नियम शामिल होते हैं।
3. जातियों में आपसी उपविभाजन भी होता है
4. पारस्परिक कतौर पर जातियाँ व्यवसाय से जुड़ी होती है।
5. भोजन तथा सामाजिक मेलजोल पर प्रतिबंध
6. जाति में श्रेणी एवं प्रस्थिति के एक अधिक्रम में संयोजित अनेक जातियों की एक व्यवस्था शामिल है। (विस्तारपूर्वक व्याख्या )

**प्रश्न–25.** निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़िये और पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

भारत की कुल प्रजनन दर (TFR) अथार्त् प्रत्येक महिला के प्रजनन योग्य वर्षो के दौरान जन्म लेने वाले बच्चों की औसत संख्या में पिछले दशक में 19 x की गिरावट आई है। बड़े राज्यों में इस पिछले दशक की अवधि में कुल प्रजनन दर में आई गिरावट का प्रतिशत पंजाब में 28 x से लेकर केरल में 5.6 x तक था। 2000–2010 में महाराष्ट्र में 26.9 x की दूसरी सबसे बड़ी गिरावट देखी गई ओर इसके बाद हरियाणा और आन्ध्रप्रदेश (25 x 2) उत्तर प्रदेश (23 x) राजस्थान (22 x), हिमालय प्रदेश और पश्चिमी बंगाल (21 x) रहे। भारत के महापंजीकरण (रजिस्ट्रार जनरल) के द्वारा अंतिम रूप दिये गये तथा शनिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को भेजे गये। नवीनतम प्रतिदर्श पंजनय तंत्र (सेंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम) 2012 के आँकड़े बताते है कि भारत का TFR 3.2 के मुकाबले 2.5 पर स्थित है, TFR का निर्धारित करने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पाई गई।

राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 200 के अनुसार भारत को 2010 तक प्रजनन दर 2.1 के स्थापन तक पहुंच जाना चाहिये था तथा 2045 तक 145 करोड़ पर जनसंख्या स्थिरता को प्राप्त कर लेना चाहिये। जब जनसंख्या का आकार अपरिवर्तित रहे तो उस जनसंख्या स्थिरता कहा जाता है। इसे शून्य जनसंख्या वृद्धि की अवस्था भी कहा जाता है। फिर भी अब भारत 2060 तक 165 करोड़ पर जनसंख्या स्थिरता TFR 2.1 पहुँच जाने की आशा करता है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री गुलाम नबी आदान ने हाल में ही कहा था ''हमें TFR में 0.1 निरंतर गिरावट देख रहे है। जो 1960 के दशक से 42 x नीचे आ गई है हमे 0.1 की गिरावट प्राप्त हो सकतकी है जो अभी 2–6 है।

1. शून्य जनसंख्या वृद्धि से क्या तात्पर्य है?
2. प्रजनन दर का क्या अर्थ है? दो राज्यों के नाम लिखिए जिनमें 2000–2010 में TFR में सर्वाधिक प्रतिशत गिरावट देखी गई है?

**उत्तर–1.** सही उत्तर

**उत्तर–2.** सही उत्तर

## सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा
## मार्च- 2014

# समाजशास्त्र

**प्रश्न-1.** धर्मनिरपेक्षता के बारे में पश्चिमी और भारतीय विचार का अन्तर स्पष्ट कीजिए।

**उत्तर-**

1. पश्चिमी विचार में धर्म और राज्य अलग-अलग और भारतीय विचार में सभी धर्मों को एक समान समझना।
2. पश्चिमी विचार में राज्य सभी धर्मो से दूरी बनाये रखेगा परन्तु भारतीय विचार में राज्य सभी धर्मा को बराबर का सम्मान देगी।

**प्रश्न-2.** विसंस्कृतिकरण (डि-संस्कृतिटाइजेशन) का अर्थ बताइये?

*[Outside Delhi-2018]*

**उत्तर-**

1. जहाँ गैर-संस्कृतिकरण जातियाँ प्रभुत्वशाली थी। वहाँ की संस्कृति को निम्न जातियों ने प्रभावित किया। श्री निवास ने इसे विसंस्कृतिकरण का नाम दिया।
2. जब एक प्रभावी समूह अपनी संस्कृति का प्रभाव अधिनस्थ समूह पर इस प्रकार डालता है कि अधिनस्थ समूह का अस्तित्व प्रभावी समूह की संस्कृति में घुल मिल जाता है तो यह प्रक्रिया वि-संस्कृतिकरण कहलाती है।

**प्रश्न-3.** पंचायतों के आमदनी के साधन क्या है?

**उत्तर-**

1. सम्पति, व्यवसाय, पशुवाहन आदि पर कर लगाना।
2. चुंगी कर तथा भू-राजस्व वसूल करना।
3. जिला पंचायत द्वारा अनुदान प्राप्त होता है।

**प्रश्न-4.** कृषि भूमि संरचना (एग्रेरियन) का क्या तात्पर्य है?

**उत्तर-**

1. भूमि स्वामित्व के विभाजन अथवा सरंचना के संबंध के लिये अक्सच कृषक संरचना शब्द का प्रयोग किया जाता है।

2. भू स्वामित्व का वर्गीकरण मध्यम और बड़ी जमीनो के मालिक के रूप में तथा कृषि मजदूरा और काश्तकार (पट्टेदारी) के रूप में किया जाता है।

**प्रश्न-5.** सामाजिक परिवर्तन तथा सामाजिक आन्दोलनों में अन्तर स्पष्ट कीजिए? *[Outside Delhi-2018]*

**उत्तर- सामाजिक परिवर्तन** - सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया का सम्बन्ध सामाजिक संबंधों तथा सामाजिक व्यवस्था में होने वाले परिवर्तनो से है।

**सामाजिक आन्दोलन-** सामाजिक आन्दोलन प्रायः सामाजिक परिवर्तन लाने के लिये होते है। ये समाज को आकार देते है। जैसे जाति व्यवस्था के विरूद्ध, सती प्रथा के विरूद्ध भेदभाव के विरूद्ध आदि।

**प्रश्न-6.** 'जनजाति' शब्द का क्या अर्थ है?

**उत्तर-** वे पिछड़े लोग जो हमारी सभ्यता से दूर, जंगलो, पहाड़ो आदि में रहते है। जिनकी अपनी संस्कृति, रहन-सहन, खान-पान अलग होता है। ये अपनी संस्कृति के अनुसार अविकसित जीवन व्यतीत करते हैं।

**प्रश्न-7.** 'प्रतिष्ठा' का प्रतीक की व्याख्या कीजिए?

**उत्तर-** लोगो द्वारा प्रयोग की जाने वाली वस्तुओं के सम्बन्धों को प्रतिष्ठा का प्रतीक कहते है। लोगो का पहनावा, खानपान, रहन-सहन आदि उनके प्रस्थिति चिन्ह है।

**प्रश्न-8.** उपनिवेशवाद क्या है? एक उदाहरण दीजिए।

**उत्तर-** शक्तिशाली एवं उन्नत देशों द्वारा कमजोर और पिछड़े हुए देशों पर शासन स्थापित करना उपनिवेशवाद कहलाता है।

उदाहरण- भारत पर ब्रितानी शासन (अन्य कोई उदाहरण)

**प्रश्न-9.** सत्तावादी (ऑथोरिटोरियन) राज्य की कुछ विशेषताए लिखिए।

**उत्तर-**

1. सत्तावादी राज्य लोकतंत्रात्मक राज्य का विपरीत होता है।

2. ऐसे राज्य में लोगो की आवाज नहीं सुनी जाती।

3. गैर राजकीय संस्थाएं महत्त्वपूर्ण हो जाती है।

4. नागरिक स्वतन्त्रताओं (भाषण, प्रेस आदि) को सीमित या समाप्त कर दिया जाता है।

5. भ्रष्टाचार आदि के कारण राज्य की संस्थाएँ लोगों की सुनवाई करने में असक्षम है।

**प्रश्न–10.** 'बेगार' शब्द का क्या अर्थ है?

**उत्तर–**

1. ये वेतनहीन मजदूरी है– निम्न जाति समूह के सदस्य जमींदारों या भू–स्वामियों के यहाँ कुछ निश्चित दिनों तक मजदूरी करते हैं।

2. बहुत से गरीब कामगार पीढ़िओंसे भू–स्वामियों के यहाँ मजदूर बने रहते है जैसे बंधुआ मजदूर।

**प्रश्न–11.** शहरीकरण और औद्योगिकरण एक जुड़ी हुई प्रक्रिया है स्पष्ट करो?

**उत्तर–** औद्योगीकरण के कारण बड़े–बड़े उद्योग शुरू हुए। पुराने उद्योगों का पतन हुआ। लोग काम की तलाश में गॉव से शहर में पलायन हुये। उद्योगों के पास बड़ी–बड़ी बस्तियाँ बस गयी दुकानें बाजार खुल गये। धीरे–धीरे शहरो का विकास हुआ।

1. गाँव जो औद्योगिक शहरों के नजदीक है उन पर शहरों का असर है।

2. नगरो के विस्तार से सीमावर्ती गांव पूरी तरह से नगरो में बदल गये हैं क्योंकि औद्योगीकरण तथा नगरीकरण की प्रक्रिया में तेजी आई है।

**प्रश्न–12.** कृषि मजदूरो के महिलाकरण (फेमिलाइजेशन) से आप कया समझते है?

**उत्तर–**

1. निर्धन क्षेत्रों में जहाँ परिवार के पुरूष सदस्य वर्ष का अधिकतर हिस्सा गांव के बाहर काम करने में बिताते है। कृषि मूल रूप से महिलाओ कार्य बन गया है।

2. महिलाएं भी कृषि मजदूरों के मुख्य स्त्रोत के रूप में उभर रही है जिससे कृषि मजदूरों के मुख्य स्त्रोत के रूप में उभर रही है जिससे कृषि मजदूरों का महिलाकरण हो रहा है।

**प्रश्न–13.** उपनिवेशवाद के दिनों में राष्ट्र राज्यों के उद्‌भव का परीक्षण कीजिए?

**उत्तर-**

1. उपनिवेशकाल में राष्ट्र राज्य ने प्रभावशाली राजनैतिक रूप ले लिया।
2. राष्ट्र राज्य और राष्ट्रवाद में गहरा संबंध
3. राष्ट्रवाद संप्रभुता के अधिकार को मान्यता देता है।
4. राष्ट्र एक बड़े स्तर का समुदाय होता है यह समुदायों से मिलकर बना एक समुदाय है।
5. उपनिवेशवाद और राष्ट्रवाद में टकराव।

**प्रश्न-14.** संगठित और असंगठित क्षेत्र में अन्तर बताईये?

**उत्तर- संगठित क्षेत्र-** संगठित क्षेत्र में लोग मिल कर काम करते है इसमें काम करने वाले लोग सरकारी तौर पर पंजीकृत होते है उनको उपयुक्त वेतन, बोनस, पेंशन, मेडिकल सुविधाएँ उपलब्ध होती है। जैसे सरकारी विभाग, बैंक आदि।

**असंगठित क्षेत्र-** असंगठित क्षेत्र में रोजगार अस्थायी होता है। उन्हें मेडिकल सुविधाएं, पेंशन, समुचित वेतन, बोनस आदि नहीं मिलता। असंगठित क्षेत्र के लोग अज्ञानता, निरक्षरता के कारण अपने साझे हितों के लिये अपने आपको संगठित करने में असमर्थ होते है भारत में 90 प्रतिशत लोग असंगठित क्षेत्र में कार्य करते है।

**प्रश्न-15.** आर्थिक सहायता और समर्थन मूल्य में अन्तर स्पष्ट करो?

*[Outside Delhi-2018]*

**उत्तर- आर्थिक सहायता-** यह खेती आदि लागत को कम कर देती है क्योंकि लागत का एक हिस्सा सरकार अदा करती है जैसे खाद, डीजल ओर खाना बनाने की गैज (LPG) में दी गई सहायता।

**समर्थन मूल्य-** सरकार किसानों को फसलों को बेचने का न्यूनतम मूल्य तय करती है। जिसे समर्थन मूल्य कहते है। किसानों के पास अपने उत्पादों को निजी व्यापारियों को बेचने का विकल्प खुला रहता है। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को उपयुक्त मूल्य दिलाना तथा उन्हें कृषि उत्पादों में धन लगाने हेतू प्रेरित करना है।

**प्रश्न-16.** नवीन कृषक आन्दोलन पर सक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

**उत्तर-**

1. यह आन्दोलन 1970 के दशक में पंजाब और तमिलनाडू में शुरू हुआ।

2. यह आन्दोलन क्षेत्रीय आधार पर संगठित थे।

3. यह आन्दोलन दल रहित थे।

4. इसमें कृषक के स्थान पर किसान जुड़े थे।

5. आंदोलन की मौलिक विचारधारा मजबूत राज्य विरोधी तथा नगर विरोधी थी।

6. मांगों के केन्द्र में मूल्य और सम्बन्धित मुद्दे थे (कोई चार)(व्याख्या)

**प्रश्न–17.** प्रबंधक के मूल काकर्य क्या होते है? वह कामगारो से अधिक उत्पादन कैसे करवा सकता है?

**उत्तर– प्रबंधक के मूल कार्य है।**

1. कामगारो पर नियंत्रण रखना।
2. उनसे अधिक से अधिक काम लेना।
3. निर्धारित कार्यो की आपूर्ति करना।

**कामगारों से अधिक काम करवाने के तरीके**

1. काम करने के घंटों/ कार्य अवधि को बढ़ा कर।
2. वेतन व अन्य संबधित सुविधाएं बढ़ाकर।

**प्रश्न–18.** व्यापार की सफलता में जाति ओर सम्बन्धी जालतंत्र कैसे सहायक होते है?

**उत्तर**– व्यापार की सफलता ओर जाति व नातेदारी संबंध

1. तमिलनाडू के नाटूकोटाई (नाकरट्टर) इसका एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करते है कि देशज व्यापारिक सगंठन कैसे कार्य करते थे।
2. नाकरट्टाओं में एक दकूकसरे से कर्ज लेना तथा पैसा जमा करना जाति आधारित था।
3. नाकरट्टाओं में प्रतिष्ठा आधारित व्यवसाय होता है जाति, नातेदारी ओर परिवार की सरचंना सब व्यापार के अनुकूल थी।
4. पारंपरिक व्यापारी अपने समुदाय के लोगो पर अधिक विश्वास रखते है बाहर के लोगों से धोखा खाने का डर होता है।

5. चेट्टियार व्यापारियों के जाति आधारित सामाजिक सम्पर्को ने उन्हं दक्षिण पूर्व एशिया और सिलोन में अपनी गतिविधियां बढ़ाने में सहायता दी।

6. पारंपरिक जाति एवं नातेदारी आधारित संबधों में मारवाड़ी, जैन, बनिया, वैश्य, सिन्धी, पारसी, बोहरा आदि भी शामिल है।

## अथवा

**प्रश्न-18.** उपनिवेशकाल में महिलाओं से जुड़े मुद्दों को निपटाने में समाज सुधारको की भूमि की चर्चा कीजिए?

**उत्तर-**

1. राजाराम मोहन राय ने महिलाओं से जुड़े मुद्दो को निपटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सती प्रथा आदि के विरूद्ध एक सफल आन्दोलन चलाया।
2. रेनाडे ने विधवा विवाह, पुर्नविवाह, प्रेमविवाह के पक्ष में आन्दोलन चलाया।
3. ज्योति राव फूले और सावित्री बाई फुले ने जाति प्रथा तथा लिंग भेदभाव के विरूद्ध हमला बोला।
4. सर सैय्यद अहमद रवाँ ने कन्या शिक्षा पर जोर दिया।

**प्रश्न-19.** संघीय प्रणाली के विवादास्पद मुद्दे और अन्तर-क्षेत्रीय जिनसे अन्तर क्षेत्रीय असमानतांए उत्पन्न हुई।

**उत्तर-** संघीय प्रणाली के विवादास्पद मुद्दे और अन्तर क्षेत्रीय असमानताएँ

1. अन्तर क्षेत्रीय आर्थिक व अधिसरंचना असमानताओं को बढ़ाना।
2. निजी क्षेत्र विकसित राज्यों में ही धन लगाते हैं जहां सुविधाएँ बेहतर है।
3. सरकार को क्षेत्रीय समानताओं पर ध्यान देना चाहिएं न कि केवल लाभ पर।
4. विकसित और पिछड़े क्षेत्रों के बीच फासला बढ़ रहा है। (या अन्य कोई)व्याख्या

## अथवा

**प्रश्न-19.** नागरिक समिति संगठनों की क्या विशेषताएँ हैं?

**उत्तर**–

1. यह सरकार के सत्तावादी दृष्टिकोण पर नजर रखते हैं।
2. व्यक्ति मिल कर सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करते है। सामुहिक हितों को पूरा करने का प्रयास करते है राज्य के समक्ष अपनी मांगे रखते है।
3. सरकार के अन्यायपूर्ण कार्यो का विरोध करते हैं।
4. लोगों में राजनैतिक चेतना पैदा करते हैं।
5. नागरिक संगठनों के क्रियाकलाप काफी व्यापक हो चुके है। जैसे भ्रष्टाचार, स्त्रियों के प्रति हिंसा आदि पर आगे बढ़कर कार्य करते है। (कोई चार व्याख्या सहित)

**प्रश्न–20.** संस्कृतिकरण की प्रक्रिया से असमानताओं और भेदभाव को प्रोत्साहन मिलता है। स्पष्ट कीजिए।

**उत्तर**–

1. भारतीय समाज में संस्कृतिकरण से जाति व्यवस्था पर कई प्रभाव पड़े। निम्न जातियों में अपनी सामाजिक स्थिति सुधारने के लिये प्रयास जारी है फिर भी संस्कृतिकरण की प्रक्रिया से असमानताओं और भेदभाव को प्रोत्साहन मिलता है। संस्कृतिकरण की अनेक स्तरों पर आलोचना की गई है।
2. सामाजिक गतिशीलता निम्न जाति का सामाजिक स्तरीकरण में उर्ध्वगामी परिवर्तन करती है को बढ़ाचढ़ा कर बताया गया है। इस प्रक्रिया में कुछ व्यक्ति असमानता पर आधारित अपनी स्थिति में सुधार कर लेते हैं लेकिन समाज में असामानता और भेदभाव में सुधार कर लेते है लेकिन समाज में असमानता और भेदभाव अभी भी व्याप्त है। समाप्त नहीं हुये।
3. जातिगत भेदभाव तथा दजेज प्रथा आदि को प्रोत्साहन मिलता है।
4. दलित संस्कृति तथा दलित समाज को पिछड़ा माना जाता है।
5. उच्च जाति की जीवन शैली उच्च तथा निम्नजाति के लोगों की जीवन शैली निम्न है। अत: उच्च जाति के लोगों की जीवन शैली का अनुकरण करने की इच्छा को वाछंनीय और प्राकृतिक मान लिया जाता है।

**प्रश्न–21.** संविधान में पंचायती राज को शामिल करने के बारे में डॉ0 अंबेडकर और महात्मा गांधी के तर्को का परीक्षण कीजिए।

**उत्तर**–

1. डॉ. अम्बेडकर ने तर्क दिया कि स्थानीय कुलीन तथा उच्च जाति के व्यक्ति सुरक्षित परिधि से इस प्रकार घिरे हुए है कि स्वशासन का तात्पर्य होगा भारतीय समाज के पद्दलित लोगों का लगातार शोषण।
2. महात्मा गांधी को स्थानीय सरकार की अवधारणा बहुत प्रिय इकाई मानते थे। जो स्वयं को निर्देशित करें। ग्राम स्वशासन को वे आदर्श मानते थे और चाहते थे कि स्वतन्त्रता के बाद भी गांव में यही शासन चलता रहे।

**प्रश्न-22** उदारीकरण की आर्थिक नीतियों को समझाइये?

**उत्तर-**

1. उदारीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा आर्थिक कार्यकलानों पर राज्य के नियत्रंण ढीले कर दिये जाते हैं और उन्हें बाजार की ताकतो के हवाले कर दिया जाता है।
2. इस प्रक्रिया में कानून को अधिक उदार और सरल बना दिया जाता है। भारत में यह प्रक्रिया 1991 में शुरू हुई।
3. भारतीय अर्थव्यवस्था का भूमण्डलीकरण प्राथमिक तौर पर उदारीकरण की नीति की वजह से हुआ।
4. उदारीकरण में कई तरह की नीतियां शामिल है। जैसे सरकारी विभागों का निजीकरण, आयात शुल्क में कभी विदेशी कम्पनियों को देश में उद्योग स्थापित करने की सहुलियत देना आदि।
5. उदारवाद के तहत जो परिवर्तन हुए उन्होंने आर्थिक संवृद्धि को बढ़ाया ओर इसके साथ ही भारतीय बाजारों को विदेशी कंपनियों के लिये खोला।
6. जो लोग बाजारीकरण का समर्थन करते है उनका मानना है कि इससे समाज में आर्थिक संवृद्धि आयेगी। क्योंकि सरकारी संस्थाओं की अपेक्षा निजी संस्थाएं ज्यादा कुशल होती है। (अन्य कोई संबधित व्याख्या)

**प्रश्न-23.** उन तरीको की चर्चा कीजिए जिन्होनें उपनिवेशवादी शासन के अंतगर्त भारत में जाति की संस्था को सबल किया। *[Outside Delhi-2018]*

**उत्तर-**

1. ब्रिटिश प्रशासको ने देश पर कुशलतापूर्वक शासन करना सीखने के उद्देश्य से जाति व्यवस्थाओं की जटिलताओ को समझने के प्रयत्न शुरू किये।

2. देश भर में विभिन्न जातियों तथा जनजातियों की प्रथाओं ओर तौर-तरीको के बारे में गहन सर्वेक्षण किये तथा रिर्पोट तैयार की।

3. जाति के विषय में सूचना एकत्र करने के लिये जनगणना का प्रारम्भ किया गया।

4. जातीय जनगणना तथा जातियों की प्रस्थिति का अभिलेख करने के प्रत्यक्ष प्रयास ने जाति संस्था के स्वरूप को ही बदल डाला।

5. भूराजस्व व्यवस्थाओं तथा कानूनों ने उच्च जातियों के जाति आधारित अधिकारी को वैद्य माना।

6. भारत सरकार अधिनियम 1935 के द्वारा जातियो और जनजातियों की सूचियों को वैद्य मान्या (SC & ST) प्रदान की (कोई अन्य व्याख्या सहित)

## अथवा

**प्रश्न-23.** झारखंड का विशेष संदर्भ देते हुए आज भारत की जनजाति पहचानो पर एक टिप्पण लिखिए।

**उत्तर-** भारत की जनजाति पहचान झारखंड का विशेष संदर्भ

1. एक लंबे संघर्ष के बाद झारखंड और छत्तीसगढ़ को अलग-अलग राज्य का दर्जा मिल गया लेकिन इसका प्रभाव अनेक समस्याओं के कारण तिरोहित हो गया।

2. जनजातिय समुदायों में एक संगठित सजातीय चेतना तथा सांझी पहचान बनाने में सहायता मिली है।

3. झारखंड को अपने नवाजित राज्य का अभी पूरा उपयोग करना है अभी वहाँ की राजनीतिक व्यवस्था स्वायत्त नहीं हुई है।

4. जनजातीय समुदायों में एक शिक्षित मध्यवर्ग का उद्भव हो रहा है।

5. आरक्षण की नीतियों के साथ मिल कर शिक्षा एक नगरीकृत, व्यावसायिक वर्ग का निर्माण कर रही है और उनके भीतर वर्गो और विभाजनो का विकास हो रहा है।

6. कुछ जनतीय समुदाय अभी भी अपने आप को शक्तिहीन समझते है क्योंकि कई प्रवासी व्यापारी और महाजन उनका शोषण करते है। (अन्य कोई व्याख्या सहित)

**प्रश्न–24.** समाचार उद्योग में हो रहे परिवर्तनो का वर्णन कीजिए।

**उत्तर–**

1. नई प्रोद्योगिकी ने समाचार पत्रों के उत्पादन औरन प्रसार को बढ़ावा देने में मदद की है।
2. बड़ी संख्या में चमकदार पत्रिकाएँ बाजार में आ रही है।
3. साक्षर लोगो की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है जो शहरी में प्रवसन कर रहे हैं।
4. छोटे कस्बों और गाँवों में पाठको की आवश्यकताएँ शहरी पाठको से भिन्न होती है और भारतीय भाषाओं के समाचार पत्र उनकी आवश्यकताओं को पूरा करते है।
5. अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र सभी क्षेत्रों में पढ़े जाते है। इन समाचार पत्रों ने अपनी कीमत घटा दी है।
6. समाचार पत्र अनेक विपणन सम्बन्धी रणनीतियो के तहत उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम घर-घर जाकर सर्वेक्षण और अनुसंधान जैसे कार्य करते है।

**प्रश्न–25.** निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए?

66 प्रतिशत भारतीय 15–65 आयु वर्ग में न केवल भारत का अधिकतर जनसंख्या, लगभग दो तिहाई, 15–64 वर्षो के काम करने वाले आयु वर्ग में है, देश की औसत उम्र अभी भी केवल 24 है (एक दशक पूर्व की 22 से अधिक) जिससे यह उत्पादक करने वाले कार्यबल की बड़ी संख्या के कारण एक जवान राष्ट्र बन जाता है। फिर भी दाकनाके रि आजाके तके राज्यों में बहुत व्यापक अंतर है। दोनो की बातों में राज्यों में बहुत व्यापक अंतर है। यद्यपि काम करने वाले आयु वर्ग में भारत में 7675 लाख लोग है, काम करने वाली जनसंख्या के अनुपात में बड़ा अंतर है छोटे से राज्य दमन-दीप में 74.3 प्रतिशत के शिखर से लेकर बिहार के 55 प्रतिशत के निम्न स्तर तक जहाँ काम करने वाली आबादी का 40 प्रतिशत 0 से 14 वर्ष तक के आयु वर्ग में है। सर्वाधिक प्रजनन दर वाले उत्तर प्रदेश में भी यह ऐसा ही है जहाँ काम करने की उम्र वाली आबादी 58.6 प्रतिशत है और बच्चे उस आबादी का 36 प्रतिशत हैं। भारत के लिए बच्चों (0–14 वर्ष) का अनुपात 31 प्रतिशत है। कम प्रजनन क्षमता वाले राज्य केरल, तमिलनाडु में आबादी का मात्र 23 प्रतिशत और 24 प्रतिशत ही बच्चें हैं। बड़े राज्यों में तमिलनाडु का काम करने वाली जनसंख्या का सर्वोच्च अनुपात 69.8 प्रतिशत है।

सामान्यत: बड़े राज्यों मे कार्य करने वाली आबादी का अनुपात अधिक है जो उन राज्यों की सूची को काफी आच्छादित करता है जिन्हें आमतौर पर अधिक विकसित माना जाता है। यह एक सीमा तक अच्छी खबर है कि वे राज्य अन्य राज्यों की अपेक्षा जनसांख्यिकीय लाभांश देने की अच्छी स्थिति में है।

(क) 'जनसांख्यिकीय लाभांश' क्या है?

(ख) उन राज्यों के नाम लिखिए जिनमें काम करने वाली जनसंख्या सर्वाधिक और सबसे कम है। राज्यों में पाए जाने वाले इस अंतर के कारण भी लिखिए।

**उत्तर**– सही उत्तर

**उत्तर**– सही उत्तर

## सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा
## मार्च- 2015

# समाजशास्त्र

**प्रश्न-1.** औपचारिक जंनाकिकी सामाजिक जंनाकिकी से किस प्रकार भिन्न है?

**उत्तर-**

**औपचारिक जंनाकिकी-** औपचारिक जंनाकिकी प्रक्रियाओं में जन्म, मृत्यु, प्रवास, प्रजनन, विवाह, तलाक जैसी प्रक्रियाएं शामिल है।

**सामाजिक जंनाकिकी-** सामाजिक जंनाकिकी में मुख्य रूप से जनसंख्यक के विभिनन आयु, स्त्री पुरूष अनुपात, वर्ग, समूह, प्रदेश या संघीय आधार पर जनसंख्या आकार तथा जनसंख्या के सामाजिक मिश्रण को शामिल किया गया है। इसमें जनसंख्या के सामाजिक आर्थिक तथा राजनीतिक पक्षों पर विचार किया जाता है।

**प्रश्न-2.** उदारीकरण की किन्ही दो हानियों का उल्लेख कीजिए?

**उत्तर-**

1. भारतीय उद्योग विदेशी कम्पनियों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाती जैसे आटोमोबाइल, इलैक्ट्रोनिक्स आदि।
2. सर्मथन मूल्य तथा सहायता राशि कम कर दी है या कुछ वापिस लेने के कारण किसानो पर प्रभाव पड़ा है।
3. निजीकरण के कारण सरकारी विभागों में कर्मचारियों की नौकरी भी कम हो गई है तथा रोजगार स्त्रोत अब स्थिर नहीं रहे।
4. निर्यात में कमी तथा आयात का बढ़ना (कोई दो)

**प्रश्न-3.** अल्पसंख्यकों के अधिकारो की रक्षा के लिये दिए गये संविधानात्मक प्रावधानों में से किन्ही दो का उल्लेख कीजिए?

**उत्तर- अनुच्छेद 29**

1. अल्पसंख्यक वर्ग को अपनी संस्कृति भाषा लिपि बनाये रखने का अधिकार है।

2. किसी भी अल्पसंख्यक नागरिको को धर्म, भाषा, जाति के आधार पर शिक्षा संस्थानों में प्रवेश से वंचित नहीं किया जायेगा।

**अनुच्छेद 30**

1. धर्म भाषा के आधार पर अल्पसंख्यक वर्ग शिक्षा संस्थाओं की स्थापना कर सकते है और उन्हें चला सकते है।
2. राज्य इन शिक्षा संस्थाओं को सहायता देने में भेदभाव नहीं करेगा।

**प्रश्न-4.** विशेषाधिकृत अल्पसंख्यक कौन होते है?

**उत्तर-** अन्यन्त धनवान लोगों जिन्हे कोई सहायता नहीं दी जाती परन्तु वे अल्पसंख्यक वर्ग से सम्बन्धित है।

**प्रश्न-5.** आधुनिकता शब्द में क्या मान्यता निहित है?

**उत्तर-**

1. स्थानीय तथा सीमित सकीर्ण दृष्टिकोण कम महत्त्व वाले होते है।
2. व्यवहार, विचार आदि पर परिवार जाति का कोई प्रभाव नहीं होता।
3. विज्ञान तथा तर्क पद्धति भावनाओ से ऊपर होती है।
4. व्यवसाय कार्य चयन पर निर्भर होता है न कि जन्म पर।
5. विज्ञान तथा तर्क पद्धति भावनाओ से ऊपर होती है।
6. सकारात्मक तथा वांछित मूल्य मानवतावादी तथा भाग्यवादी प्रवृति से ऊपर है। (कोई दो)

**प्रश्न-6.** पंचायतो के सामाजिक कल्याण के उत्तरदायित्वो को उल्लेख कीजिए?

**उत्तर-**

1. आर्थिक विास के लिये योजनाएँ व कार्यक्रम बनाना।
2. जन्म तथा मृत्यु का रिकार्ड रखना।
3. मातृत्व केन्द्रो तथा बाल कल्याण केन्द्रो की स्थापना।
4. सड़को का निर्माण करना
5. श्मशानो तथा कब्रिस्तानो का रखरखाव।

6. परिवार नियोजन का प्रचार

7. लघु तथा कुटीर उद्योगो का विकास करना (कोई दो)

**प्रश्न–7.** कृषि तथा संस्कृति किन रूपो में जुड़ी हुई है?

**उत्तर–**

1. कृषि तथा संस्कृति के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध है।
2. सांस्कृतिक रस्मों को कृषि तथा कृषक प्रणालियों में खोज सकते है जैसे पंजाब में 'बैसाखी' कर्नाटक में उगाड़ी।
3. नववर्ष के त्यौहारो को मनाना जैसे पोंगल, बिहु, ओणम।

**प्रश्न–8.** 'बेगार' शब्द से आप क्या समझते है?

**उत्तर–** बेगार यह वेतनहीन मजदूरी है।

1. निम्न जाति समूह के सदस्य जमीदारों या भूस्वामियों के यहाँ कुछ निश्चित दिनो तक मजदूरी करते है।
2. बहुत से गरीब कामगार पीढ़ियो से भूस्वामियों के यहाँ मजदूर बने रहते है जैसे बंधुआ मजदूर।

**प्रश्न–9.** फोर्डिज्म एवं उत्तर फोर्डिज्म (पोस्ट फोर्डिजम) में भिन्नता बताइये।

**उत्तर– फोर्डिज्म–** एक केन्द्रीकृत स्थान पर विशाल पैमाने द्वारा वस्तुओं का उत्पादन (हेनरी फोर्ड द्वारा स्थापना)

**उत्तरफोर्डिज्म–** अलग–अलग स्थानों पर उत्पादन की लचीली प्रणाली।

**प्रश्न–10.** पारराष्ट्रीय निगमों की विशेषताएँ बताइये। *[Outside Delhi-2018]*

**उत्तर–**

1. पारराष्ट्रीय निगम ऐसी कम्पनियाँ होती है जो एक से अधिक देशों में माल का उत्पादन करती है।
2. ये अपेक्षाकृत छोटी फर्म भी हो सकती है तथा बड़े विशाल अर्तराष्ट्रीय कम्पनी भी हो सकती है।
3. इनके कार्यालय तथा उत्पादन विभिन्न देशो में होता है।

4. कुछ प्रसिद्ध पारराष्ट्रीय निगमो के नाम इस प्रकार है जैसे कोका कोला, कोलगेट, पामोलिव, सैमसंग, कोडक आदि।

**प्रश्न-11.** निगम संस्कृति (कोर्पोरेट कल्चर) उत्पादकता और प्रतियोगितापन को कैसे बढ़ा देती है। *[Outside Delhi-2018]*

**उत्तर-**

1. निगम संस्कृति प्रंबधन सिद्धान्त की ऐसी शाखा है जो उत्पादकता तथा प्रतियोगिता को बढ़ावा देते है तथा फर्म के सभी सदस्यों को साथ लेकर विशेष संगठन की संस्कृति का निमार्ण करते है।
2. इसमें कम्पनी के कार्यक्रम, रीतियां तथा परम्पराएं शामिल है।
3. ये कर्मचारियों में वफादारी तथा एकता को बढ़ाती है।
4. वह यह भी बताती है कि काम करकने का तरीका क्या है और उत्पादो को कैसे बढ़ावा दिया जाये। (कोई दो)

**प्रश्न-12.** सामाजिक परिवर्तन एवं सामाजिक आन्दोलन के मध्य अन्तर स्पष्ट कीजिए?

**उत्तर-**

**सामाजिक परिवर्तन-** सामाजिक परिवर्तन वे परिवर्तन है जो कुछ समय बाद समाज की विभिन्न इकाइयों में परिवर्तन लाते है सामाजिक परिवर्तन का तात्पर्य सामाजिक संरचना तथा सामाजिक संबंध में होने वाले परिवर्तन से है। सामाजिक परिवर्तन कभी-कभी बड़ी तेजी तथा कभी-कभी मंद गति वाले होते है। यह हमेशा चलने वाली प्रक्रिया है।

**सामाजिक आन्दोलन-** वे गतिशील कार्य है जो सामाजिक कुप्रथाओं अन्धविश्वास, भेदभाव को दूर करने के लिये चलाये जाते है। जिसका उद्देश्य समाज को अधिक स्वस्थ तथा प्रगतिशील बनाना होता है। सामाजिक आन्दोलन परिवर्तन तथा प्रगति की ओर अग्रसर होते है।

**प्रश्न-13.** एआईटीयूसी (एटक) के बनने से औपनिवेशिक सरकार मजदूरों के प्रति किस प्रकार सावधान (सतर्क) हो गई है?

**उत्तर-** औपनिवेशिक सरकार सतर्क हुई

1. मजदूरों को कुछ रियायते देकर अंसतोष कम किया।
2. कार्य करने के घंटे कर करके 10 घंटे किए।
3. मजदूर अधिनियम पारित किया।

**प्रश्न-14.** सुधारवादी तथा प्रतिदानात्मक आन्दोलनो में क्या भिन्नता है?

**उत्तर- सुधारवादी आन्दोलन-** इस प्रकार के आन्दोलन वर्तमान व्यवस्था को बेहतर बनाने की दृष्टि से किये जाते है जैसे सूचना का अधिकार सुधारवादी आन्दोलन है।

**प्रतिदानात्मक आन्दोलन-** ये अपने व्यक्तिगत सदस्यो के व्यक्तिगत चेतना तथा गतिविधियों द्वारा परिवर्तन जैसे इजहावा समुदाय के (केरल) लोगो ने नारायण गुरू के नेतृत्व में अपनी सामाजिक प्रणाली को बदला। (अन्य कोई उचित बिन्दु)

**प्रश्न-15.** भारत में बच्चों के लिंग अनुपात में कमी होने में क्षेत्रीय विभिन्नता को समझाइये।

**उत्तर**

1. निम्नतम लिंग अनुपात भारत के समृद्ध क्षेत्रों में ज्यादा देखने को मिल रहा है।
2. देश के विभिन्न क्षेत्रों में लिंग अनुपात भिन्न-भिन्न है। केरल तथा पांडिचेरी में सबसे अधिक ओर हरियाणा, पंजाब, चण्डीगढ़ में सबसे कम है।
3. लिंग अनुपात में गिरावट के कारण बाल विवाह, लिंग विशेष का गर्भपात, गरीबी, दहेज, स्त्रियों को पौष्टिक भोजन न मिलना आदि।
3. आर्थिक दृष्टि से समृद्ध परिवार एक या दो बच्चे ही अपनी पसन्द के अनुसार चाहते है।
4. जहाँ अनपढ़ लोग ज्यादा है वहाँ लिंग अनुपात में कमी होती है। क्योंकि लोग अंधविश्वास पर विश्वास करते है जैसे बिहार, उत्तर प्रदेश आदि।

**प्रश्न-16.** भारत में व्यापार और वाणिज्य जाति एवं रिश्तेदारी द्वारा परिचारित किया जाता है विवेचना कीजिए? *[Outside Delhi-2018]*

**उत्तर-**

1. भारत में व्यापार जाति एवं रिश्तेदारी द्वारा परिचालित होते है। तमिलनाडू के नापटूकोटाई (नाकरट्टर) इसका जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करते है। कि देशज व्यापारिक सगंठन कैसे कार्य करते थे।
2. नाकरट्टाओं में एक दूसरे से कर्ज लेना तथा पैसा जमा करना जाति आधारित था।
3. नाकरट्टाओ में प्रतिष्ठा आधारित व्यवसाय होता है जाति, नातेदारी और परिवार को सरचंना सब व्यापार के अनुकूल थी।

4. पांरपरिक व्यापारी अपने समुदाय के लोगो पर अधिक विश्वास रखते है। बाहर के लोगो से धोखा खाने का डर होता है।

5. पांरपरिक जाति एवं नातेदारी आधारित संबधों में मारवाड़ी, बनिया, वैश्य, पारसी, सिंधी, बोहरा आदि भी शामिल है।

6. विनियम या कर्ज का एक महत्वपूर्ण साधन हुंडी (विनियम बिल) दूर के व्यापार का महत्त्वपूर्ण साधन था। (या कोई अन्य बिन्दु)

**प्रश्न–17.** क्या आरटीआई (RTI) राज्यों को भारतीयों के प्रति जवाबदेही के लिये बाध्य करने का साधन हो सकता है। विस्तार से समझाइये।

**उत्तर–** RTI द्वारा राज्यों की प्रतिबद्ध जवाबदेही

1. यह कानून 2005 में संसद द्वारा लागू किया गया।

2. जिसके अन्तर्गत नागरिको को सार्वजनिक कार्यालयों से सूचना लेने का अधिकार मिला।

3. इस नियम के अनुसार दस्तावेजो अभिलेखो रिकार्ड का निरीक्षण किया जा सकता है।

4. दस्तावेजो की प्रतिया हासिल की जा सकती हे।

5. इस कानून से सार्वजनिक प्राधिकरण द्वारा सूचना देने पर पारदर्शिता को बढ़ावा मिला।

6. इस कानून में कोई भी सूचना प्राप्त करने का अनुरोध कर सकता है और सरकारी संस्थानों को 30 दिनों के अन्दर उत्तर देना होगा।

**प्रश्न–18.** जनजातीय क्षेत्रों में आधारभूत जनतांत्रिक क्रियाशीलता का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए। *[Outside Delhi-2018]*

**उत्तर–** जनजातीय क्षेत्रों में आधारभूत जनतन्त्र प्रणाली

1. जनजातीय क्षेत्रों में अधिक समतावादी तथा बन्धुता आधारित सामाजिक सगंठन आधारभूत स्तर पर थे।

2. उदाहरण के रूप में गारो, खासी, जयन्तिया आदिवासियों में 100 वर्ष से पुरानी पांरपरिक राजनीतिक संस्था है।

3. ये संस्थाए गाँव, वंश, राज्य स्तर पर पूरी तरह विकसित एवं कार्यशील थी।
4. खासी जनजाति में प्रत्येक वंश की अपनी एक संस्था दरबार कुर थी जिसका अध्यक्ष वंश का मुखिया होता था।

**प्रश्न–19.** सतीश सबरवाल द्वारा उल्लेखित औपनिवेशिक भारत में परिवर्तन के तीन पक्षो की विस्तार से व्याख्या कीजिए?

**उत्तर**– औपनिवेशिक भारत में परिवर्तन के तीन पक्ष (सतीश सबरवाल द्वारा)

1. संचार माध्यम
2. सगंठनो का स्वरूप
3. विचारो की प्रकृति (विस्तार से व्याख्या)

**प्रश्न–20.** संविदा खेती के लाभ तथा हानियों को रेखांकित कीजिए?

**उत्तर**– संविदा खेती

**लाभ**

1. कम्पनी द्वारा कार्यकारी पूंजी लगाना।
2. किसानो का विश्वसनीय बाजार।
3. किसानो को आर्थिक सुरक्षा।
4. पूर्व निर्धारित मूल्य पर कम्पनी द्वारा उत्पाद खरीदना।

**हानियाँ**

1. किसान कम्पनी पर आश्रित होकर असुरक्षित बन जाता है।
2. उत्पादन क्रिया से अलगाव
3. अर्जित ज्ञान को बेकार कर देना
4. निश्चित फसलो को उगाना
5. फसलों को किसानो द्वारा आत्म हत्या, कर्ज की समस्या
6. उर्वरक व कीटनाशक का अधिक उपयोग पारिस्थितिक संकट पैदा करता है।

(कोई 2–2 बिन्दु व्याख्या सहित)

## अथवा

**प्रश्न–20.** मजदूरो के संचरण की व्याख्या कीजिए?

**उत्तर**– मजदूरो का संचरण

1. समृद्ध कृषि क्षेत्रों की ओर मौसमी मजदूरो की मांग बढ़ना।
2. कम विकसित क्षेत्रों से अधिक मजदूरी के कारण मजदूरो का पलायन।
3. विशेष कर सूखाग्रस्त क्षेत्रो से मजदूर सस्ती मजदूरी लेकर शोषित होते है। इन्हें घुमक्कड़ या फुटलुज मजदूर कहते है।
4. स्थानीय मजदूर बड़े शहरो में चले जाते है।
5. कृषि मजदूर के रूप में महिलाएं (कोई चार व्याख्या सहित)

**प्रश्न–21.** भारतीय उद्योगो में भूमण्डलीकरण और उदारीकरण के बाद हुए परिवर्तनो की विवेचना कीजिए।

**उत्तर**– भारतीय उद्योगो में भूमण्डलीकरण तथा उदारीकरण के बाद हुए परिवर्तन

1. सार्वजनिक सैक्टर तथा सरकारी कम्पनियो का निजीकरण।
2. भारतीय कम्पनियो का बहुराष्ट्रीय कम्पनियां बनना।
3. विभिन्न करो में कटौती करना ताकि विदेशी सामान को आसानी से आयात किया जा सके।
4. अर्न्तराष्ट्रीय संस्थान WTO तथा IMF को ऋण लेने के लिये महत्व देना।
5. प्राईवेट कम्पनियों विशेषकर विदेशी कम्पनियो को उन क्षेत्रों में निवेश के लिये प्रोत्साहित करना जो पहले सरकार के लिये आरक्षित थे।

(कोई चार)

**प्रश्न–22.** जनजातियों का वर्गीकरण उनकी स्थायी तथा ग्रहण की गई विशेषताओं के अनुसार किया गया है व्याख्या करो। *[Outside Delhi-2018]*

**उत्तर**– जनजातियों का वर्गीकरण

**स्थायी विशेषक**

1. **भाषा के आधार पर**– इन्डो, आर्यन, द्रविड, आस्टीक एवं तिब्बती बर्मी चार भागो में बांटा है।
2. **क्षेत्र**– पारिस्थितिक आवास में पहाड़, जंगल, ग्रामीण, मैदान एवं शहरी औद्योगिक क्षेत्र है।
3. **शारीरिक विशिष्टताएँ ( नस्लीय )**– निग्रिहो, आस्ट्रैलाइड, मंगोलाइड, द्रविड आर्यन।
4. **जनसंख्या का आकार**– बड़ी जनजातियो गोन्ड, भील, सन्थाल, औराव, मुंडा, मीणा, बोडो एवं सबसे छोटी जनजातियां अण्डेमान द्वीपवासी है।

ग्रहण की गई विशेषताए (अर्जित)

1. जीविका का आधार– मछुआरे, भोजन संग्राहक शिकारी
2. हिन्दू समाज में विलय होना (शामिल होना)
3. हिन्दू समाज के प्रति दृष्टिकोण

**प्रश्न–23.** समकालीन भारत में महिलाओं की प्रतिष्ठा में कितना सुधार हुआ है। उदाहरण दो।

**उत्तर**

1. महिला की प्रस्थिति में विकास
2. महिला के संगठनो का विकास
3. कराची कांग्रेस संकल्प में मौलिक अधिकार जैसे अन्य नागरिको को दिये है।
4. महिला आन्दोलन
5. महिलाओं का सशक्तिकरण
6. मताधिकार एवं नियोजित योजना में महिलाओं की भागीदारी
7. 73 वें संविधान संशोधन में 'ग्राम पंचायत' लोकसभा आदि में आरक्षण (कोई अन्य उचित बिन्दु) व्याख्या

**प्रश्न–24.** उपनिवेशवाद से सभी क्षेत्रों में बहुत परिवर्तन आया चाहे वह कानूनी हो अथवा सांस्कृतिक अथवा वस्तु सम्बन्धी। उदाहरण द्वारा सिद्ध कीजिए।

**उत्तर**– उपनिवेशवाद द्वारा परिवर्तन

1. मुख्य परिवर्तन औद्योगिकरण तथा नगरीकरण द्वारा हुए।

2. नये शहरो का उदय

3. लोगो के आवागमन में बढ़ोतरी

4. मशीनो द्वारा वस्तुओं का उत्पादन तथा परंपरागत विधियो द्वारा उत्पादन का ह्वास (नष्ट) होना।

5. कृषि प्रणालियों में तथा फसलों के नमूनो में परिवर्तन।

6. पूंजीवाद आर्थिक तन्त्र का प्रभुत्व

**प्रश्न-25.** दिये गये गद्यांश पर पढ़िये और नीचे दिये गये प्रश्नो के उत्तर दीजिये।

पिछले कुछ दशको में एक अत्यंत उल्लेखनीय घटना से भारतीय भाषाओं के समाचारपत्रों में क्रान्ति आई है। इन समाचारों की वृद्धि उदारीकरण से पहले हो चुकी थी। भारत के दो प्रमुख दैनिक पत्र ''दैनिक जागरण'' और दैनिक भास्कर है। जिनके पढ़ने वालो की संख्या 2.1 करोड और 1.7 करोड़ है। सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले दैनिको में असमिया भाषा के दैनिक है। (51.8 प्रतिशत वृद्धि) और बंगला के दैनिक ग्रामीण क्षेत्रों में 129 प्रतिशत वृद्धि है।

'ईनाडु' समाचार पत्र की कहानी भी भारतीय भाषाओं के समाचार पत्रो (प्रेस) की सफलता का एक उदाहरण है। 'ईनाडु' के संस्थापक रामो ही राव ने 1974 में इस समाचारपत्र को प्रारम्भ करने से पहले एक चिट-फंड सफलतापूर्वक चलाया था। 1980 के दशक के मध्य में ग्रामीण क्षेत्रों में अरक-विरोधी आन्दोलन जैसे उपयुक्त युद्धो से जुड़ कर यह तेलुगु समाचार पत्र देहातो से पहुँचने में सफल हो गया। अपनी इस सफलता से प्रेरित होकर उसने 1989 में 'जिला दैनिक' निकालने शुरू किये। ये छोटे-छोटे पत्रक होते थे जिनमें जिला विशेष के सनसनी फैलाने वाले समाचार ओर उसी जिले के गाँवों ओर छोटे कस्बो से प्राप्त वर्गीकृत विज्ञापन छापे जाते थे। 1998 तक आते-आते 'ईनाडु' आन्धप्रदेश के दस कस्बों से प्रकाशित होने लगा था और सम्पूर्ण तेलुगु दैनिक पत्रों के प्रसार में इसका हस्सा 70 प्रतिशत था।

**प्रश्न-1.** मुद्रण संचार के विभिन्न प्रकार क्या है?

**प्रश्न-2.** भारतीय भाषाओं के समाचार पत्रों की वृद्धि के लिये किन कारणों को जिम्मेदार माना जा सकता है?

## सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा
## मार्च- 2016

# समाजशास्त्र

**प्रश्न-1.** पराश्रित अनुपात का अर्थ बताइये?

**उत्तर-** पराश्रित अनुपात निर्भरता को दर्शाता है। काम करने वाले व्यक्तियों पर आश्रित या निर्भर व्यक्तियों काक अनुपात इसके द्वारा दर्शाया जाता है। इसमें 0 से 14 वर्षके बच्चे तथ 60 वर्ष से ऊपर वाले बुजुर्ग आते है।

**प्रश्न-2.** पूंजी के वे तीन रूप क्या है जिन पर सामाजिक असमानता आधारित है?

**उत्तर-** सामाजिक असमानता के आधार पर पूंजी को तीन रूपों में विभाजित किया जा सकता है।

1. आर्थिक पूंजी 2. सांस्कृतिक पूंजी 3. सामाजिक पूंजी

**प्रश्न-3.** दो कारको का उल्लेख कीजिए जो क्षेत्रवाद को बढ़ावा देते है?

**उत्तर-** क्षेत्रवाद को बढ़ावा देने वाले दो कारक

1. भाषा, धर्म, संस्कृति जनजातिय पहचान
2. भौगोलिक संकेद्रण
3. क्षेत्रीय वंचन का भाव

**प्रश्न-4.** सामुदायिक पहचान किन मापदंडो के आधार पर बनती है?

**उत्तर-**

1. सामुदायिक पहचान व्यक्ति के जन्म तथा सम्बन्धों पर आधारित होती है। इसमें व्यक्ति की पंसद नापंसद शामिल नहीं होती।
2. सामुदायिक पहचान किसी अर्जित योग्यता या उपलब्धि के आधार पर नहीं होती।

**प्रश्न-5.** संस्कृतिकरण का अर्थ लिखिए।

**उत्तर**- जब निम्न जाति के लोग उच्च जातियो की जीवन पद्धति, आदर्श, मूल्य, अनुष्ठानत था विचारो आदि का अनुकरण करने लगे। तथा अपने आपको उच्च जाति में मिलाने की कोशिश करे तो उस प्रक्रिया को संस्कृतिकरण कहते है।

**प्रश्न-6.** विकेंद्रित लोकतंत्र से आप क्या समझते है?

**उत्तर**-

1. वह प्रक्रिया जिसमे राज्य की शक्तियों को ऊपर से लेकर नीचे तक विभाजित किया जाता है ताकि अवगत समस्याओं पर निर्णय लेने का अवसर मिले।
2. यह एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिये किसी समूह या समुदाय के सभी सदस्य एक साथ भाग लेते है।

**प्रश्न-7.** ग्रामीण समाज में आधात्री (मैट्रिक्स) घटनाएँ किस प्रकार घटती है?

**उत्तर**- ऐसी आत्महत्याएँ मैट्रिक्स घटनाए बन गई है अथार्त जहाँ कारको की एक श्रृंखला मिलकर एक घटना बनती है।

1. कर्ज का बोझ उठाने में असमर्थ
2. फसल का न होना, सब्सिडी घटाना या हटाना।
3. नुकसान के कारण सामाजिक जिम्मेदारी उठाने में असमर्थ

**प्रश्न-8.** 'समय की चाकरी' औद्योगिक समाज को किस प्रकार प्रभावित करती हे।

**उत्तर- समय की चाकरी**

1. औसतन 10-12 घंटे का कार्य दिवस
2. जब परियोजना की अंतिम सीमा आ जाती है तो कर्मचारी रात भर काम करते है जिसे 'नाइट आउट' कहते है।
3. लम्बे कार्य घंटो का होना, बाह्य स्त्रोतों की कार्य संरचना में अधिक कार्य का होना। कुछ हद तक इसका कारण भारत ओर अन्य ग्राहक देश के बीच भिन्नता का होना है।
4. काम को अंतिम रूप देने के लिये कर्मचारी को अतिरिक्त घंटे और दिनो तक काम करना पड़ता है।
5. कार्यकर्ता को अपने कार्य के घंटे नियत करने की छूट (फ्लैक्सी टाइम)

6. जब कर्मचारी के पास कार्य का दबाव नहीं होता तब भी वह अधिकारियो को कड़ी मेहनत दिखाने के लिए आफिस में देर तक रूक जाते है। (कोई दो)

**प्रश्न-9.** भूस्थानीकरण का क्या अर्थ होता है?

**उत्तर-**

1. भूमण्डलीय के साथ स्थानीय का मिश्रण। यह माना जाता है कि कुछ समझ बाद सब संस्कृतिया एक समान हो जायेगी।
2. भूमण्डलीकरण के कारण स्थानीय परम्पराओं के साथ-साथ भूमंडलीकरण परम्पराये भी पैदा हो रही है।
3. मैकडोनाल्ड भी भारतीयो की परम्परा के अनुसार उत्पाद बेचता है। संगीत के क्षेत्र में भांगड़ा पोप, रिमिक्स गानों की लोकप्रियता बढ़ रही है।
4. एमटीवी चैनल वी, स्टार टीवी, कार्टून नेटवर्क, डिस्कवरी चैनल जैसे सभी विदेशी चैनल भारतीय भाषाओं का प्रयोग करते है।

**प्रश्न-10.** फोर्डवाद (फोर्डिज्म) में उत्पादन और सामान के क्रय विक्रय को किस प्रकार प्रभावित किया है? *[Outside Delhi-2018]*

**उत्तर- फोर्डवाद**

1. हेनरी फोर्ड ने शुरू किया।
2. उद्योगपतियों के द्वारा कामगार को बेहतर दिहाड़ी और समाज के लिये कल्याणकारी नीतियो को लागू किया गया।
3. कारो के उत्पादन को बढ़ाने के लिये एसेबंली लाइन पद्धति को अपनाया।

**प्रश्न-11.** निगम (कारपोरेट) संस्कृति ने समाज को कैसे परिवर्तित किया है?

**उत्तर-** निगम संस्कृति प्रबंधन सिद्धान्त की एक ऐसी शाखा है जो उत्पादकता तथा प्रतियोगिता को बढ़ावा देते है तथा फर्म के सभी सदस्यो को साथ लेकर विशेष सगंठन की संस्कृति का निमार्ण करते है।

1. इसमें कम्पनी के कार्यक्रम रीतिया तथा परम्पराए शामिल है।
2. ये कर्मचारियों में वफादारी तथा एकता को बढ़ाती है।
3. वह यह भी बताती है कि काम करने का तरीका क्या है ओर उत्पादो को कैसे बढ़ावा दिया जाये। (कोई दो)

**प्रश्न-12.** किसान आन्दोलन के दो उदाहरण दीजिए।

**उत्तर-**

1. तिमागां आन्दोलन
2. बारदोली सत्याग्रह
3. चम्पारन सत्याग्रह (कोई दो)

**प्रश्न-13.** ऐसे दो कारण लिखिए जो दलित आन्दोलन के बढ़ने के लिये जिम्मेदार है?

**उत्तर-**

1. आत्मसम्मान तथा समानता का संघर्ष
2. मानव के रूप में पहचान प्राप्त करना
3. आर्थिक राजनैतिक तथा सामाजिक शोषण
4. अस्पृश्यता उन्मूलन
5. आत्मविश्वास एवं आत्म निर्णय के लिये संघर्ष (कोई दो)

**प्रश्न-14.** पर्यावरण सम्बन्धी आन्दोलन क्यों होते है?

**उत्तर-** आधुनिक काल में विकास पर अधिक बल दिया गया जिस कारण प्राकृतिक संसाधनो का अनियंत्रित उपयोग हुआ तथा प्राकृतिक संसाधनो का अत्यधिक शोषण हुआ है यह एक पूरे संसार के लिये चिंता का विषय बन गया। पर्यावरण आन्दोलन इस कारण ही होते है। पर्यावरण आन्दोलन से सम्बन्धित उदाहरण।

**प्रश्न-15.** भारत में जनसांख्यिकी लाभांश की मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**उत्तर-** भारत में कार्यशील लोगो की (25 से 64 वर्ष) वर्तमान पीढ़ी अपेक्षाकृत बड़ी है युवा पीढी कार्यशील और उद्यमी होते है अतः युवा पीढी आर्थिक विकास के लिये बहुत सहायता देती है।

1. इसी कारण हमारा भारत आर्थिक विकास में अमेरिका, जापान आदि विकसित देशों का मुकाबला कर रहा है।
2. हमारे देश में लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं के बढ़ने से लोग लंबा जीवन जी रहे है जीवन प्रत्याशा लगातार बढ़ रही है जिससे भारत उन्नति की ओर अग्रसर है।

**प्रश्न-16.** स्वतंत्रता के बाद आदिवासी संघर्ष के मुख्य मुद्दे क्या थे?

**उत्तर-**

1. सांस्कृतिक पहचान से सम्बन्धित मुद्दे।
2. बाहरी लोगो द्वारा शोषण
3. विकास परियोजनाओ के नाम पर बार-बार विस्थापन
4. भूमि तथा वन्य संपदाओ का अधिग्रहण
5. उपद्रवग्रस्त क्षेत्र घोषित करना
6. पर्याप्त मुआवजे ओर समुचित पुर्नवास की व्यवस्था किए बिना विस्थापित करना आदि।

**प्रश्न-17.** साम्प्रदायिकता अभी भी हमारी एकता और सामंजस्य के लिये एक चुनौती क्यों है? *[Outside Delhi-2018]*

**उत्तर-**

1. धार्मिक पहचान पर आधारित आक्रामक उग्रवाद।
2. उग्रवाद अपने आप में ऐसी अभिवृत्ति है जो अपने समूह को श्रेष्ठ समूह मानती है और अन्य समूह को निम्न अथवा विरोधी समझती है।
3. साम्प्रदायिकता एक आक्रमण राजनीतिक विचारधारा है जो धर्म से जुड़ी होती है।
4. साम्प्रदायिकता राजनीति से सरोकार रखती है धर्म से नहीं।
5. भारत में बार-बार साम्प्रदायिक तनाव फैलते है जो चिंता का विषय बना हुआ है। इसमें लूटा जाता है लोगो की जान ली जाती है।
6. सम्प्रदायवादी आक्रमण राजनीतिक पहचान बनाते है और ऐस व्यक्ति की निंदा या आक्रमण करने को तैयार रहते है जो उनकी पहचान का साझेदार नहीं होता।

**प्रश्न-18.** जातिवाद ने राजनीति को कैसे प्रभावित किया है?

**उत्तर-**

1. जातिवाद चुनावी राजनीति का केन्द्र बिन्दु बना हुआ है।

2. आजकल राजनीति में जातिगत वोटों का बोलबाला है। जातिवाद वोट बैंक को बढ़ावा देता है।

3. प्रतिनिधियो का चुनाव उनकी काबिलियत (योग्यता) पर नहीं बल्कि जाति पर आधारित होता है।

4. जातिवाद के कारण राजनीति में विभिन्न जातियों में दुश्मनी बढ़ी है।

5. जातीवाद सांप्रदायिक दंगो को भी बढ़ावा देता है।

6. जाति एक दबाव समूह का काम करती है।

7. जाति पर आधारित राजनीतिक दलो का निर्माण होता है।

**प्रश्न-19.** पंचायत के अधिकार एवं उत्तरदायित्वों को विस्तार से स्पष्ट कीजिए।

**उत्तर-**

1. आर्थिक विकास के लिये योजनाएँ व कार्यक्रम बनाना।

2. शुल्क, यात्री कर, जुर्माना तथा अन्य कर लगाना व एकत्र करना।

3. जन्म तथा मृत्यु के आकड़े इक्ट्ठे करना।

4. सड़को का निर्माण करना।

5. लघु तथा कुटीर उद्योगो का विकास करना

6. शमशानो तथा कब्रिस्तानो का रखरखाव करना।

7. परिवार नियोजन का प्रचार

8. कृषि कार्यो का विकास

9. ग्रामीण विकास और बाल विकास योजना का संचालन करना (कोई 4)

**प्रश्न-20.** स्वतन्त्रता के पश्चात भारतीय कृषि भूमि सुधारो के प्रभावों को स्पष्ट कीजिए।

**उत्तर-** भूमि सुधारो के प्रभाव

1. जमींदारी व्यवस्था का समापन

2. भूमि हदबंदी अधिनियम

3. पट्टेदारी का उन्मूलन या नियत्रंण

4. भूमि चकबंदी

5. भूमि स्वामित्व का रिकार्ड

6. बेनामी बदल (कोई चार विस्तारपूर्वक)

## अथवा

**प्रश्न–21.** स्वतंत्रता के पश्चात ग्रामीण समाज में आये परिवर्तनों को संक्षेप में प्रकाश डाले। *[Outside Delhi-2018]*

**उत्तर–**

1. गहन कृषि के कारण कृषि मजदूरो का बढ़ना।
2. मुक्त दिहाड़ी मजदूरो के वर्ग का सामने आना।
3. अनाज के स्थान पर नगद भुगतान
4. पारंपरिक बंधनो में शिथिलता अथवा भूस्वामी एवं किसान व मजदूर के पुश्तैनी सम्बन्धो में कमी आना।
5. नये उद्यमी समूहो का उदय
6. कृषि की आधुनिक पद्धतियों का विकास
7. नये क्षेत्रीय अभिजात वर्गो का उदय
8. कृषि में व्यापारीकरण के कारण ग्रामीण क्षेत्र का विस्तृत अर्थव्यवस्था से जुड़ना (कोई चार विस्तार से)

**प्रश्न–21.** प्रवासी मजदूरो द्वारा झेली जा रही समस्याओं की चर्चा कीजिए।

**उत्तर–**

1. बढ़ती असमानताएँ
2. न्यूनतम मजदूरी
3. कार्य की असुरक्षा
4. बढ़े काम के घंटे

5. सरक्षंण से शोषण की ओर बदलाव

6. बच्चो के स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा आदि का न्यूनतम लाभ

7. बाध्यकारी अनुबंध इत्यादि (कोई चार)

## अथवा

**प्रश्न–21.** भारत में नौकरी की भर्ती के प्रमुख रूपो की विवेचना कीजिए।

**उत्तर–**

1. रोजगार कार्यालय
2. समाचार पत्र
3. इंटरनेट
4. मोबाइल फोन
5. व्यक्तिगत सम्बन्ध
6. बाह्य स्त्रोत
7. रेडियो

**प्रश्न–22.** जाति संस्था कई मामलो में दृश्य और अदृश्य दोनों है। उपयुक्त उदाहरणों के साथ इस कथन की विवेचना कीजिए।

**उत्तर– अदृश्य**

1. जाति व्यवस्था उच्च जातियो, नगरीय व मध्य तथा उच्च वर्गो के अदृश्य होती जा रही है।
2. ऊंची जाति के लोग राजकीय क्षेत्र की नौकरियो का लाभ उठा रहे है।
3. इस समूह के लिये सार्वजनिक जीवन में जाति की कोई भूमि नहीं है। वह व्यक्तिगत क्षेत्र तक ही सीमित हे।

**दृश्य**

1. अनुसूचित जातियों और जनजातियो तथा पिछड़े वर्ग के लिये जाति और अधिक दिखने वाली हो गई।

2. आरक्षण की नीतियो और राजनैतिक दबाव में आकर राज्य द्वारा उन्हे दिये गये अन्य संरक्षण उनके जीवन को बचाने वाले उपाय है।

3. उच्च जाति समूह के साथ प्रतिस्पर्धा में उतरने के लिये वो अपनी जातिय पहचान को नहीं छोड़ सकते।

## अथवा

**प्रश्न–20.** जाति व्यवस्था किन नियमो ओर विनियमो को अपने सदस्यो पर लागू करती है।

**उत्तर– जाति की विशेषताएँ**

1. जाति जन्म से निर्धारित होती है।
2. जाति में विवाह सम्बन्धी कठोर नियम शामिल होते है।
3. पारम्परिक तौर पर जातियाँ व्यवसाय से जुड़ी होती है।
4. जातियों में आपनी उपविभाजन भी होता है।
5. भोजन तथा सामाजिक मेलजोल पर प्रतिबंध होता है।
6. जाति में श्रेणी एवं प्रस्थिति के एक अधिक्रम में संयोजित अनेक जातियो की एक व्यवस्था शामिल है। (शुद्धता और अशुद्धता)

**प्रश्न–23.** उदारीकरण की नीति द्वारा हमारे समाज में परिवर्तन आया है। विस्तार से समझाइएं।

**उत्तर**– उदारीकरण की नीति से समाज में निम्न परिवर्तन हुए।

1. सरकारी विभागो का निजीकरण
2. पूंजी, व्यापार व श्रम में सरकारी हस्तक्षेप का कम होना
3. विदेशी वस्तुओं के आयात शुल्क को कम करना
4. वैश्विक बाजार के साथ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना
5. बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का आगमन
6. रोजगार का बढ़ना
7. सभी महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में आर्थिक सुधार जैसे कृषि व्यापार, औद्योगिकी, विदेशी निवेश आदि।

8. वैश्विक बाजार से वैश्विक गाँवों तक का एकीकरण

(कोई छः की व्याख्या)

**प्रश्न-24.** उपनिवेशवाद ने नकरीकरण को बढ़ावा देने के लिये भारतीय समाज को किस प्रकार से सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से प्रभावित किया है।

उत्तर- **सामाजिक**

1. पश्चिमी शिक्षा
2. ग्रामीण शिल्प, परंपरागत उद्योगो का पतन
3. नये सामाजिक समूहो का उदय
4. पुराने शहरी केन्द्रो का पतन
5. मजदूरो को चाय बागानों तथा अन्य औपनिवेशिक क्षेत्रों में भेजना।
6. संयुक्त परिवार टूट कर एकल परिवार में बदल गये।

**आर्थिक**

1. परपंरागत रूप से होने वाला रेशम और कपास गिरता चला गया।
2. समुद्री तटीय शहर उभरे-आयात निर्यात आसान हुआ
3. शहरो में जहाँ उद्योग लगाये गये थे वहाँ लोगों की जनसंख्या बढ़ने लगी।
4. ब्रिटिश औद्योगिकरण के कारण लोग रोजगार की तलाश में शहरो की तरफ जाने लगे क्योंकि उनके परपंरागत उद्योगो का पतन हो गया।

**राजनैतिक**

1. हमारे देश में संस्थापित संसदीय, शिक्षा व्यवस्था ब्रिटिश प्रारूप व प्रतिमानो पर आधारित है।
2. पाश्चात्य शिक्षा से राष्ट्रवाद का उदय हुआ।
3. हमारे सरकारी भवन ब्रिटिश संरचना पर है।

**प्रश्न-25.** नीचे दिये गये अनुच्छेद को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

जगह तंग है- झोपड़ा किराए का है, जिसमें संगीत भरे टेप और जंग लगे बिजली के

उपकरणों का ढेर लगा है और जो मरम्मत सेवा प्रदान करने वाली राघव की दुकान के साथ-साथ रेडियो स्टेशन का कार्य भी करती है।

राघव पढ़ा लिखा न हो परंतु उसके स्वदेशी एफ. एम. स्टेशन ने उसे स्थानीय राजनेताओं से भी अधिक लोकप्रिय बना दिया है। राघव का रेडियो के साथ प्रेस प्रसंग 1997 में प्रारम्भ हुआ जब उसने एक स्थानीय मरम्मत की दुकान में एक मिस्त्री के रूप में काम करना प्रारम्भ किया था। जब दुकान का मालिक वह क्षेत्र छोड़ कर चला गया तो एक कैंसर पीड़ित खेतिहर मजदूर के बेटे राघव ने एक मित्र के साथ मिल कर वह झोपड़ी ले लीं 2003 में किसी समय राघव ने जो तब तक रेडियो के बारे में काफी कुछ जान चुका था। गरीबी की मार से पीड़ित बिहार राज्य में, जहाँ बहुत से क्षेत्रों में बिजली नहीं है। सस्ते बैटरी से चलने वाले ट्रांजिस्टर ही मनोरजंन का सबसे लोकप्रिय साधन है। ''इस विचार को पक्का करने ओर ऐसी किट तैयार करने में, जो एक निर्धारित रेड़ियो आवृत्ति रेड़ियोफिक्वेंसी पर मेरे कार्यक्रम प्रसारित कर सके, मुझे काफी लंबा समय लगा। किट पर रू0 50 लागत आई, राघव कहता है। प्रसारण किट एक एंटीना के साथ लंबे बाँस पास के एक तीनमंजिला अस्पताल पर लगी है। एक लम्बा तार उस प्रसारण यंत्र को नीचे राघव के रेडियो झोपड़े में लगे घरघराहट करने वाले, घर के बने पुराने स्टीरियो कैसेट प्लेयर से जोड़ता है। तीन अन्य जग लगे, स्थानीय रूप से बने बैटरी चालित टेपरेकार्डर रंगीत तारों और एक बेतार (कॉर्डलेस) माइक्रोफोन के साथी इससे जुड़े है।

**प्रश्न-1.** पिछले कुछ वर्षो में मीडिया ने किन परिवर्तनो को महसूस किया है?

**प्रश्न-2.** मीडिया समाज के कमजोर वर्गो का प्रतिनिधित्व करने में कैसे सफल हो सकता है।

**उत्तर**- सही उत्तर

**उत्तर**- सही उत्तर

# सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा
## मार्च- 2017

# समाजशास्त्र

**प्रश्न-1.** पश्चिमीकरण शब्द से आप क्या समझते है?

**उत्तर-**

1. भारतीय समाज और संस्कृति मे लगभग 150 सालों के ब्रिटिश शासन के परिणामस्वरूप आया परिवर्तन अथवा,
2. पश्चिमी जीवन शैली को अपनाना पश्चिमी दृष्टिकोण से सोचना तथा पश्चिमीकरण मे किसी संस्कृति विशेष के बाहा तत्वों अनुकरण की प्रवृत्ति भी होती है।

   (कोई अन्य उपयुक्त बिन्दु)

**प्रश्न-2.** एक औद्योगिक प्रतिष्ठान में मैनेजर मजदूरो को अधिक उत्पादन के लिए कैसे प्रेरित करेगा?

**उत्तर-**

1. काम के घण्टों में वृद्धि।
2. निर्धारित दिए गए समय में उत्पादित वस्तु की मात्रा को बढ़ा देना।

**प्रश्न-3.** सूचना एवं मनोरंजन शब्द का अर्थ लिखिए।

**उत्तर-** समाचार पत्र प्राय:सूचना और मनोरंजन दोनों के मिश्रण का समर्थन करते है ताकि सभी आयु वर्ग के पाठकों की इसमें रुचि बनी रहें। उनकी इस प्रवृत्ति को 'इंफोटेनमेंट' (सूचनारंजन) कहते है।

**प्रश्न-4.** उपयोग के स्वरूप प्रतिष्ठा का प्रतीक कैसे बन जाता है?

**उत्तर-** लोगों और उनके द्वारा प्रयोग की जाने वाली वस्तुओं के सम्बन्धों को 'प्रतिष्ठा का प्रतीका' कहते है। लोगों का पहनावा, खान-पान, निवास, मोटर-गाड़ी उनकी प्रतिष्ठा के प्रतीक होते है।

**प्रश्न-5.** औपनिवेशिक शासकों को तटीय नगर पसंद थें?

**उत्तर**– क्योकि तटीय नगर मुम्बई, को कोलकात्ता और चेन्नई से ब्रिटिश सरकार उत्पादित कपास को निर्यात कर सके और बना हुआ कपड़ा आयात कर सकें। तटीय नगरों से व्यापार आसानी से हो जाता है।

**प्रश्न–6.** समाचार पत्र उघोग में प्रौघोगिकी क्या परिवर्तन लाती है?

**उत्तर**–

- पर्सनल कम्पयूटरों की नेटवर्क व्यवस्था।
- लोकल एरिया नेटवर्क (लैन)।
- समाचार निर्माता के लिए न्यूजमेकर जैसे सोफटवेयर का प्रयोग।
- छोटे टेपरिकार्डर एंव लेपटोप।
- मोबाइल एंव सेटेलाइट फोन
- मॉडम जैसे अन्य नए उपकरण इत्यादि।

(कोई दो बिन्दु समझाइए)

**अथवा**

- आज का मीडियम संस्थान समाचार संकलन हेतु फोन से लेकर लेपटॉप तक का उपयोग कर रहे है।
- समाचार पत्रों के कार्यालय कम्प्यूटर व इन्टरनेट से लैंस है।
- संवाददाता से लेकर संपादक तक अपने पी.सी. से जुड़े हुए है।
- समाचारों को भविष्य के लिए सुरक्षित रखने हेतु सीडी में बेक–अप लिया जाता है।
- आधुनिक प्रोघोगिकी के माध्यम से ही समाचार पत्रों या समाचार चैनलों ने अपनी वेबसाइटें भी स्थापित की है, जिन्हें न्यूज पोर्टल के रूप में लाना जाता है।

(कोई दो बिन्दु)

**प्रश्न–7.** बिहार में रेशम बुनने वाले और कातने वाले भूमंडलीकरण से किस प्रकार प्रभावित हैं?

**उत्तर**–

- जब चीनी और कोरियाई रेशम के धागों ने बाजार में प्रवेश किया तब रेशम काटने और धागा बनाने वाली औरतों का धन्धा चौपट हो गया।
- बुनकर एंव उपभोक्ता इस नए धागे को अधिक पसंद करते थे क्योकि यह सस्ता और चमकीला था।

**प्रश्न–8.** भारतीय लोकतंत्र में दबाब समुह क्या भूमिका निभाते है?

**उत्तर**– ये समूह सरकार से अपनी बात मनवाने की कोशिश करते है। वैधानिक अंगों से अपनी माँगों को पूरा करवाने की कोशिश करते है।

**प्रश्न–9.** विरोधी आन्दोलन क्या होते है? उदाहरण दीजिए।

**उत्तर**– यथापूर्व स्थिति को बनाए रखने के लिए प्रतिरोधी आन्दोलन जन्म लेते हैं–जबकि सामाजिक आन्दोलन सामाजिक परिवर्तन लाना चाहते है।

उदाहरण :

- जब राजा राम मोहन राय ने सती प्रथा का विरोध किया तो सती प्रथा के प्रतिरक्षकों ने प्रतिरोध किया।
- महिलाओं की शिक्षा के लिए भी।
- विधवा पुर्नविवाह के लिए भी।
- निम्न जाति के बच्चों का स्कूल में नाम लिखवाना।

(कोई एक उदाहरण)

**प्रश्न–10.** विरोध प्रदर्शन के विभिन्न प्रकार क्या है?

**उत्तर**–

- मोमबत्ती और मशाल जुलूस
- काले कपड़े का प्रयोग
- नुक्कड नाटक
- गीत, कविताएँ

- सत्याग्रह, अनशन, भूख हड़ताल आदि।

  (कोई दो)

**प्रश्न–11.** 19 वी शताब्दी के समाज सुधारको की मुख्य चिंताएँ क्या थी?

**उत्तर–**

- सामाजिक बुराइयों का उन्मूलन
- विधवा पुर्नविवाह
- बाल विवाह
- जाति और लिंग भेद
- धार्मिक भेद भाव

  (कोई दो)

**प्रश्न–12.** प्रोधौगिकी क्षेत्रों में विज्ञापन होने से भूमंडलीय समुदायों में क्रांतिकारी परिवर्तन किस प्रकार हुए?

**उत्तर–**

- समाचार पत्र, रेडियो, टेलीविजन में विज्ञापनो की भरमार
- इससे विभिन्न प्रकार के मीडिया अधिक से अधिक मुनाफा कमाने लगे।

  (कोई अन्य उपयुक्त बिन्दु)

**प्रश्न–13.** INGOS के उदाहरण दीजिए?

**उत्तर–**

- ग्रीन पीस
- दि रेड क्रॉस
- एमनेस्टी इंटरनेशनल

  (कोई दो)

**प्रश्न–14.** जनंसचार किस प्रकार हमारे दैनिक जीवन का एक अंग है?

**उत्तर**– जनसंचार सामान्य जनों को सूचना पहुँचाने की एक विस्तृत विधि है। इसके अन्तर्गत समाचार–पत्र, पत्रिकाएँ, टेलीविजन, फिल्में, रेडियों, फोन, मोबाइल, कम्प्यूटर, इन्टरनेट आदि सभी उपकरणों का समावेश होता है। ये सभी उपकरण आजकल हमारे दैनिक जीवन के अंग है।

**प्रश्न–15.** राष्ट्रीय पहचान को स्थापित करने के लिए की गई आत्मसातीकरण और एकीकरण की राजनीति की व्याख्या कीजिए।

**उत्तर**–

- संपूर्ण शक्ति को ऐसे मंचों में केन्द्रित करना जहाँ प्रभावशाली समूह बहुसंख्यक हो और स्थानीय या अल्पसंख्यक समूहो की स्वायत्त को मिटाना।
- प्रभावशाली समूह की परंपराओं पर आधारित एक एकीकृत कानून एवं न्याय व्यवस्था को थोपना और अन्य समूहों द्वारा प्रयुक्त वैकल्पिक व्यवस्थाओं को खत्म कर देना।
- प्रभावशाली समूह की भाषा को ही एकमात्र राजकीय 'राष्ट्रभाषा' के रूप में अपनाना और उसके प्रयोग को सभी सार्वजनिक संस्थाओं में अनिवार्य बना देना।
- प्रभावशाली समूह की भाषा और संस्कृति को राष्ट्रीय संस्थाओं के जरिए, जिनमें राज्य नियंत्रित, जनसंपर्क के माध्यम और शैक्षिक संस्थाएँ शमिल है, बढ़ावा देना।
- प्रभावशाली समूह के इतिहास शूरवीरों और संस्कृति को सम्मान प्रदान करने वाले राज्य प्रतीकों का अपनाना, राष्ट्रीय पर्व, छुट्टी का ध्यान रखना।
- अल्पसंख्यक समूहो और देशज लोगों से जमीनों, जंगल एवं मत्सय क्षेत्र छीनकर उन्हे 'राष्ट्रीय संसाधन' घोषित कर देना।

(कोई चार)

**प्रश्न–16.** बाजार के समाजशास्त्रीय और अर्थशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य में भिन्नता बताइऐ।

**अथवा**

औपनिवेशवाद के आगमन से भारत की अर्थव्यवस्था में बड़ी उथल–पुथल कैसे आई?

**उत्तर**–

- **समाजशास्त्रीय :** बाजार को एक सामाजिक संस्था के रूप में मानते है जिसमें बातचीत, रिश्तेदारों से भेंट, गप्पे मारना, जानकारियों का प्रसार, विवाह तय करना इत्यादि शामिल है।
- **अर्थशास्त्रीय :** बाजार को एक आर्थिक संस्था मानते है जिसमें व्यापार खरीदना-बेचना, वितरण, मुद्रा संबधित प्रक्रियाएँ इत्यादि आती है।

**अथवा**

उपनिवेशवाद के आते ही भारतीय अर्थव्यवस्था में आए बदलाव-

- ब्रिटिश औद्योगिकरण से भारत के कुछ क्षेत्रो में औद्योगिक क्षरण हुआ (डी-इंडस्ट्रीयलइजेशन)
- उपनिवेशवाद के बाद भारत कच्चे माल और कृषक उत्पादो का स्त्रोत और उत्पादित सामानों का उपभोक्ता बना। इससे पहले भारत बने-बनाए सामानों के निर्यात का मुख्य केन्द्र था।
- व्यापार और कृषि उदाहरण- हस्थकरघा, ग्रामीण शिल्प इत्यादि जैसे उत्पादन में कभी आई।
- बम्बई और मद्रास जैसे नगरों के औद्योगिक क्षेत्र मे बदल जाने से उनका आधुनिकीकरण, विकास और भारी फैलाव हुआ।

(कोई अन्य उपयुक्त बिन्दु)

**प्रश्न-17.** उपनिवेशवाद के दौरान 'राष्ट्र-राज्य' प्रमुख राजनैतिक स्वरूप बन गए। स्पष्ट कीजिए।

**उत्तर-**

- एक राष्ट्र एक ही राजनैतिक व्यवस्था के अन्तर्गत स्वेच्छता से रहने का प्रयत्न करने वालों का एक ऐसा सांस्कृतिक समुदाय है जो नैतिक भावनाओं के शक्तिशाली सूत्रो द्वारा आबद्ध होता है।
- उपनिवेशवाद के दौरान पूरा देश राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत था और ब्रिटिश शासन के विरूद्ध था।
- देश अंग्रेजो से आजादी चाहता था। नेताओ ने घोषणा की-स्वराज्य मेरा जन्म अधिकार है।

- राष्ट्र-राज्य राष्ट्रीयता की उदय के साथ नजदीकी से जुड़े हुए है।

  (कोई अन्य उपयुक्त बिन्दु)

**प्रश्न-18.** ग्रामीण लोगों को उनकी आवाज देने में 73वाँ संशोधन बहुत महत्वपूर्ण है। स्पष्ट कीजिए।

**उत्तर-**

- इस संशोधन मे 20 लाख से अधिक जनसंख्या वाले प्रत्येक राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत होगी।
- प्रत्येक पाँच वर्षो में इसके सदस्यों का चुनाव होगा।
- इसमें अनुसूचित जाति तथा जनजाति के लिए निश्चित स्थान आरक्षित किए गए।
- महिलाओं के लिए 33% सीटें आरक्षित की गई जिनमें 17% सीटें अनुसूचित जाति तथा जनजाति की थी।
- पूरे जिले में विकास के लिए योजना समिति गठित की गई।

**प्रश्न-19.** नागरिक समाज/समिति संगठनों की क्या विशेषताएँ है?

**अथवा**

सांस्कृतिक विभिन्नता को बढ़ावा देना व्यवहारिक और सैद्धान्तिक दोनों अर्थो में एक अच्छी नीति है। भारत को एक राष्ट्र राज्य के रूप मे लेते हुए इस कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए।

**उत्तर-**

- नागरिक समाज उस व्यापक कार्यक्षेत्र को कहते है जो परिवार के निजी क्षेत्र से परे होता है, लेकिन राज्य और बाजार दोनों क्षेत्र से बाहर होता है।
- नागरिक समाज मे स्वैच्छिक संगठन होते है।
- यह सक्रिय नागरिकता का क्षेत्र है जहाँ व्यक्ति मिलकर संस्थाएँ (NGDS) राजनीतिक दल, मीडिया, श्रमिक संघ आदि।
- नागरिक समाज द्वारा उठाए गए मुद्दे पर्यावरण की सुरक्षा, स्त्रियो के प्रति हिंसा, जनजाति की भूमि की लड़ाई, प्राथमिक शिक्षा में सुधार आदि।

अथवा

- भारतीय राष्ट्र-राज्य विश्व मे सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से अत्यधिक विभिन्नताओं वाला देश है
- यहाँ विभिन्न धर्म तरह तरह के विश्वास और व्यवहार पाए जाते है।
- यहाँ अत्याधिक/अधिकतर जनसंख्या विभिन्न भाषाएँ और बोलियाँ बोलती है।
- सामुदायिक पहचानों के साथ राष्ट्र-राज्य के संबंधो की दृष्टि से भारत की स्थिति न तो आत्मसातकरणवादी और न ही एकीकरणवादी की है।
- संविधान ने यह घोषणा की है कि भारत एक धर्म-निरपेक्ष राज्य होगा पर धर्म, भाषा और अन्य ऐसे कारकों को सार्वजनिक क्षेत्र मे पूरी तरह निष्कासित नही किया गया है।
- अंतरर्राष्ट्रीय मानको की दृष्टि से मापा जाए तो अल्पसंख्यक धर्मो का अत्यंत प्रबल संवैधानिक सुरक्षा प्रदान की गई है। भारत की समस्या यह है कि यहाँ कानूनो या सिद्धान्तों की तो कोई कमी नही है बल्कि उनके पालन या व्यवहार मे थोड़ी कमी है।

  (कोई अन्य बिन्दु)

**प्रश्न-20.** व्यापार संघ/मजदूर संघ द्वारा मजदूरों की जिन्दगी में आए परिवर्तनों की व्याख्या कीजिए।

**उत्तर-**

- किसी भी मिल, कारखानों मे मजदूरों के हितो की रक्षा करने के लिए मजदूर संघ का गठन किया जाता है। सभी मजदूर इसके सदस्य होते है।
- मजदूर संघ द्वारा मजदूरों की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। जैसे वेतन में वृद्धि
- दूर्घटना की स्थिति में मजदूरों को पैसा तथा इलाज की सुविधा मिलने लगी है।
- मजदूरो को बोनस, फंड आदि भी मिलने लगा है।
- मजदूरो के काम करने के घण्टे भी निर्धारित किए गए है। उनकी कार्य दशाओं में सुधार आया है।

(कोई अन्य बिन्दु)

**प्रश्न–21.** नए सामाजिक आंदोलन पुराने सामाजिक आंदोलनों से किस तरह भिन्न है?

**उत्तर–** पुराने सामाजिक आंदोलन

- राजनीतिक दलो के दायरे में काम करते थे।
- राजनीतिक दलो की केन्द्रीय भूमिका होती थी।
- कुछ क्षेत्रों तक ही सीमित थे।
- मुद्दे थे–जैसे सामाजिक बुराइयों का अंत, महिलाओ की शिक्षा, जातिगत भेदभाव आदि

नए सामाजिक आंदोलन

- राजनीतिक दलो के दायरे से बाहर थे।
- गैर दलीय राजनीतिक संगठन सम्मिलित हुए। ताकि वो राज्य पर अपना दबाव डाल सके।
- अंतरर्राष्ट्रीय फैलाव।
- जीवन की गुणवत्ता जैसे–पर्यावरण के बारे में आदि।

**प्रश्न–22.** सामाजिक स्तरीकरण के तीन मूल सिद्धान्तों का उदाहरण सहित विश्लेषण कीजिए।

**उत्तर–**

- सामाजिक स्तरीकरण व्यक्तियों के बीच की विभिन्नता का प्राकर्य नहीं बल्कि समाज की विशिष्टता है।
- सामाजिक स्तरीकरण पीढी–दर पीढी बना रहता है।
- सामाजिक स्तीरकरण को विश्वास या विचारधारा द्वारा समर्थन मिलता है।

(तीन बिन्दु व्याख्या सहित)

**प्रश्न–23.** हरित क्रांति के सामाजिक परिणामों पर प्रकाश डालिए।

**उत्तर–**

- 1960–70 के दशक में  कृषि आधुनिकरण का सरकारी कार्यक्रम था जिसमें आर्थिक सहायता, अन्तर्राष्ट्रीय सस्थाओं द्वारा दी गई थी तथा अधिक उत्पादकता वाले संकर बीजों के साथ कीटनाशक, खादों तथा किसानों के लिए अन्य निवेश पर केन्द्रित थी।
- इस क्रांति के कारण मध्यम तथा बड़े किसान ही नई तकनीक का लाभ उठा सके।
- हरित क्रांति मुख्य रूप से गेहूँ तथा चावल उत्पाद करने वाले क्षेत्रो पर ही लक्षित थी।
- हरित क्रांति कुछ क्षेत्रो में जैसे–पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, तटीय आन्ध्र प्रदेश तथा तमिलनाडु के कुछ हिस्सो में चली।
- नई तकनीक द्वारा कृषि उत्पादकता में अत्याधिक वृद्धि हुई।
- धनी किसान भू–धारको की दिशा और बिगड़ गई।
- कृषि मजदूरों की माँग बढ़ गई।
- किसान बाजार पर निर्भर हो गए है।
- कुछ क्षेत्रो में अधिक विकास नही हो पाया जैसे बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, तेंलगाना आदि।
- भारतीय किसानो की पारम्परिक जानकारी लुप्त होती जा रही है।

**प्रश्न–24.** मातृसत्तात्मक समाजों मे पुरषो और महिलाओं द्वारा झेले जा रहे संरचानात्मक तनावों की व्याख्या कीजिए।

अथवा

आज जनजातीय पहचान के अभिकथन के पीछे क्या कारण है।

**उत्तर–**

- मातृसत्तात्मक समाजों मे सत्ता माता के हाथ में होती है। परम्परा के अनुसार पुरूष विवाह के बाद अपनी पत्नी के घर रहता है।
- उदाहरण– खासी जनजाति मातृवंशानुक्रम संगठन का प्रतीक है। वंश परम्परा के अनुसार उत्तराधिकार भी पुत्र को प्राप्त न होकर पुत्री को ही प्राप्त होता है।

- माता का भाई माता की पुश्तैनी सम्पति की देखरेख करता है। इस स्थिति मे वह स्त्री उत्तराधिकार के रूप में मिली सम्पत्ति का अपने ठंग से उपयोग नही कर पाती है। इस प्रकार खासी जनजाति मे मामा की अप्रत्यक्ष सत्ता संघर्ष को जन्म देती है।
- खासी पुरूषों को दोहरी भूमिका निभानी पड़ती है। उस पर बहन की सम्पत्ति की देखरेख के अलावा अपनी पत्नी तथा बच्चो के लालन-पालन का भी उत्तरदायित्व होता है।
- दोनों पक्षों की स्त्रियाँ भी बुरी तरह प्रभावित होती है।
- खासी समाज में स्त्रियों को प्रतीकरत्मक सत्ता प्राप्त है वास्तव में सत्ता का उपयोग तो पुरुष ही करते है। स्त्रियाँ बहुत से अधिकारो से वंचित रहती है।

**अथवा**

- नए राज्यों की माँग।
- अंत क्रियात्मक प्रक्रिया का परिणाम आदिवासियों का छिन्न भिन्न हो जाना।
- गैर जनजातीय लोगों का भारी संख्या में अप्रवास
- गैर आदिवासियों का विरोध।
- सांस्कृतिक और आर्थिक मुद्दे।
- वनो का राष्ट्रीकरण।
- पुर्नवास न किया जाना।
- भूमि का अधिग्राहण।
- राष्ट्रीय विकास के नाम पर बाँध, कारखाने व खानो की खुदाई।
- आंदोलनो द्वारा राज्यो की माँग जैसे- छत्तीसगठ व झारखंड।

**प्रश्न-25.** नीचे दिए गए गंद्याश को पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-

वर्ष 1999-2000 के राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण अध्ययन के आकँड़ो और भारतीय जनगणना 2001 के आँकड़ो से पता चलता है कि ग्रामीण और नगरीय दोनों प्राकार के इलाको में रोजगार पैदा करने (काम के नए अवसर उत्पन्न करने) की दर में एक साथ भारी गिरावट आई है। यह स्थिति युवाओं के मामलें में भी सही बैठती है। 15-30 वर्ष के

आयु वर्ग में रोजगार वृद्धि की दर 1987 से 1994 के बीच की अवधि में ग्रामीण और नगरीय दोनो इलाको के पुरूषों के लिए लगभग 2.4 प्रतिशत प्रतिवर्ष था। यह 1994 से 2004 के दौरान ग्रामीण पुरूषों के लिए घटकर 0.7 प्रतिशत और नगरीय पुरुषो के लिए घटकर 0.3 प्रतिशत के स्तर पर आ गई। इसका तात्पर्य यह हुआ कि एक युवा श्रमिक बल द्वारा प्रस्तुत श्रम लाभ भी संभावना को वास्तविकता में परिवर्तित नहीं कर सकता है। आस भारत के सम्मुख अवसरो का जो जनसांख्यिकीय द्वारा खुला है उसका लाभ उठाने के लिए रणनीतियाँ तो मौजूद है। लेकिन भारत का हाल का अनुभव यह बताता है कि बाजार की शक्तियाँ स्वय यह सुनिश्चित नही कर पाती कि ऐसी रणनीतियों को कार्यान्वित किया जाएगा। जब तक आगे का कोई रास्ता नजर नही आता संभव है कि हम उन संभावित लाभों को गँवा देंगे जो देश की बदलती हुई आयु संरचना फिलहाल हमें देने वाली है।

**प्रश्न-( अ )** जनांकिकीय लाभांश का अर्थ क्या है? 2

(ब) क्या आपके विचार में जनसांख्यिकीय लाभांश वास्तव में भारत में एक सुनहरे अवसर का द्वार खोल रहा है?

**उत्तर-** सही उत्तर।

(अ) जब कार्यशील लोगों का अनुपात काम न करने वालो की तुलना में अधिक बड़ा होता है। इसे जनसांख्यिकीय लाभांश कहा जाता है। (15 वर्ष-59 वर्ष)

(ब) सही उत्तर

## सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा
## मार्च-2018

# समाजशास्त्र (039)

**प्रश्न 1.** जनसंख्या की आयु संरचना का अर्थ क्या होता है?

**उत्तर**–जनसंख्या की आयु सरंचना से तात्पर्य है कि कुल जनसंख्या के सन्दर्भ में विभिन्न आयु वर्गों में व्यक्तियों का अनुपात।

0–14 वर्ष, 15–59 वर्ष, 60 से अधिक

**प्रश्न 2.** वे कौन से दो महत्वपूर्ण करण थे जिनसे जनजातिय आंदोलन का जन्म हुआ?

**उत्तर**–1. भूमि तथा विशेष रूप से वनों जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण आर्थिक संसाधनों पर नियंत्रण से सम्बन्धित है।

2. नृजातीय-संस्कृतिक पहचान के मामले से हुई ह।

3. जमीन पर निजी मालिकाना हम दिए जाने से भी प्रतिकुल पड़ा।

4. नर्मदा पर बनए जा रहे बाँण्रें की शृंखला हैं

5. दिक्कू जो प्रवासी व्यापारी तथा महजन थे, और जो उसे क्षेत्र में आकर बस गए थे मूल आदिवासी उनसे घृणा करते थे। (कोई अन्य उपयुक्त बिन्दु) (कोई दो)

**प्रश्न 3.** लेस-ऐ-फेयर (अहस्तक्षेप) का अर्थ क्या होता है?

**उत्तर**–1. जो किसी प्रकार की राष्ट्रीय या अन्य रोकथाम से मुक्त हो।

2. फ्रांसीसी भाषा में लेस-ऐ-फेयर का अर्थ बाजार को अकेला छोड़ दिया या हस्तक्षेत्र न किया जाए। (कोई एक बिंदू)

**प्रश्न 4.** क्षेत्रवाद को बढ़ावा देने वाले कोई दो कारक बताइऐ?

**उत्तर**–उत्तर के लिए CBSE प्रश्न पत्र (हल) सहित 2016 Q. No.3 देखें

**प्रश्न 5.** अल्पसंख्यकों को संवैधानिक सुरक्षा क्यो प्रदान की जानी चाहिए?

**उत्तर**–उत्तर के लिए CBSE प्रश्न पत्र (हल) सहित 2013 Q. No. 22 देखें

**प्रश्न 6.** औपनिवेशिक कानून किस प्रकार चाय बगानों के मालिकों और व्यवस्थापकों का समर्थन करते थे?

**उत्तर**–

**प्रश्न 7.** परिवर्तन की एक प्रक्रिया के रूप में संस्कृतीकरण की व्याख्या कीजिए।

**उत्तर**–उत्तर के लिए CBSE प्रश्न पत्र (हल) सहित 2016 Q.No. देखें।

**प्रश्न 8.** निचले स्तर के लोगों को न्याय दिलवाने में न्याय पंचायतों की क्या भूमिका है?

**उत्तर**–1. कुछ छोटे-छोटे दीवानी और आपराधिक मामलों की सुनवाई का अधिकार इनके पास होता है।

2. ये जुर्माना लगा तो सकते हैं लेकिन सजा नहीं दे सकते।

3. ये ग्रामीण न्यायलय प्राय: कुछ पक्षों के आपसी विवादों में समझौता कराने में सफल होते हैं।

4. दहेज प्रथा अथवा स्त्रियों से जुडे मामलों में प्रभावशाली है (कोई दो)

**प्रश्न 9.** बेनेडिक्ट एंडरसन द्वारा लिखे गऐ विचार 'कल्पना' समुदाय' के बारे में आप क्या जानते हैं?

**उत्तर**–काल्पनिक समुदाय में–

1. देश के विभिनन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को एक जैसे समाचार पढ़ने या सुनने को मिलने लगे।

2. देश के विभिन्न भागों मे रहने वाले लोग परस्पर जुड़े हुए महसुस करने लगे और उनमें हम की भावना विकसित होने लगी।

3. इससे राष्ट्रवाद का विकास हुआ।

4. जो लोग एक दुसरे के अस्तित्व के बारे में नहीं जानते थे वे भी एक परिवार के सदस्य जैसा महसूस करने लगे।

5. इससे अपरिचित लोगों के बीच भी मैजी भाव उत्पन्न हो गया। (कोई दो बिंदु)

**प्रश्न 10.** राष्ट्रीय दैनिक क्या होते हैं? किन्ही दो के नाम बताइए?

**उत्तर**–1. वे समाचार पत्र जो सभी क्षेत्रों मे प्रसारित होते हैं।

2. जैसे–हिन्दुस्तान टाइम्स, टाइम्स ऑफ इंडिया दैनिक जागरण, दैनिक भास्कर।

**प्रश्न 11.** समाचार पत्रों के क्षेत्र में स्व-संचालन से क्या परिवर्तन आए?

**उत्तर**–उत्तर के लिए CBSE प्रश्न पत्र 2017 Q. No. 6 देखे।

**प्रश्न 12.** सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार से आप क्या समझते हैं?

**उत्तर**–1. प्रत्येक वयस्क को मत देने का अधिकार भारतीय संविधान द्वारा दिए गए प्रमुख अधिकारों में से एक है।

2. प्रत्येक वयस्क नागरिक (18 वर्ष) को मत देने का अधिकार है।

**प्रश्न 13.** बॉम्बे कपड़ा मिल मजदूरों की माँगे क्या थी?

**उत्तर**–1. बहेतर मजदूरी

2. यूनियन बनाने का अधिकार

3. कार्य करने की स्थिति को नियमित किया जाए। (कोई दो बिंदु)

**प्रश्न 14.** सुधारवादी और क्रान्तिकारी आंदोलन के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए।

**उत्तर**–1. सुधारवादी सामाजिक आंदोलन वर्तमान सामाजिक तथा राजनितिक विन्यास को धीमे प्रगतिशील चरणों द्वारा बदलने का प्रयास करता है।

**उदाहरण**–भारत के राज्यों को भाषा के आधार पर पुर्नगठित करने तथा सूचना के अधिकार का अभियान।

2. क्रान्तिकारी आंदालेन सामाजिक सम्बंधों में आमुल परिवर्तन करना तथा राज सत्ता पर अधिकार करना।

**उदाहरण**–बोल्शेविक क्रान्ति जिससे रूस में जार को अपदस्थ किया। भारत में नकस्ली आंदोलन जो दमनकारी भुस्वामीयों तथा राज्य अधिकारों को हटाना चाहते है। ब्रिटेन में औद्योगिक क्रान्ति।

**प्रश्न 15.** जनांकिकीयबिद और समाजशास्त्रीयों के अनुसार भारत में बाल लिंग अनुपात में गिरावट आने के क्या कारण है?

**उत्तर**–1. स्वास्थय सम्बंधी मुख्य कारक जो पुरूषों की बजाए केवल स्त्रियों को ही प्रभावित करता है वह है स्त्रियो का गर्भधारण करना।

2. भारत के अनेक क्षेत्रों में लोग आज भी लड़की के जन्म लेने के पक्ष में नहीं है।

3. दहेज प्रथा

4. शैश्वास्था में बच्चियों की देखभाल की ओर उपेक्षा

5. लिंग विशेष का गर्भपात ।

6. धार्मिक या सांस्कृतिक अंधविश्वास (कोई अन्य उपयुक्त बिन्दु) कोई चार

**अथवा**

**प्रश्न 15.** भारत में प्रतिस्थापन के स्तरों के क्षेत्रीय विविधिताओं के कारण बताइए।

**उत्तर**–1. भारत के राज्यों के बीच प्रजनन दरों के मामले में अत्यधिक भिन्नताएँ पाई जाती है।

2. केरल और तमिलनाडु जैसे कुछ राज्य कुल प्रजनन दरो को क्रमशः 2:1 और 1:8 तक नीचे लाने में सफल हुए है।

3. तमिलनाडु में औसतन स्त्री 2:1 बच्चे ही पैदा करती है जो प्रतिस्थापन स्त्र के बराबर है। यानि अपने और अपने जीवन साथी की मृत्यु के करण खाली स्थान की पूर्ति कर देगी।

4. केरल की कुल प्रजनन दर वास्तव में प्रतिस्थापन से नीचे है जिसका अर्थ है कि भविष्य में जनसंख्या में गिरावट आयेगी।

5. कई अन्य राज्य–हिमालय प्रदेश पश्चिम बंगाल कर्नाटक, महाराष्ट्र में कुल प्रजनन दर काफी कम है।

6. कुछ राज्य जैसे बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में प्रजनन दर 4 या उससे अधिक है।

7. इसका कारण शिक्षा एवं जागरूकता का आभाव है। (कोई चार उपयुक्त बिंदु)

**प्रश्न 16.** जनजातीय लोगों को शेष भारतीय समाज के विकास के लिए अनुपात से अधिक कीमत चुकानी पड़ी। 'राष्ट्रीय विकास' और 'जनजातीय' में संघर्ष में के स्रोतों पर प्रकाश डालिए।

**उत्तर**–1. राष्ट्रीय विकास के नाम पर विशेषकर नेहरू युग में बड़े-बड़े बाँध बनाए गए, खानों की खुदाई शुरू की गई। क्योंकि जनजातीय इलाके देश के खनिज संमन्न तथा वनाच्छादित क्षेत्रों में स्थित थे।

2. इस तरह जानजातीयों की हानि की कीमत मुख्य-धारा के लोग लाभान्वित हुए।

3. खनिजों के दोहन, हल, विद्युत संयत्रों की छिनने की प्रक्रिया शुरू हो गई।

4. अधिकांश जनजातीय समुदाय वनों पर आश्रित थे। इसलिए वन छिन जाने से उन्हें गहरा धक्का लगा।

5. गैर जनजातीय लोंगों को भारी संख्या में अप्रवास की समस्या से जूझना पड रहा है।

6. जनजातिय लोगें को अपनी संस्कृति पर खतरा महसुस होने लगा।

7. उत्तरपूर्व और झारखंड के औद्योगिक क्षेत्रों में जनसंख्या का आदिवासी आनुपात कम हो गया है जिससे वे अल्पसंख्यक बन गए। (कोई अन्य अपयुक्त बिंदु) (कोई चार)

**प्रश्न 17.** क्या आप सहमत है कि भारत में उदारीकरण की नीति से सभी वर्गों को लाभ हुआ है? उदाहरण सहित अपने उत्तर का ओचित्य सिद्ध कीजिए।

**उत्तर**–उदानीकरण के प्रभाव मिश्रित रहे है।

**सकारात्मक**

1. उदारीकरण कार्यक्रम के तहत जो परिवर्तन हुए है उन्होंने आर्थिक संवृद्धि को बढ़ाया है।

2. भारतीय बाजारों को विदेशी कंपनियों के लिए खोला, अब बहुत सारी विदेशी वस्तुएँ यहाँ बिकती है जो पहले उपलब्ध नहीं थीं

3. विदेशी पूंजी के निवेश से आर्थिक विकास होता है। और रोजगार बढ़ते है।

4. सरकारी कंपनियों के निजीकरण से कुशलता बढ़ती है और सरकार दर दबाव कम होता है।

**नकारात्मक**

1. भारतीय परिवेश पर प्रतिकुल असर हुआ है। हमें अपनी ज्यादा चीजों को खोकर कम चीज़ो को पाएंगें।

2. भारतीय उद्योग के कुछ क्षेत्रों जैसे साफ्टवेयर या सूचना तकनीकी या खेती (मछली या फल उत्पादन) को वैश्विक बाजार से फायदा हो सकता है। लेकिन अन्य क्षेत्रों में जैसे ओटोमाबाइल्स, इलेक्ट्रोनिक्स और तेलीय अनाजों के उद्योग पर गहरा असर होगा क्योंकि ये उद्योग विदेशी उत्पादकों से प्रतिस्पर्धा नहीं कर पायेंगे।

3. भारतीय किसान अन्य देशों के किसानों से प्रतिस्पर्धा कर रहे है क्योंकि अब कृषि सम्बंधि सम्भव है।

4. अब सब्सिडी और समर्थन मूल्य को घटा दिया या हटा दिया गया है।

5. छोटे उत्पादाकों को विश्व स्तर के उत्पादाकों के सामानों के साथ प्रतिस्पर्धा करनी पड़ रही है। और जिसमें व पूरी तरह सक्षम नहीं है।

6. सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों को निजीकरण या बंद होने से कुछ क्षेत्रों पर रोजगार को नुकसान हुआ है। संगठित क्षेत्र की कीमत पर असंगठित क्षेत्र के बेरोजगार में वृद्धि हुई है।

**प्रश्न 18.** लोकतांत्रिक और अधिनायकतंत्रीय (सत्तावादी) राज्य के मध्य अंतर स्पष्ट कीजए।

**उत्तर**—1. लोकतंत्र सरकार का एक रूप है जो जनता से अपनी वैधता प्राप्त करता है। ओर चूनावों के माध्यम से अथवा जनता की राय जानने के किसी और तरीके से जनता के स्पष्ट समर्थन पर आश्रित रहता है।

2. एक सत्तावादी राज्य लोकतंत्र का विपरीत होता है।

3. सत्तावादी राज्य में लोगों की आवाज नहीं सुनी जाती है। जबकि लोकतंत्र में व्यक्ति के पास अपनी आवाज उठाने का अधिकार है।

4. लोकतांत्रिक राज्य के विपरीत सत्तावादी राज्य किसी के प्रति जवाबदेह नहीं है।

5. सत्तावादी राज्य अक्सर भाषण की स्वतंत्रता, प्रेस की स्वतंत्रता, राजनैतिक क्रियाकलाप को स्वतंत्रता, सत्ता दुरूपयोग से संरक्षण का अधिकार जैसी नागरिक स्वतंत्रताओं को अक्सर सीमित या समाप्त कर देते है।

6. जबकि लोकतंत्र में व्यक्ति को सारे अधिकार प्राप्त है। (कोई अन्य उपयुक्त बिंदु)

**अथवा**

**प्रश्न 18.** सामुदायिक पहचान क्या होती है? भारतीय नीति या राष्ट्रीय पहचान को किस प्रकार बढ़ावा देती है। 2+2

**उत्तर**–उत्तर के लिए CBSE प्रश्न पत्र 2016 Q. (1st Part)

CBSE प्रश्न पत्र 2017 Q. No. 15 ( 2nd part)

**प्रश्न 19.** ऐतिहासिक दृष्टि से तटीय नगर सम्राज्यों की अर्थव्यवस्था में क्या भूमिका निभाते थे।?

**उत्तर**–1. औपनिवेशिक नगर ब्रिटेन में स्थित आर्थिक केंद्र और औपनिवेंशिक भारत में स्थित हाशिये के बीच महत्वपूर्ण सम्पर्क सूत्र थे।

2. इन जगहों से उपभोग को आवश्यक वस्तुओं का निर्यात आसानी से किया जा सकता था।

3. ये नगर पूँजीवाद के ठोस उदाहरण थे।

4. उदाहरण के लिए औपनिवेशिक भारत में बंबई को इस प्रकार सुनियोजित ढंग से विकसित किया गया जिससे भारत से कपास को भेजा जा सके।

5. कलकत्ता से जुट निर्यात किया गया जबकि मद्रास से ब्रिटेन को कॉफी, चीनी, नील और कपास भेजे।

**प्रश्न 20.** विभिन्न समाज सुधार समान विषय पर आधारित होते हुए भी भिन्न थे। व्याख्या कीजिए।

**उत्तर**–उत्तर के लिए CBSE प्रश्न पत्र 2014 Q. 18 देखें।

**प्रश्न 21.** पंचायतों के सामजिक उत्तरदायिक क्या होते थें?

**उत्तर**–उत्तर के लिए CBSE प्रश्न पत्र 2016 Q. 19 देखें।

**प्रश्न 22.** हरित क्रांति के लाभ और हानियों की विवेचना कीजिए।

**उत्तर**–हरित क्रांति कृषि उपज आधुनिकीकरण का एक सरकारी कार्यक्रम था।

- यह उच्च उपज किस्म (HYV) या कीटनाशकों के साथ शंकर बीज उर्वरक ओर अन्य जानकारी, किसानों को प्रदान करने पर आधारित था
- अर्न्तराष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा वित्त पोषित किया गया था।
- नई तकनीक की वजह से कृषि उत्पादकता में तेजी से वृद्धि हुई।
- हरित क्रांति के अधिकांश क्षेत्रों में यह मुख्य रूप से मध्यम और बड़े किसान थे। जो नई नकनीक से लाभान्वित होने में सक्षम थे।
- जो बाजार के लिए अतिरिक्त उत्पदन करने मे सक्षमे थे। उन्हें कृषि व्यापारिकरण का लाभ मिला।
- जिन्हें पता था कैसे और जो लोग नए बीज और उर्वरक में निवेश कर सकते थे, उनके उत्पादन में वृद्धि हुई और अधिक पैसा कमा सके। (कोई भी तीन)

**नुकसान**

- अधिकांश क्षेत्रों में छोटे किसान इन आदानों को खरीद के रूप में ज्यादा खर्च करने का जोखिम नहीं उठा सकते थे। क्योंकि वो महंगे थे।
- ग्रामीण समाज में असमानताएँ बढ़ती प्रतीत हो रही थी।
- कई मामलों में यह पट्टेदारी–खेती के विस्तापन का नेतृत्व किया।

- इससे, धनी किसानों ने बेतहर किया और भूमिहीन व सामांत भूमि धारकों की हालत खराब हई।
- टिलर, ट्रैक्टर, थ्रैशर, और हारवैस्टर जैसी मशीनरी की शुरूआत, सेवा जाति समूहों के विस्थापन के कारण हुई, इसलिए ग्रामीण–शहरी प्रवास की गति में वृद्धि हुई।
- हरित क्रांति में 'विभेद' की एक प्रक्रिया थी जिसमें अमीर किसान और अमीन हो गए और गरीब किसान ज्यादा गरीब हो गऐ थे।

**प्रश्न 23.** क्या वैश्विक (भूमण्डलीय) सम्बन्ध भारत और विश्व के लिए नए हैं? विवेचना कीजिए।

- प्रसिद्ध सिल्क मार्ग, सदियों पहले महान सभ्यताओं, जो चीन फ्रांस, मिस्र ओर रोम के अस्तित्व में भारत से जुड़ा।
- भारत के लम्बे अतीत के दौरान, विभिन्न हिस्सों के लोग कभी–कभार व्यापारियों के रूप में कभी विजेता के रूप में। कभी नई भूमि की तलाश में प्रवासियों के रूप में और यहाँ बस गए।
- पूँजी के नए स्रोत कच्चे माल, ऊर्जा, बाजार और एक वैश्विक नैटवर्क उपनिवेशवाद प्रणाली की निरन्तर आवश्यकता का एक हिस्सा था।
- उदाहरण के लिए:– लोगों की सबसे बड़ी आवाजाही यूरोपीय लोगों के प्रवास जो अमेरिका ओर आस्ट्रेलिया मै नीचे बसे थे।
- गिरमिट मजदूरों को भारत से एशिया, अफ्रिका और अमेरिका के सुदूर भागों में काम करने के लिए जहाजों में दूर ले जाया गया।
- हजारों अफ्रिकियों को दूरस्थ तक तक गाड़ियों में भरकर ले जाया गया।
- कई भारतीय शिक्षा और काम के लिए विदेशों में यात्रा करते रहे हैं।
- लम्बे समय से भारत में विदेशी फर्मो का संचालन हो रहा है।
- दूरदराज के भारतीय गाँव में लोग ऐसे समय को याद करते थे। जब उनके पूर्वज कहीं ओर रहा करते थे। जहाँ से वे उस स्थान पर आए जहाँ वे इस समय रह रहे हैं।

**प्रश्न 24.** खानों में काम करने की स्थिति महदूरों के लिए किस प्रकार हानिकारक है?

**उत्तर**–1. कई ठेकेदार मजदूरों का रजिस्टर ठीक से नहीं रखते अतः दुर्घटना की अवस्था में किसी को भी लाभ देने से मुकर जाते हैं।

2. खान का कार्य समाप्त होने पर कंपनी को उस स्थान पर किए गए गढ़ढों को भरना चाहिए किन्तु व ऐसा नहीं करते।

3. भूमिगत खानों में कार्य करने वाले कामगार बाढ, आग ऊपरी सतह के हिस्से के धँसने से खतरनाक स्थितियों का सामना करते है।

4. गैसों के उत्सर्जन और आक्सीजन के बन्द होने के कारण बहुत से कामगारों को साँस से सम्बन्धित बीमारी हो जाती है। जैसे क्षय रोग, सिलिकोसिस

5. खुली खानों मे काम करने वाले तेज धूप और वर्षा में काम करते हैं।

6. खान के फटने या किसी चीज के गिरने से आनेवाली चोट का सामना करते है।

7. खान अधिनियम 1952 के अनुसार छोटी खानो में सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया जाता है। (कोई 6 बिंदु)

**प्रश्न 25.** नीचे दिए गए अनुच्छेद पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भारत में 'निर्योग्य', 'बाधित', 'अक्षम', 'अपंग', 'अंधा' और 'बहरा' जैसे विशेषणों का प्रयोग लगभग एक ही भाव को दर्शाने के लिए किया जाता है। अक्सर किसी व्यक्ति का अपमान करने के लिए इन शब्दों की बौछार कर दी जाती हैं कि ऐसी संस्कृति में जहाँ शारीरिक 'पूर्णता' का आदर किया जाता हो, 'पूर्ण शरीर' न होने का अर्थ है कि उसमें कोई असामान्यता, दोष या खराबी है 'बेचारा' जैसे विशेषणों से संबोधित करने पर तो उसकी पीड़ित परिस्थिति और भी विकट हो जाती है। ऐसी सोच का मूल कारण उस सांस्कृतिक संकल्पना में निहित है जो असमर्थ या दोषपूर्ण शरीर को दुर्भाग्य का परिमाम मानती है। नियति (भाग्य) को दोषी और निर्योग्य व्यक्ति को उसका शिकार माना जाता है। आम धारणा यह है कि विकलांगता पुराने कर्मों का फल है और उससे छुटकारा नहीं कर पाया जा सकता। इस प्रकार भारत में प्रचलित प्रमुख स्थिति मानती है जिसे उस व्यक्ति को भुगतना पड़ता है। पौराणिक कथाओं में विकलांग की जो छवि चित्रित की गई है वह अत्यंत नकारत्मक है।

'अन्यथा सक्षम' शब्द इनमें से किसी भी अवधारणा को स्वीकार नहीं करता। 'मानसिक

रूप' से चुनौतीग्रस्त (mentally chalenged) 'दृष्टिबाधित' (visually imaired) और 'शारीरिक रूप से बाधित' ( physically impaired) जैसे शब्दों का प्रयोग अब पुराने घिसे-पिटे नकारात्मक भाव व्यक्त करने वाले शब्दों जैसे, 'मंदबद्धि', 'अपंग' अथवा 'लंगड़ा-लूला आदि के स्थान पर किया जाने लगा है। विकलांग अपनी जैविक अक्षमता के कारण नहीं होते, बल्कि समाज ही उन्हें ऐसा बनाता है।

(अ) हमारे देश में अक्षम जनसंख्या कोन बनाता है?

(ब) क्या आप सोचते हैं कि अक्षम व्यक्ति अपनी जैविक अक्षमता के कारण विकलांग नहीं, होते, बल्कि समाज ही उन्हें ऐसा? व्याख्या कीजिए।

**उत्तर**–(अ)
- मानसिक रूप से बाधित
- नेत्रहीन
- शारीरिक रूप से बाधित
- मूल बाधित

(कोई अन्य विकलांगता)

(ब) (1) बेचारा सम्बोधित करना

(2) बिगड़ा हुआ शरीर भाग्य के परिणाम के रूप में देखा जाता है।

(3) आम धारण है कि विकलांगता पुराने कर्मों का फल है।

(4) नियति (भाग्य) को दोषी और निर्योग्य व्यक्ति को उसका शिकार माना जाता है।

(5) पौराणिक कथाओं में अक्षम व्यक्तियों को नकारात्मक रूप में देखा जाता है।

# सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा
## मार्च–2019–20

# समाजशास्त्र (039)

**समय 3 घंटे** **M.M. 80**

(i) प्रश्न–पत्र के चार खण्ड हैं।

(ii) प्रश्नों की कुल संख्या 38 है।

(iii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iv) प्रश्न संख्या 1–20 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

(v) प्रश्न संख्या 21–29 तक, लघुत्तरात्मक प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vi) प्रश्न संख्या 30–35 तक दीर्घ उत्तर वाले प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिये।

(vii) प्रश्न संख्या 36–38 तक अति दीर्घ उत्तर वाले प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(viii) प्रश्न संख्या 38 का उत्तर दिये गये अनुच्छेद के आधार पर देना है।

### Section 'A'

1. 1882 में ............... ने स्त्री पुरुष तुलना नामक पुस्तक लिखी।
2. जनजातीय समाजों का वर्गीकरण ............... विशेषक व ............... विशेषक के आधार पर किया गया है।
3. गांधी जी ने अस्पृश्य लोगों के लिए ............... शब्द का प्रयोग किया।
4. क्षेत्रवाद ............... तथा ............... पर आधारित है।
5. ............... वैज्ञानिक ने औद्योगिक इंजीनियरिंग या टेलरिज्म नामक व्यवस्था का आविष्कार किया।
6. किसानों की उपज का सरकार उचित मूल्य सुनिश्चित करती है जिसे ......... कहते हैं।

7. संस्कृतिकरण की अवधारणा दी गई–

(a) मैक्स वेबर (b) कार्ल मार्क्स

(c) श्री निवास (d) ए. आ. देसाई

8. हुण्डी निम्नलिखित में से क्या है–

(a) व्यापार पत्र (b) कर्ज पत्र

(c) बैंक पत्र (d) उपरोक्त सभी

9. सामाजिक व शैक्षिक रूप से पिछड़ी जातियों को कहा जाता है–

(a) अनुसूचित जनजाति (b) अनुसूचित जाति

(c) अन्य पिछड़ा वर्ग (d) दलित

10. अल्पसंख्यकों से संबंधित अनुच्छेद है–

(a) 33 एवं 34 (b) 29 एवं 30

(c) 27 एवं 28 (d) 31 एवं 32

11. खासी जनजाति को अपनी पारंपरिक परिषद होती है जिसे कहते हैं–

(a) दरबार कुर (b) पंचायत समिति

(c) जिला परिषद (d) ग्राम पंचायत

12. पंचायती राज व्यवस्था के स्तर हैं–

(a) पाँच (b) दो

(c) चार (d) तीन

**सही कथन लिखें–**

13. जब बाजार में हर वस्तु, सेवाएँ, मानव अंग, आचार व्यवहार आदि वस्तु के रूप में बेची या खरीदी जाने लगे तो उसे प्रतिष्ठा का प्रतीक कहते हैं।

14. जब युवा वर्ग (15-59 आयु वर्ग) की जनसंख्या पराश्रित वर्ग (0-14 आयु वर्ग, 60 से ऊपर वृद्ध) से कम होती है तो उसे जनसांख्यिकीय लाभांश कहते हैं।

15. आधुनिक नगर जैसे बंबई, कलकत्ता, मद्रास जो उपनिवेशवादी शासन में प्रचालित हुए कमजोर होते गये।

16. पश्चिमी देशों की संस्कृति को अपनाना आधुनिकीकरण कहलाता है।

17. पंचायती राज व्यवस्था में खण्ड स्तर पर ग्राम पंचायत काम करती है।

18. एक देश की अर्थव्यवस्था को पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था से जोड़ना उदारीकरण कहलाता है।

19. ब्रह्म समाज की स्थापना ज्योतिबा फुले ने की थी।

20. समाज का उच्चता और निम्नता के आधार पर कई समूहों में बँटा होना समाजीकरण कहलाता है।

**उत्तर–** 1. ताराबाई शिन्दे 2. स्थाई, अर्जित

3. हरिजन 4. भाषावाद, जातिवाद

5. फैडरिक विनस्लो टेलर 6. समर्थन मूल्य

7. श्री निवास 8. कर्ज पत्र

9. अन्य पिछड़ा वर्ग 10. 29 एवं 30

11. दरबार कुर 12. तीन

13. पण्मीकरण या वस्तुकरण 14. अधिक

15. शक्तिशाली 16. पश्चिमीकरण

17. पंचायत समिति 18. भूमण्डलीकरण

19. राजाराम मोहन राय 20. सामाजिक स्तरीकरण

## Section 'B'

**20. जनसांख्यिकीय लाभांश से क्या तात्पर्य है?**

**उत्तर–** जब युवा पीढ़ी की जनसंख्या अर्थात् 15 से 59 वर्ष के लोगों की जनसंख्या पराश्रित जनसंख्या से अधिक हो तो उसे जनसांख्यिकीय लाभांश कहते हैं।

**22. अदृश्य हाथ का क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर–** समाज के हित में काम करने वाली अदृश्य शक्ति को अदृश्य हाथ कहते हैं। यह शक्ति दिखाई नहीं देती परन्तु इसका लाभ सभी को होता है। चाहे वह बाजारी प्रक्रिया से जुड़ा हो या नहीं।

**23. प्रबल जाति से आप क्या समझते हैं? किन्हीं दो प्रबल जातियों के नाम बताओ?**

**उत्तर–** ग्रामीण इलाके में वह जाति जो बड़े भू-भाग की स्वामी होती है तथा उस जाति के सदस्यों की संख्या भी अधिक होती है तथा वह जाति राजनीतिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से प्रबल होती है उसे प्रबल जाति कहते हैं? प्रबल जाति–हरियाणा में जाट बिहार में यादव, कर्नाटक में लिगायंत।

**अथवा**

**पूर्वाग्रह क्या है? उदाहरण दो।**

पर्याप्त प्रमाणों के बिना सुनी सुनाई बात पर किसी व्यक्ति के बारे में कोई धारणा बना लेना या निर्णय लेना पूर्वाग्रह कहलाता है।

**उदाहरण** जैसे मारवाड़ी कंजूस होते हैं।

राजपूत बहादुर होते हैं।

**24. असक्षमता से आप क्या समझते हैं?**

**उत्तर–** समाज में कुछ लोग ऐसे होते हैं जो किसी बिमारी, विकलांगता अथवा बेसहारा होने के कारण स्थायी या अस्थाई रूप से कार्य करने में असक्षम होते हैं उनकी इस प्रकार की स्थिति को असक्षमता कहते हैं।

**25. विनिवेश किसे कहते हैं?**

**उत्तर–** वह प्रक्रिया जिसमें सरकार सार्वजनिक कंपनियों के शेयर्स को निजी क्षेत्र की कंपनियों को बेचने का प्रयास करती है उसे विनिवेश कहते हैं।

**अथवा**

**इंफोटेनमेंट शब्द का क्या अर्थ है?**

सूचना तथा मनोरंजन में तालमेल रखना। जिससे विशेषकर समाचार पत्र टैलीविजन तथा रेडियो आदि से दर्शक जुड़े रहे।

**26. बॉम्बे कपड़ा मिल मजदूरों की माँगे क्या थीं?**

**उत्तर–** 1. बेहतर मजदूरी, 2. यूनियन बनाने का अधिकार, 3. कार्य करने की स्थिति को नियमित किया जाये।

**27. पंचायतों के आय के मुख्य स्त्रोत क्या हैं?**

**उत्तर–** 1. संपत्ति व्यवसाय पशु वाहन आदि पर कर लगाना।

2. चुंगी कर तथा भूराजस्व वसूल करना।

3. जिला पंचायत द्वारा अनुदान प्राप्त होता है।

**28. भारतीय संदर्भ में सांप्रदायिकता का आशय स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर–** सांप्रदायिकता एक ऐसी भावना है जो व्यक्ति के मन में अपनी जाति, ध र्म या सम्प्रदाय के प्रति निष्ठा की भावना पैदा करती है जिससे व्यक्ति अपनी जाति या धर्म को दूसरों से श्रेष्ठ समझता है और अपने धर्म के प्रति कट्टर हो जाता है। अपनी जाति या धर्म के खिलाफ कुछ भी सुनना पसंद नहीं करता।

**अथवा**

**जनजातीय पहचान से आप क्या समझते हैं?**

जनजातीय पहचान का अर्थ है जनजातियों की सामाजिक तथा सांस्कृतिक धरोहर को संभाल कर रखना ताकि बाहरी संस्कृतियों के संपर्क में आने से उनकी संस्कृति का अस्तित्व खत्म न हो जाये। आजकल जनजातियां अपने आपको उपेक्षित महसूस कर रही हैं जिसके कारण ही जनजातीय पहचान का मुद्दा सामने आया है। जन जातीय समाज में ईसाई मिशनरियों के प्रभाव तथा शिक्षा के प्रसार के कारण लोग अपना धर्म बदल रहे हैं अपनी संस्कृति भूल रहे हैं। अपनी भूल संस्कृति को नष्ट ना होने देना जनजातीय पहचान के लक्षण हैं।

**29. राष्ट्रीय टेलीविजन कंपनियों ने किस प्रकार अपने आपको भारतीय दर्शकों के अनुरूप ढाल लिया है?**

**उत्तर–** स्टार टी.वी., सोनी, एम टी वी आदि पारराष्ट्रीय टेलीविजन कंपनियों ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप लोकप्रिय कार्यक्रमों को पेश कर भारतीय दर्शकों को आकर्षित किया है।

## Section 'C'

**30. हित समूह प्रकार्यशील लोकतंत्र के अभिन्न अंग हैं चर्चा कीजिए।**

**उत्तर– हित समूह**–सरकार की नीतियों को प्रभावित करते हैं अपने हितों को बढ़ावा देते हैं ये समूह प्रशासनिक कार्यों को प्रभावित करने का प्रयत्न करते हैं और सरकार का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हैं। भारत में अलग-अलग प्रकार के हित समूह पाये जाते हैं।

1. व्यावसायिक हित समूह
2. धार्मिक एवं सांप्रदायिक संगठन
3. जाति, क्षेत्र एवं भाषा के आधार पर समूह
4. श्रमिक संघ

**31. हरिक क्रान्ति के परिणाम क्या हुये व्याख्या करो?**

**उत्तर–** 1. मध्यम तथा बड़े किसानों को लाभ

2. ग्रामीण समाज में असमानता बढ़ी

3. क्षेत्रीय विषमता को बढ़ावा

4. गाँव में सेवक जाति समूहों के पलायन में वृद्धि

(व्याख्या सहित)

**अथवा**

**स्वतन्त्रता के पश्चात भारतीय कृषि भूमि सुधारों के प्रभावों को स्पष्ट कीजिए।**

1. जमींदारी व्यवस्था का समापन
2. भूमि हदबंदी अधिनियम
3. भूमि चकबंदी
4. भूमि स्वामित्व का रिकॉर्ड
5. पट्टेदारी का उन्मूलन

(कोई चार व्याख्या सहित)

**32. राज्य अक्सर सांस्कृतिक विविधता के बारे में शंकालु क्यों होते हैं?**

**उत्तर–** सांस्कृतिक विविधता का अर्थ है देश में अलग-अलग धर्मों समुदायों, जाति, प्रजातियों, संस्कृतियों, परंपराओं रीति-रिवाजों का मौजूद होना। परन्तु सांस्कृतिक विविधता के कारण देश में बहुत सी समस्याएँ भी उत्पन्न होती है जैसे कि जातिवाद, भाषावाद, जातीय दंगे आदि इससे देश का माहौल काफी खराब हो जाता है। इस कारण ही राज्य अक्सर सांस्कृतिक विविधता के बारे में शंकालु होते हैं।

**33. उदारीकरण ने रोजगारों के प्रतिमानों को किस प्रकार प्रभावित किया है?**

**उत्तर–**1. उदारीकरण के कारण बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ आर्थिक दुनिया में अपना दबदबा बना रही हैं इन कंपनियों के द्वारा उच्च तकनीक का प्रयोग किया जाता है।

2. अधिकांश कंपनियों ने स्थाई कर्मचारियों की संख्या कम कर दी है।

3. बड़े उद्योगों में सुरक्षित रोजगार की सम्भावनाएँ कम होती जा रही हैं।

4. आज रोजगार की परंपरावादी प्रवृति के प्रतिमान बदल गए हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनिया छोटी कंपनियों यहाँ तक लोगों से घरों से भी काम कराने लगी हैं।

**(व्याख्या सहित)**

**अथवा**

**संगठित और असंगठित क्षेत्र में अंतर बताइये।**

**संगठित क्षेत्र**—इसमें काम करने वाले लोग सरकारी तौर पर पंजीकृत होते हैं उनको उपयुक्त वेतन, बोनस, पेंशन, मेडीकल सुविधाएँ उपलब्ध होती है। जैसे सरकारी विभाग, बैंक आदि।

**असंगठित क्षेत्र**—असंगठित क्षेत्र में रोजगार अस्थायी होता है। उन्हें मेडीकल सुविधाएँ पेंशन, समुचित वेतन, बोनस नहीं मिलता। भारत में 90 प्रतिशत लोग असंगठित क्षेत्र में कार्य करते हैं।

**34. भारत में परिवार नियोजन कार्यक्रम इतना सफल क्यों नहीं हो पाया? कारण बताओ।**

**उत्तर**— 1. धार्मिक अंधविश्वास

2. शिक्षा की कमी

3. संतान निरोधकों की कमी

4. सरकार का परिवार नियोजन कार्यक्रम पर पैसा खर्च ना करना

**(व्याख्या सहित)**

**35. सतीश सबरवाल द्वारा उल्लेखित औपनिवेशिक भारत में परिवर्तन के तीन पक्षों की विस्तार से व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर**— औपनिवेशिक भारत में परिवर्तन के तीन पक्ष (सतीश सबरवाल द्वारा)

1. संचार माध्यम, 2. संगठनों का स्वरूप, 3. विचारों की प्रकृति

**(विस्तार पूर्वक व्याख्या)**

**36. वे कौन से मुद्दे थे जिनके विरूद्ध झारखंड में आंदोलनकारी नेताओं ने प्रदर्शन किये थे?**

**उत्तर**— आन्दोलन के मुख्य बिन्दु व मुद्दे

1. भूमि का अधिग्रहण, 2. ऋणों की वसूली, 3. वनों का राष्ट्रीयकरण,

4. पुर्नवास ना किया जाना

**( विस्तार पूर्वक व्याख्या )**

**37. संस्कृतिकरण को परिभाषित करो। संस्कृतिकरण की आलोचना विभिन्न स्तरों पर किस प्रकार की गई है?**

**उत्तर– संस्कृतिकरण**–वह प्रक्रिया जिसमें निम्न जाति या जनजाति, उच्च जातियों की जीवन पद्धति, आदर्श, विचारों को अपना कर अपनी सामाजिक प्रस्थिति को ऊंचा करने का प्रयत्न करते हैं।

**संस्कृतिकरण की आलोचना**–

1. सामाजिक गतिशीलता निम्न जाति के स्तरीकरण में ऊर्ध्वगामी परिवर्तन करती है।
2. इस प्रक्रिया में संरचनात्मक परिवर्तन न होकर केवल कुछ ही व्यक्तियों की स्थिति में परिवर्तन होता है।
3. उच्च जाति की जीवन शैली उच्च तथा निम्न जाति की जीवन शैली निम्न होने की भावना पाई जाती है।
4. यह अवधारणा असमानता तथा अपवर्जन पर आधारित है।
5. दलित संस्कृति एवं दलित समाज के मूलभूत पक्षों को भी पिछड़ापन मान लिया जाता हो।
6. लड़कियों और महिलाओं को असमानता की सीढ़ी में सबसे नीचे धकेल दिया जाता है।

**( व्याख्या सहित )**

**अथवा**

**भूमण्डलीकरण के विभिन्न आयामों की व्याख्या करें।**

**उत्तर–** भूमण्डलीकरण के विभिन्न आयाम

1. उदारीकरण, 2. पारराष्ट्रीय निगम, 3. वित्त का भूमण्डलीकरण,

4. इलैक्ट्रॉनिक व्यवस्था, 5. भार रहित या ज्ञानात्मक अर्थव्यवस्था

**38. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए और निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**उत्तर–** औपनिवेशिक दौर में एक विशिष्ट भारतीय चेतना ने जन्म लिया। औपनिवेशिक शासन में पहली बार भारत को एकीकृत किया एवं पूंजीवादी आर्थिक परिवर्तन एवं आधुनिकीकरण की ताकतवर प्रक्रियाओं से भारत का परिचय कराया। एक तरह से जो

परिवर्तन लाये गये उन्हें पलटा नहीं जा सकता था। समाज वैसा कभी नहीं हो सकता जैसा पहले था। औपनिवेशिक शासन के अंतर्गत भारत को आर्थिक राजनीतिक एवं प्रशासनिक एकीकरण की उपलब्धि भारी कीमत चुका कर प्राप्त हुई। औपनिवेशिक शोषण एवं प्रभुत्व द्वारा दिये गये अनेक प्रकार के घावों के निशान भारतीय समाज पर आज भी मौजूद है। परन्तु उस युग का एक विरोधाभासी सच यह भी है कि उपनिवेशवाद ने ही अपने शत्रु राष्ट्रवाद को जन्म दिया।

1. उपनिवेशवाद को परिभाषित करें।

2. भारत की आर्थिक, राजनीतिक एवं प्रशासनिक एकीकरण की उपलब्धि भारी कीमत चुकाकर प्राप्त हुई है। कैसे?

## सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा
## मार्च–2019–20

# समाजशास्त्र (039)

**समय 3 घंटे** **M.M. 80**

(i) प्रश्न–पत्र के चार खण्ड हैं।

(ii) प्रश्नों की कुल संख्या 38 है।

(iii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iv) प्रश्न संख्या 1–20 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

(v) प्रश्न संख्या 21–29 तक, लघुत्तरात्मक प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vi) प्रश्न संख्या 30–35 तक दीर्घ उत्तर वाले प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिये।

(vii) प्रश्न संख्या 36–38 तक अति दीर्घ उत्तर वाले प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(viii) प्रश्न संख्या 38 का उत्तर दिये गये अनुच्छेद के आधार पर देना है।

### Section 'A'

1. माल्थस के जनसंख्या नियंत्रण के दो प्रकारों के अवरोध का उल्लेख किया गया है .............. अवरोध और .............. अवरोध।

2. एक समूह के सदस्यों द्वारा समूह के बारे में पूर्व कल्पित विचार या विश्वास को .............. कहते हैं।

3. एक केन्द्रीकृत स्थान पर विशाल पैमाने पर किया गया वस्तुओं का उत्पादन . ............. कहलाता है।

4. सरकार सार्वजनिक कंपनियों के अपने शेयर्ज को निजी क्षेत्र की कंपनियों को बेचने का प्रयास करती है जिसे .............. कहते हैं।

5. एक स्थानीय संस्कृति का विश्व की संस्कृति से मिश्रण .............. कहलाता है।

6. अस्पृश्यता के आयाम हैं–

(a) अपवर्जन या बहिष्कार (b) अनादर

(c) शोषण (d) उपरोक्त तीनों

7. आधुनिक भारत का पिता किसे कहते हैं–

(a) रानाडे (b) सर सैय्यद अहमद खाँ

(c) ज्योतिबा फुले (d) राजा राम मोहन राय

8. बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ किसी कार्य को सस्ती दर पर विकासशील देशों की छोटी कंपनियों से करवाती हैं उसे कहते हैं–

(a) पारराष्ट्रीय निगम (b) निगम संस्कृति

(c) आउटसोर्सिंग सर्विस (d) उपरोक्त सभी

9. सन् 2000 में बिहार से अलग होकर राज्य बना।

(a) उत्तराखण्ड (b) झारखंड

(c) उत्तरांचल (d) छत्तीसगढ़

10. किसान आंदोलन के उदाहरण है।

(a) तेलंगाना (b) तेभागा

(c) बारदौली (d) उपरोक्त सभी

11. एटक (AITUC) किससे संबंधित है–

(a) किसान (b) श्रमिक

(c) पूंजीपति (d) जमींदार

12. **कृषिक संरचना**

मध्यम तथा बड़े जमीनो के मालिक → काश्तकार या पट्टेदार → कृषि मजदूर

**सही कथन लिखें–**

13. एंडरसन को मीडिया को लोकतंत्र के पहरेदार की भूमिका दी।

14. संगठित क्षेत्र के अंतर्गत रोजगार स्थायी नहीं होता और न ही पेंशन मिलती है।

15. संस्कृतिकरण वह प्रक्रिया है जिसमें उच्च जाति निम्न जाति की जीवन पद्धति, विचारों रहन-सहन खान-पान आदि का अनुसरण करती है।

16. औसतन 10-12 घंटे का कार्यदिवस और रात भर कार्य करने को समय की चाकरी कहते हैं।

17. वे कंपनियां एक से अधिक देशों में अपने माल का उत्पादन करती हैं और बेचती हैं। उसे वित्त का भूमण्डलीकरण कहते हैं।

18. 1921 में एटक (AITUC) की स्थापना जमींदारों के लिए की गई।

19. डार्विन ने वैज्ञानिक प्रबंधन या टेलरिज्म नामक व्यवस्था का आविष्कार किया।

20. जो मजदूर छुट्टी पर गए हुए मजदूरों के स्थान पर काम करते हैं उसे गिरमिटिया मजदूर कहते हैं।

**Section 'B'**

21. सामाजिक अपवर्जन या बहिष्कार क्या है?

22. गिरता हुआ पराश्रित अनुपात आर्थिक वृद्धि व समृद्धि का कारक माना जा रहा है क्यों?

23. खासी जनजाति की मातृवंशीय व्यवस्था में पुरुषों को दोहरी भूमिका क्यों निभानी पड़ती है?

24. पण्यीकरण या वस्तुकरण से आप क्या समझते है?

25. समर्थन मूल्य और सब्सिडी में अंतर लिखिए।

26. निगम संस्कृति या कारपोरेट संस्कृति से आप क्या समझते हैं?

27. अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए दो संविधानात्मक प्रावधान बताइये?

**अथवा**

धर्मनिरपेक्षीकरण किसे कहते हैं?

28. गतिशील संसाधन से आप क्या समझते हैं?

29. फोर्डिज्म एवं उत्तर फोर्डिज्म में अंतर बताओ।

**अथवा**

प्रबंधक के मुख्य कार्य क्या होते हैं?

## Section 'C'

30. जाति व्यवस्था में पृथक्करण और अधिक्रम की क्या भूमिका है?

31. भूमण्डलीकरण के अंतर्गत क्या-क्या प्रक्रियाएँ सम्मिलित हैं?

32. समाचार पत्र उद्योग में जो परिवर्तन हो रहे हैं, उनकी रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए?

अथवा

भूमिगत खानों में कार्य करने वाले कामगारों को किन मुसीबतों का सामना करना पड़ता है?

33. अन्य पिछड़े वर्ग क्या है? यह दलितों से कैसे भिन्न हैं? व्याख्या करें।

अथवा

क्षेत्रवाद क्या होता है? क्षेत्रवाद को कैसे दूर किया जा सकता है?

34. ग्रामीण की आवाज को सामने लाने में 73वां संविधान संशोधन महत्वपूर्ण है चर्चा करें।

35. मजदूरों का संचार (सरकुलेशन) क्या है। विस्तारपूर्वक व्याख्या करें।

36. उदारीकरण के कार्यक्रमों के तहत प्रतिकूल और अनुकूल असर की व्याख्या करो?

37. औद्योगिक क्षरण से आप क्या समझते हैं? औद्योगीकरण और नगरीकरण का परस्पर संबंध कैसे है व्याख्या करें।

अथवा

सामाजिक आंदोलन क्या होते हैं? सामाजिक आंदोलन भारतीय समाज में कौन-कौन से परिवर्तन लायें? उनका वर्णन करों विस्तारपूर्वक?

38. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

जाति व्यवस्था को सिद्धान्तों के दो समुच्चयों के मिश्रण के रूप में समझा जा सकता है एक भिन्नता और अलगाव पर आधारित है और दूसरा संपूर्णता और अधिक्रम पर। हर जाति से यह अपेक्षित है कि वह दूसरी जहाति से कठोरता से पृथक होती है। अतः जाति के अधिकांश धर्मग्रंथ सम्मत नियमों की रूपरेखा जातियों को मिश्रित होने से बचाने के अनुसार बनाई गई हैं। इन नियमों में शादी, खान-पान एवं सामाजिक अंत:क्रिया से लेकर व्यवसाय तक के नियम शामिल हैं। वही दूसरी ओर इन विभिन्न एवं पृथक जातियों का कोई

व्यक्तिगत अस्तित्व नहीं है, वे एक बड़ी संपूर्णता से संबंधित होकर ही अपना अस्तित्व बनाये रख सकती है। समाज की संपूर्णता में सभी जातियां शामिल होती हैं। प्रत्येक जाति का समाज में एक विशिष्ट स्थान होने के साथ-साथ एक क्रम श्रेणी भी होती है। एक सीढ़ी नुमा व्यवस्था जो ऊपर से नीचे जाती है, में प्रत्येक जाति का एक विशिष्ट स्थान होता है।

1. समाज की संपूर्णता में सभी जातियाँ शामिल हैं स्पष्ट करें।

2. जाति व्यवस्था के सिद्धांतों की चर्चा कीजिए।

## अभ्यास ( अनच्छेद )

### 1. निचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िये और प्रश्नों के उत्तर दीजिए:–

द्विंद स्वराज्य में गाँधी जी और मशीन 1924 में मशीनों के प्रति पागलपन का विरोधी हूँ जो मजदूरों को कम करने की मशीने है आदमी श्रम से मजदूरों को कम करते जाएंगे जबकि हजारों मजदूरों को बिना काम के सड़कों पर भूख से मरने के लिए फेंक न दिया जाए। मैं समय और मजदूर दोनों को बचाना चाहता हूँ मानव जाति के विखंडन के लिए नहीं बल्कि सबके लिए। मैं संपत्ति को कुछ हाथों में एकत्रित नहीं होने देना चाहता हूँ। 1934–एक राष्ट्र के रूप में जब हम चर्खे को अपनाते है। तो हम केवल बेरोजगारी की समस्या का समाधान करते हैं। बल्कि यह भी घोषित करते हैं। कि हमारी किसी भी राष्ट्र का शोषण करने की इच्छा नहीं है, और हम अमीरों द्वारा गरीबों के शोषण को भी समाप्त करना चाहते हैं।

**प्रश्न 1.** उदाहरण द्वारा बताइए कि मशीने किस तरह कामगारों के लिए समस्या पैदा करती है?

**प्रश्न 2.** गाँधी जी के दिमाग में क्या विकल्प था? खर्खे को अपनाने से शोषण को कैसे रोका जा सकता है?

### 2. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

यह एक रोचक तथ्य है कि संस्कृत भाषा का सबसे महान व्याकरणाचार्य, पाणिनी, जिसने ईसा पूर्व चौथी शताब्दी के आसपास संस्कृत व्याकरण और स्वर विज्ञान को सुव्यवस्थित एवं रूपांतरित किया था, वे अफगान मूल के थे। सातवीं शताब्दी के चीनी विद्वान थी जिंग ने चीन से भारत आते हुए मार्ग ने जावा (श्रीविजय शहर में) रूककर संस्कृत थी। अत: क्रियाओं का प्रभाव थाईलैंड से मलाया, इंडो–चाइना, इंडोनोशिया, फिलिपिंस, कोरिया और जापान... तक समस्त एशिया महाद्वीप की भाषाओं और शब्दावलियों में दृष्टिगोचर होता है। हमें 'कूमंमटूक' (कुएँ में रहने वाले मेंढ़क) से संबंधित एक नीतिकथा में एकाकीकरणवाद (आइसोलेशिनिज्म) के विरूद्ध एक चेतावनी मिलती है। यह नीतिकथासंस्कृत के अनेक प्राचीन ग्रंथों में बार–बार दोहराई गई है। 'कूपंमडूक' एक मेंटक है जो जीवनभर एक कुएँ में रहता है; वह और कुछ नहीं जानता है। और बाहर की हर चीज पर शक करता है। वह किसी से बात नहीं करता और किसी के साथ किसी भी विषय पर तर्क–वितर्क नहीं करता। वह तो बस बाहरी दुनिया के बारे में अपने दिल में गहरा संदेह पाले रखता है। विश्व का वैज्ञानिक, सांस्कृतिक और आर्थिक इतिहास में बहुत ही सीमित होता है। यदि हम भी कूपंमडूक की तरह जीवन बिताते।

**प्रश्न 1.** क्या भूमंडलीकरण के अत: संबंध विश्व और भारत के लिए नए है? उदाहरण देते हुए उत्तर की पुष्टि कीजिए।

**प्रश्न 2.** "भूमंडलीकरण ने आधुनिक जीवन को प्रभावित किया है" क्या आप इस कथन से सहमत है?

**3. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए और प्रश्नों के दीजिए–**

दलित जाति की कलावती चुनाव लड़ने के संबंध मे चिंतित थी। आज वह एक पंचायत के सदस्य है और यह अनुभव कर रही है कि जब से वह पंचायत सदस्य बनी है तब से उसका विश्वास और आत्मसम्मान बढ़ गया है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि अब उसका अपना एक नाम हैं पंचायत की सदस्य बनने से पहले 'रामू की माँ' या 'हीरालाल की पत्नी' के नाम से जानी जाती थी। यदि वह ग्राम–प्रधान पद का चुनाव हार गई तो उसे अनुभव होगा कि उसकी सखियों की नाक कट गट गई।

**प्रश्न 1.** पंचायतों को जमीनी स्तर लोकतंत्र में परिवर्तन लाने वाली ईकाई के रूप में माना जाता है?

**प्रश्न 2.** प्रचायतों की शक्तियाँ और उत्तरदायित्व का उल्लेख कीजिए।

**4. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

अल्पसंख्यकों को संरक्षण देने के विषय में डॉ. अम्बेडकर के विचार: उन कट्टरपंथियों को, जिनके मन में अल्पसंख्यकों के संरक्षण के विरूद्ध एक तरह का दुराग्रह घर कर गया है, मैं दो बाते करना चाहता हूँ। यह कि अल्पसंख्यक वर्ण एक ऐसी विस्फोटक शक्ति है जो यदि भड़क उठे तो राज्य की संपूण्र रचना को तार–तार कर देगी। यूरोप का इतिहास इस तथ्य का ठोस एवं भयावह साक्ष्य प्रस्तुत करता है। दूसरी बात यह है कि भारत के अल्पसंख्यक अपने अस्तित्व को बहुसंख्यकों के हाथों में सौंपने के लिए सहमत हुए है। आयरलैंड के विभाजन को रोकने के लिए चली बातचीत के इतिहास में, रेडमंड ने कारसन से कहा, "आप प्रोटेस्टैड अल्पसंख्यक के लिए चाहे जो सुरक्षा माँग ले, हमें आयरलैंड को संयुक्त, अविभाजित रखना है।" कारन का उत्तर था "लानत है तुम्हारी सुरक्षा पर, हम तुम्हारे द्वारा शासित होना ही नहीं चाहते।" भारत में अल्पसंख्यको के किसी भी वर्ग ने यह रूख नहीं अपनाया।

**प्रश्न 1.** 'अल्पसंख्यक' (वर्ग) क्या होते हैं?

**प्रश्न 2.** अल्पसंख्यको को भारत में संरक्षण की क्यों जरूरत होती है?

**5. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िये और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिएः–**

जनसंख्या की वृद्धि की दर भरण–पोषण के संसाधनों के जनसंख्या में होने वाली वृद्धि की दर से सदा आगे रहती है, इसलिए समृद्धि को बढ़ाने का एक ही तरीका है। कि जनसंख्या की वृद्धि को नियंत्रित किया जाए। दुर्भाग्वश, मनुष्यों में अपनी जनसंख्या को स्वेच्छापूर्वक घटाने की एक सीमित क्षमता ही होती है। (कृत्रिम विरोधों द्वारा जैसे कि बड़ी उम्र में विवाह करने या यौन संयम रखकर अथवा ब्रह्मचार्य का पालन करते हुए सीमित संख्या में बच्चे पैदा किए जाएँ। माल्यस का विश्वास था कि अकालों और बिमारियों के रूप में जनसंख्या वृद्धि को रोकने के प्राकृतिक निरोध अनिवार्य होते हैं। क्योंकि वे ही खद्य आपूर्ति ओर बढ़ती हुई जरसंख्या के बीच असंतुलन को रोकने के प्राकृतिक उपाय है। उदारवादी और मार्क्सवादी विद्वानों ने माल्थस के इस विचार की आलोचना की, कि गरीबी का कारण जनसंख्या वृद्धि है। आलोचकों का कहना था कि बजाय आर्थिक संसाधनों के असमान वितरण के कारण होती है।

**प्रश्न 1.** जनसंख्या की वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए माल्थस ने कौन से कृत्रिम और प्राकृतिक निरोध बताए है?

**प्रश्न 2.** उदारवादी और मार्क्सवादी विद्वानों ने माल्थस की आलोचना की। व्याख्या कीजिए।

**6. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढिए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए?**

**जनजाति क्षेत्रों में पंचायती राज**

बहुत से आदिवासी क्षेत्रों की प्रारंभिक स्तर के लोकतांत्रिक कार्यों की आपनी समृद्ध परंपरा रही है। हम मेघालय से संबधित एक उदादाहरण दे रहे हैं। गारो, खासी और जयंतिया, तीनों ही आदिवासी जातियों की सैकड़ों साल पुरानी राजनीतिक संस्थाएँ इतनी सुविकसित थीं कि ग्राम, वंश और राज्य के स्तर पर वे बड़ी कुशलता से कार्य करती थीं। उदाहरणार्थ, खासियों की पारंमरिक राजनीतिक प्रणाली में प्रत्येक वंश की अपनी परिषद होती थी जिसे 'दरबार कुर'कहा जाता था। और जो उस वंश के मुखिया के निर्देशन में कार्य करता था। यद्यपि मेघालय में जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक राजनीतिक संस्थाओं की परंपरा रही है, लेकिन

अदिवासी क्षेत्रों का एक बड़ा संविधान के 73वें संशोधन के प्रावधान से बाहर है। शायद यंह इसलिए क्योंकि उस समय की नीतियाँ बनाने  वाले पारंपरिक राजनीतिक संस्थाओं में हस्तक्षेप नहीं करना चाहते थे।

**प्रश्न 1.** खासी राजनीतिक संस्था का नाम बताइए?

**प्रश्न 2.** आदिवासी क्षेत्रों की राजनीतिक संस्थाओं को समझाएँ?

**7. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

आयु संरचना में अपेक्षाकृत छोटी आयु के वर्गों की ओर जो झुकाव पाया जाता है। उसे भारत के लिए लाभकारी माना जाता है। पिछले दशक में पूर्व एशियाई अर्थव्यस्थाओं की तरह और आज के आयरलैंड की तरह यह समझा जाता कि भारत को भी 'जनसंख्यिकीय लाभांश' का फायदा मिल रहा है। यह लाभांश इस तथ्य के कारण मिल रहा है। कि कार्यशील लोगों की वर्तमाना पीढ़ी अपेक्षाकृत बड़ी है। एवं उसे वृद्ध लोगों की अपेक्षाकृत छोटी पीढ़ी का भरणपोषण करना पड़ा रहा है। लेकिन यह लाभ अपने आप मिलने वाला नहीं है बल्कि इसके लिए उपयुक्त नीतियों का सोच-समझकर पालन करना होगा जैसाकि बॉक्स 2.3 में वर्णन किया गया है।

**प्रश्न 1.** आयु संरचना से क्या तात्पर्य है?

**प्रश्न 2.** जनसांख्यिकीय लाभांश को समझाए?

**8. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

विश्व में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र और आधारभूत ढाँचे में हुई महत्वपूर्ण उन्नति के फलस्वरूप भूमंडलीय संचार व्यवस्था में भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए है। अब कुछ घरों से कार्यालयों में बाहरी दूनिया के साथ संबध बनाए रखने के अनेक साधन मौजूद हैं। जैसे–टेलीफोन (लैंडलाइन और) मोबाइल दोनों किस्मों के) फैक्स मशीनें, डिजिटल और केबल टेलीविजन, इलेक्ट्रोनिक मेल और इंटरनेट आदि।

**प्रश्न 1.** डिजिटल विभाजन से आप क्या समझते हैं?

**प्रश्न 2.** विश्व में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र और दूरसंचार के आधारभूत ढाँचे को समझाएँ?

9. **नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

औद्योगिक क्रांति के साथ ही, मुद्रण उद्योग का भी विकास हुआ। कुलीन मुद्रणालय के प्रथम उत्पाद साक्षर अभिजात लोगों तक ही सीमित थे। तत्पश्चात् 19वीं सदी के मध्य भाग में आकर जब प्रौद्योगिकियों, परविहन और साक्षरता में और आगे विकास हुआ, तभी समाचारपत्र जन-जन तक पहुँचने लगे। देश के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को एक जैसे समाचार पढ़ने या सुनने को मिलने लगे। ऐसा कहा जाता है। कि इसी के फलस्वरूप देश के विभिन्न भागों में रहने वाले लोग परस्र जुड़े हुए महसूस करने लगे और उनमें 'हम की भावना' विकसित हो गई।

**प्रश्न 1.** काल्पनिक समुदाय से क्या तात्पर्य है?

**प्रश्न 2.** काल्पनिक समुदाय के बारे में किस विद्वान ने कहा है?

10. **नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

तथाकथित 'नए किसानों' का आंदोलन पंजाब और तमिलनाडु में 1970 के दशक में प्रारंरभ हुआ। ये आंदोलन क्षेत्रीय आधाार पर संगठित थे, दल-रहित थे, और इसमें कृषक के स्थान पर किसान जुड़े थे। (किसान उन्हें कहा जाता है जो कि वस्तुओं के उत्पादन और खरीद दोनों रूपों में बाजार से जुड़े होते हैं) आंदोलन की मौलिक विचारधारा मजबुत राज्य-विरोधी थी। माँगे के केंद्र में 'मुल्य और संबंधि मुद्दे थे (उदाहरण के लिए कीमत वसूली, लाभप्रद कीमतें, कृषि निवेश की कीमतें, टैक्स और आधार की वापसी) उपद्रव के नए तरीके अपनाए गए; सड़कों एवं रेलमार्गों को बंद करना, राजनीतिज्ञों और प्रशासकों के लिए गाँव में प्रवेश की मनाही और इसी तरह के अन्य कार्य। यह तर्क दिया जाता है कि किसान आंदोलन के वातावरण एवं महिला मुद्दों सहित उनकी कार्यसुची एवं विचारधारा में विस्तार हुआ है। अत: उन्हें नए सामाजिक आंदोलन' के एक भाग के रूप में विश्वस्तर पर देखा जा सकता है।

**प्रश्न 1.** नए किसानों का आंदोलन कब और किन राज्यों में शुरू हुआ?

**प्रश्न 2.** नए किसानों का आंदोलन की माँगों के केन्द्र में मुल्य और संबंधित मुद्दे क्या थे?

# परियोजना कार्य के लिये सुझाव

## समाजशास्त्र

## कक्षा-12वीं

पाठयक्रम में संशोधन के फलस्वरूप राष्ट्रीय पाठयचर्या की रूप रेखा 2005 के अनुसार समाजशास्त्र में परियोजना 2008-09 में शुरू किया गया। यह किताबी ज्ञान की उस विरासत के विपरीत है जिसके प्रभाव वंश हमारी व्यवस्था आज तक विद्यालय और घर के बीच अंतराल बनाये हुए है। इस प्रयास में जानकारी को रटा देने की प्रवृत्ति का विरोध शामिल है। कक्षा 11वीं तथा 12वीं की पाठयूपुस्तकों में विभिन्न परियोजना संभावित समस्याओं को ध्यान में रखने का प्रयास किया गया है जो विभिन्न संदर्भो परिस्थितियों या विभिन्न प्रकार के विद्यालयों में ऐसे शोध कार्यो के दौरान उपस्थित हो सकते है। पाठ्यपुस्तक में सिर्फ सुझाव मात्र है। छात्र अपने अध्यापकों के साथ विचार विमर्श कर अन्य शोध परियोजनाएँ तैयार कर उन पर कार्य करने के लिये स्वतंत्र है।

बाह्य परीक्षक द्वारा मूल्यांकन किया जायेगा, जो व्यावहारिक परियोजना कार्य के लिये निर्धारित 20 अंक का विभाजन है।

## PRACTICAL EXAMINATION

| | | |
|---|---|---|
| | | **Periods: 40** |
| **Max. Marks :20** | | **Time allotted : 3 hours** |
| **A.** | **Project (undertaken during the academic year at school level)** | **10 Marks** |
| | 1. Statement of Purpose | |
| | 2. Methodology/Technique | |
| | 3. Conclusion | |
| **B.** | **Viva – based on the project work** | **02 Marks** |
| **C.** | **Research Design** | |
| | 1. Overall format | **01 Marks** |
| | 2. Research Question/Hypothesis | **01 Marks** |
| | 3. Choice of technique | **01 Marks** |
| | 4. Detailed procedure for implementation of technique | **02 Marks** |
| | 5. Limitations of the above technique | **02 Marks** |
| | B & C to be administered on the day of the external examination. | **02 Marks** |
| | **Total** | **20 Marks** |

**Prescribed Books:**

1. Introducing Sociology, Class XI, Published by NCERT
2. Understanding Society, Class XI, Published by NCERT
3. Indian Society, Class XII, Published by NCERT
4. Social Change and Development in India, Class XII, Published by NCERT

# परियोजना कार्य

अनुसंधान के बारे में पढ़ने और उसे वास्तव में करने में बहुत अंतर होता है। किसी प्रश्न का उत्तर देने के लिए व्यावहारिक प्रयास करना और सुव्यवस्थित रूप से साक्ष्य इकट्ठा करना एक अंत्यत उपयोगी अनुभव है।

एक वास्तविक अनुसंधान परियोजना निश्चित रूप से अधिक विस्तृत होगी और उसे संपन्न करने के लिए छात्रों को विद्यालय में उपलब्ध समय से कहीं अधिक समय देने एवं प्रयत्न करने की आवश्यकता होगी। प्रत्येक अनुसंधान प्रश्न यानि शोध विषय पर कार्य करने के लिए उपयुक्त अनुसंधान पद्ति की आवश्यकता होती है। एक प्रश्न का उत्तर अक्सर एक से अधिक पद्धतियों से दिया जा सकता है लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि एक अनुसंधान पद्धति सभी प्रश्नों के लिए उपयुक्त हो। यह चयन व्यावहारिकता को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। इसमे अनेक बाते शामिल हो सकती है जैसे- अनुसंधान के लिए उपलब्ध समय की मात्रा, लोगों एवं सामग्री दोनो के रूप में उपलब्ध संसाधन, परिस्थितियाँ इत्यादि।

एक निर्धारित प्रश्न चुन लेने के बाद अगला कदम होता हे उपयुक्त पद्धति का चयन करना। पद्धति के आधार पर एक प्रश्नावली तैयार करनी होगी। तत्पश्चात प्रश्नावलियों को इकट्ठा करके उने परिणामों का विश्लेषण करेंगे।

## मुख्य विभिन्न शोध पद्धतियाँ

1. **सर्वेक्षण प्रणाली**- इस प्रणाली के अंतर्गत सामान्यत: निर्धारित प्रश्नों को बड़ी संख्या में लोगो से पूछा जाता है। इस प्रणाली से लोगो के विचारो को जाना जा सकता है।

2. **साक्षात्कार**- साक्षात्कार हमेशा व्यक्तिगत रूप से किया जाता है और इसमे काफी कम लोगों को शामिल किया जाता है। साक्षात्कार में लचीलापन होता है। इसमे विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की जा सकती है।

3. **प्रेक्षण**- प्रेक्षण पद्धति के अंतर्गत शोधकर्त्ता को अपने शोध करने के लिए निर्धारित परिस्थिति या संद्र्भ में क्या-क्या हो रहा है इस पर बारीकी से नजर रखनी होती है और उसका अभिलेख तैयार करना होता है।

# विस्तृत विवरण एवं उदाहरण

## अनुसंधान अभिकल्प/ प्रारूप

बाह्य परीक्षक द्वारा मूल्याकंन किया जाने वाला अनुसंधाान प्रारूप Practical/ प्रयोगात्मक परीक्षा वाले दिन विद्यार्थियों द्वारा किया जाएगा। प्रत्येक विद्यार्थी को एक Topic (विषय) दिया जाएगा। विद्यार्थी को Topic (विषय) से सम्बंधित 2–3 पेज की रूपरेखा तैयार करनी होगी।

अनुसंधान प्रारूप के चरण

1. अनुसंधान प्रश्न तैयार करना (सम्बंधित अनुसंधान Topic)
2. किसी एक अनुसंधान पद्धति का चुनाव करना।
3. अनुसंधान की जगह का चुनाव, सैम्पल तथा प्रश्नावली तैयार करना।
4. सभी सम्बंधित चरणों को क्रमबद्ध सूची में लगाना।
5. निष्कर्ष निकालना

**उदाहरण**

**(क) शहरो और कस्बों में रिक्शा चालक**

1. रिक्शा चालकों के सामने आने वाली व्यवसायिक परेशानियाँ कौन–कौन सी है?
2. रिक्शा चालक अपने पड़ोस का चुनाव किस प्रकार करते हैं।
3. रिक्शा चालक कितने पढ़े–लिखे होते हैं।

**(ख) अनुसंधान पद्धति**

प्रश्नावली पर आधारित सर्वेक्षण पद्धति का इस्तेमाल किया जा सकता है। विभिन्न प्रश्नों को सामने रखकर उनके उत्तर हम जान सकते हैं। ऊपर दिये गए विषय पर मौखिक प्रश्न पूछे जाने चाहिए क्योंकि अधिकतर रिक्शा चालक पढ़े–लिखे नहीं होगें। इस प्रकार प्रत्येक पद्धति को अनुसंधान कर्त्ता ने सावधानी से इस्तेमाल करना है नहीं तो उत्तर/ निष्कर्ष गलत होंगे।

**( ग ) अनुसंधान करने वाला क्षेत्र**

रिक्शा चालक हमें विस्तृत जगहों पर मिलेंगे। इसलिए हमे आस-पास इनके पड़ोस में जाकर जानकारी हासिल करनी पड़ेगी। कुछ रिक्शा चालक स्वेच्छा से जवाब दे देंगे। प्रश्नावली के आधार पर सारी जानकारी को क्रमबद्ध तरीके से सूचीबद्ध करेंगे।

**( घ ) सम्भावित हल/ निष्कर्ष**

इस प्रकार अंत में हमें सही जानकारी मिल पाएगी कि कितने रिक्शा चालक पढ़े लिखे हैं? रिक्शा चालकों की सामाजिक दशा पता चल पाएगी।

## सम्भावित शोध Topic / विषय

1. मास मीडिया और उनकी सामाजिक जीवन में बदलती भूमिका।
2. सार्वजनिक परिवहन: लोगों के जीवन में इसकी क्या भूमिका है?
3. सामाजिक जीवन में संचार माध्यमो की क्या भूमिका है।
4. विभिन्न आयु में (जैसे कक्षा 5, 8, 11) विद्यालयी बच्चों की बदलती हुई आकांक्षाएँ।
5. झोपड़पट्टी के निवासियों की समस्याएँ।
6. बच्चों के प्रति अपराध।
7. वृद्धावस्था में घरों में रहने वाले लोगों की भावनात्मक स्थिति।
8. सरकारी स्कूलों में पढ़ाई और लड़कियों की करियर आकांक्षाएं।
9. दिल्ली विश्वविद्यालय में उच्च कटऑफ के बारे में आशंकाएं।
10. युवाओं का राजनीति की तरफ रुझान।